सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 23.6 अधि |
| धर्मशाला | 19.6 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,728 |
| निफ्टी | 23,946 |
| सोना | 1,42,000 |
| चांदी | 2,22000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 30 जून 2026 | 16 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 182, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702




# युवाओं को बस खरीद पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक सब्सिडी : सीएम सुक्खू

## कहा-एक हजार रूटों पर मिलेगा स्वरोजगार का अवसर, हर उपमंडल में होगा बस सेवा का विस्तार

अनंत ज्ञान


**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने व पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना चरण-4 शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा कि योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर 50 प्रतिशत तथा डीजल बसों की खरीद पर 30 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेशभर में चिन्हित 1,000 मार्गों पर बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बस संचालकों को पांच वर्षों तक प्रतिमाह 65 हजार रुपए तथा डीजल बस संचालकों को 50 हजार रुपए प्रतिमाह परिचालन प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। यह योजना पूरे हिमाचल प्रदेश में लागू होगी और प्रत्येक उपमंडल में कम-से-कम 10 मार्ग चिन्हित किए जाएंगे। योजना के तहत न्यूनतम 32 सीटों वाली इलेक्ट्रिक एवं डीजल यात्री बसें पात्र होंगी।

सीएम ने कहा कि योजना का संचालन श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग द्वारा परिवहन विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा। चिन्हित मार्गों पर बस सेवाएं शुरू होने से लोगों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, सरकारी कार्यालय, औद्योगिक क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों तथा दूरस्थ पंचायतों तक बेहतर और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मजबूत होने के साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना आवश्यक होगा। उसकी आयु 25 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उसके पास कम-से-कम तीन वर्ष का अनुभव और वैध हेवी ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य होगा। बस का संचालन स्वयं लाभार्थी करेगा।

सुक्खू ने कहा कि रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पात्र आवेदकों को चयन प्रक्रिया में विशेष वरीयता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी और पारदर्शी संचालन के लिए सभी बसों में जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग प्रणाली लगाई जाएगी तथा उनकी नियमित निगरानी की जाएगी। योजना के तहत संचालित बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं को किराये में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जबकि कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को विशेष पास प्रणाली के माध्यम से रियायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



### हरित परिवहन के साथ आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर मजबूत कदम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके माध्यम से बेरोजगार युवाओं को कम वित्तीय बोझ के साथ टिकाऊ परिवहन उद्यम स्थापित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों पर बढ़ाई गई सब्सिडी हरित परिवहन को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने तथा स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह योजना न केवल युवाओं के लिए स्थायी आजीविका का माध्यम बनेगी, बल्कि प्रदेश में आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगी।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आठ आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

### सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से किया इनकार



**एजेंसी, अयोध्या/लखनऊ**

राम मंदिर ट्रस्ट की 11 जुलाई को होने वाली बैठक अब 6 जुलाई को अयोध्या में होगी। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक मणि रामदास जी की छावनी की जगह कारसेवक पुरम में हो सकती है। दिन और जगह क्यों बदला गया, इस बारे में पता नहीं चल पाया है। वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद चंपत राय दिल्ली चले गए।

इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील अनूप अवस्थी की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है? छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा। इधर, पुलिस सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे जेल में बंद 8 आरोपियों के खाते खंगालने के लिए एसबीआई की अयोध्या धाम ब्रांच पहुंची। 7 आरोपियों के खाते इसी ब्रांच में हैं। पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट लिए। अब यह जांच की जाएगी कि मंदिर में नौकरी के बाद से उनके खातों में कितना पैसा आया। पुलिस ने बैंक के 2 कर्मचारियों को भी नोटिस दिया है।

इस बीच, सभी 8 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस आरोपियों की रिमांड नहीं मांगी। फिर कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। तब तक आरोपी जेल में ही रहेंगे।

हालांकि, इससे पहले ही अयोध्या के वकीलों ने बड़ी बैठक की। इसमें फैसला लिया कि चढ़ावा चोरी के आरोपियों का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेगा। साथ ही, चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा के अयोध्या छोड़ने की मांग की। नहीं छोड़ने पर आंदोलन की चेतावनी दी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### खड़गे ने राज्यसभा सदस्य की ली शपथ



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। वह कर्नाटक से लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बने हैं। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को उन्हें अपने चैंबर में शपथ दिलाई। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद प्रियंका गांधी मौजूद रहे। मल्लिकार्जुन 2022 से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र: बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में आरोपी को फांसी की सजा

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के भोर स्थित नसरपुर इलाके में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में विशेष अदालत ने सोमवार को आरोपी भीमराव कांबले (65) को फांसी की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी का अपराध गंभीर मानते हुए इसे मृत्युदंड के योग्य बताया। आरोपी ने अदालत में अपराध स्वीकार कर लिया था। यह घटना एक मई 2026 को एक गोशाला में हुई थी। सिर्फ 60 दिनों के भीतर आए इस फैसले को महाराष्ट्र में तेज न्याय प्रक्रिया का उदाहरण माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अब खराब विजिबिलिटी में भी प्लेन उतरेंगे सुरक्षित



**एजेंसी, दिल्ली।** अब खराब विजिबिलिटी में भी प्लेन सुरक्षित लैंड कर सकेंगे, क्योंकि भारत में पहली बार किसी बड़े कॉमर्शियल जेट को ग्राउंड से रेडियो सिग्नल भेजे बिना सीधे सैटेलाइट सिग्नल्स की मदद से सुरक्षित उतारने का सफल ट्रायल कर लिया गया है। विमानन नियामक डीजीसीए की देखरेख में 27 जून को इंडिगो एयरलाइंस के एयरबस अ 320 विमान ने स्वदेशी 'गगन' नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल कर यह ऐतिहासिक लैंडिंग की। हालांकि, इंडिगो ने 2022 में छोट एआईआर विमानों पर इसका परीक्षण किया था, लेकिन बड़े कॉमर्शियल जेट के साथ देश में यह पहला सफल ट्रायल है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में लगातार एक सप्ताह बरसेंगे बादल

अनंत ज्ञान



तापमान में 3-5 डिग्री तक गिरावट संभव

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम लगातार खराब बना हुआ है। राजधानी शिमला में बीती रात को भारी बारिश दर्ज की गई। सोमवार भी रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। मुरारीदेवी में 63.6, ब्राह्मणी 51.4, घाघस 50.0, शिलारू 33.6, स्लापड़ 45.1 बिजाही 45.7, सुंदरनगर 26.2, बिलासपुर 26.0, हमीरपुर 36.0 व शिमला में 13.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

उधर, अगले पांच दिनों में हिमाचल के कुछ भागों में मानसून के पहुंचने के लिए हालात अनुकूल हैं। अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद, अगले 2-3 दिनों में राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। अगले 4-5 दिनों में राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

# महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षा बलों ने नष्ट की नक्सलियों की हथियार फैक्टरी

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के बालबेड़ा जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की एक अंडरग्राउंड हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ कर उसे नष्ट कर दिया। संयुक्त अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए।

पुलिस अधीक्षक एम रमेश ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया। तलाशी के दौरान जमीन के नीचे बनी फैक्टरी से लेथ मशीन, क्लेमोर और बीजीएल पाइप, 12-बोर गन बैरल, राइफल रॉड और हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली अन्य मशीनें मिलीं। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण भारी मशीनरी को बाहर नहीं लाया जा सका, इसलिए सुरक्षा बलों ने मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर ही उपकरणों को नष्ट कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने बनाया दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल हेल्थ ईको सिस्टम : नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य ईको सिस्टम के रूप में उभर चुका है। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'आरोग्य सेतु 2.0' सहित कई डिजिटल स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अब तक 90 करोड़ से अधिक आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ आउंट) बनाए जा चुके हैं और 100 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड जोड़े गए हैं। नड्डा ने कहा कि डिजिटल तकनीक अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। नए प्लेटफॉर्म स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकुत कर आम नागरिकों को बेहतर सुविधा देंगे। उन्होंने राज्यों से इन पहलों को प्रभावी रूप से लागू करने की अपील की और कहा कि यह कदम 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका-ईरान हमले रोकने पर राजी

- कतर में आज फिर होगी बातचीत, होर्मुज से जहाजों का निकलना रहेगा जारी

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**



अमेरिका और ईरान ने फिलहाल एक-दूसरे पर सैन्य हमले रोकने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच पिछले 3 दिनों से हमले जारी थे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान में 17 जून को हुए समझौते के सभी बिंदुओं पर बातचीत जारी रहेगी। इसी सिलसिले में मंगलवार को कतर में दोनों देशों के प्रतिनिधि तकनीकी स्तर की वार्ता करेंगे।

समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही नहीं रोकी जाएगी। हाल के दिनों में इसी जलमार्ग को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। वहीं, ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में भारत का एक डेलिगेशन शामिल होगा। इस महीने की शुरुआत में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री मोदी को खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार और दफन समारोह में शामिल होने का न्योता दिया था। हालांकि, उनके शामिल होने की संभावना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2026-27
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC, Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE

T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE)
DIPLOMA (CE/EE)

T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in SANITARY HEALTH INSPECTOR ELECTRICIAN, FITTER

ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY

ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY

ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM

ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade

SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9459052533, 9816242139, 9816102238
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com

# हिमाचल में 19 लाख में खरीदी जाएंगी 5 हाईटेक ड्रग टेस्टिंग मशीनें

अनंत ज्ञान

- पांच मिनट में होगा चिट्टे समेत छह तरह के नशे का खुलासा
- मौके पर ही मिलेगी वैज्ञानिक जांच की रिपोर्ट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नशे के बढ़ते जाल को तोड़ने के लिए अब अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। राज्य में पहली बार 19 लाख रुपए की लागत से पांच एआई आधारित सोटॉक्सा मोबाइल ड्रग टेस्टिंग मशीनें खरीदी जाएंगी, जो महज पांच मिनट में यह बता देंगी कि किसी व्यक्ति ने चिट्टा या अन्य मादक पदार्थों का सेवन किया है या नहीं। बिलासपुर से शुरू होने वाली यह पहल प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को नई तकनीकी ताकत देने के साथ पुलिस की कार्रवाई को पहले से अधिक प्रभावी बनाएगी।

जानकारी के अनुसार जिला खनिज संस्थान न्यास के सहयोग से खरीदी जा रही ये अत्याधुनिक मशीनें मेथामफेटामीन चिट्टा, एम्फेटामीन, कैनबिस टीएचसी, कोकीन, बेंजोडायजेपाइन और अफीम सहित छह प्रमुख श्रेणियों के मादक पदार्थों की पहचान करने में सक्षम हैं। केवल लार के नमूने के आधार पर कुछ ही मिनटों में रिपोर्ट उपलब्ध हो जाएगी। इससे पुलिस को संदिग्धों की मौके पर ही वैज्ञानिक जांच करने में सुविधा मिलेगी और जांच प्रक्रिया अधिक पारदर्शी तथा सटीक बनेगी।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत बिलासपुर जिले से की जा रही है, जिससे यह हिमाचल का पहला जिला बन जाएगा जहां एआई आधारित ड्रग टेस्टिंग प्रणाली का उपयोग होगा। प्रारंभिक चरण में पांच मशीनों को पुलिस के विशेष अभियान, नाकों, सार्वजनिक स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। नई प्रणाली केवल नशे की पहचान तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रत्येक जांच का डिजिटल रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखेगी। क्यूआर कोड आधारित पहचान, स्वचालित गुणवत्ता नियंत्रण और तत्काल रिपोर्ट तैयार करने जैसी सुविधाओं से पुलिस को साक्ष्य जुटाने और जांच को अधिक विश्वसनीय बनाने में मदद मिलेगी।

### एआई विश्लेषण से तस्करों के नेटवर्क पर होगी सीधी चोट

**जानकारों** के अनुसार इस प्रणाली की सबसे बड़ी ताकत इसका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विश्लेषण है। जांच से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर नशे के हॉटस्पॉट, तस्करी के नए तौर-तरीकों और सक्रिय गिरोहों की पहचान करना आसान होगा। इन आंकड़ों का विश्लेषण पुलिस और प्रशासन को सटीक रणनीति बनाने में मदद करेगा, जिससे नशा तस्करों के पूरे नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी।



## ननखड़ी बीडीसी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन 7 जुलाई को

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल की ननखड़ी विकास खंड की 15 सदस्यीय ब्लॉक विकास समिति (बीडीसी) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं अधिकृत निर्वाचन अधिकारी रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह (एचएएस) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव 7 जुलाई को सुबह 11:00 बजे खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार, ननखड़ी में आयोजित होगी। जानकारी के अनुसार हाल ही में 4 बीडीसी सदस्यों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद समिति के भीतर नए राजनीतिक समीकरण बनने की चर्चा है। बदले हुए हालात में भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर अपना दावा मजबूत मान रही है। बर्तमान में बीडीसी मै भाजपा के 9 सदस्य हो गए है ।हालांकि अंतिम तस्वीर चुनाव के दौरान सदस्यों के समर्थन पर निर्भर करेगी। सूत्रों के अनुसार, दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने-अपने पक्ष में सदस्यों का समर्थन जुटाने में सक्रिय हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि वर्तमान समर्थन बरकरार रहता है तो कॉग्रेस के रामपुर क्षेत्र कांग्रेस के गढ़ मै भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत दर्ज कर सकती है। हालांकि अंतिम फैसला 7 जुलाई को होने वाले मतदान के बाद ही सामने आएगा।

# पंचायतीराज चुनाव में जनता ने विकास पर लगाई मुहर : रोहित

## जनता के समर्थन से जुब्बल-नावर-कोटखाई में शत-प्रतिशत रहा कांग्रेस का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि हाल ही में संपन्न पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि जनता विकास, सकारात्मक राजनीति और जनसेवा पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश देकर विकास की राजनीति पर अपनी मजबूत मुहर लगा दी है। शुराचली क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावीं में आयोजित जन आभार समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा मंत्री ने नवनिर्वाचित खंड विकास समिति जुब्बल की अध्यक्षा कमलेश झगटा सहित सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार शुराचली क्षेत्र से कोई प्रतिनिधि बीडीसी अध्यक्ष बना है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने बताया कि खंड विकास समिति की सभी 15 सीटों तथा जिला



जनसभा को संबोधित करते शिक्षा मंत्री।

परिषद की तीनों सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इन चुनावों की सबसे बड़ी विशेषता महिलाओं की प्रभावशाली भागीदारी रही। जिला परिषद की तीनों सीटों पर महिलाओं की जीत, नगर पंचायत जुब्बल में अनीता चौहान का अध्यक्ष चुना जाना तथा कमलेश झगटा का

**◆बीडीसी से जिला परिषद तक महिलाओं ने संभाली कमान**

बीडीसी अध्यक्ष बनना इस बात का संकेत है कि ग्रामीण नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और समाज के लिए सकारात्मक परिवर्तन बताया।

उन्होंने कहा कि शुराचली क्षेत्र से उनका भावनात्मक और पारिवारिक जुड़ाव रहा है, इसलिए यहां के विकास को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि सरस्वती नगर-झड़ाशली मार्ग का 17 करोड़ रुपये से उन्नयन किया जा रहा है। इसके अलावा चार करोड़ रुपये की लागत से 15 नई सड़कों का निर्माण, 11 सड़कों का पक्कीकरण तथा वार्षिक मरम्मत योजना के तहत भोलाड़-छुपाड़ी सड़क के पांच किलोमीटर हिस्से का एक करोड़ रुपये से सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए भोलाड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण 1.83 करोड़ रुपये की लागत से जारी है, जबकि पब्बर नदी पर चामशू में 5.55 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा पुल जुब्बल और रोहड़ू क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनावों में मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन ने उनके उत्साह और जिम्मेदारी दोनों को बढ़ाया है। कार्यक्रम में जुब्बल-कोटखाई-नावर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मेहता, जिला परिषद सदस्य मीनाक्षी मांजटा एवं नेहा मेहता, पंचायत समिति अध्यक्षा कमलेश झगटा, उपाध्यक्ष लोकपाल शरखोली, नगर पंचायत जुब्बल की अध्यक्ष अनीता चौहान, ग्राम पंचायत रावीं की प्रधान कौशल्या बाल्टू, उपप्रधान मोंटू झगटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक काल्टा, पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्य, विभिन्न पंचायतों के प्रधान-पंच, विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यू शिमला में बरसते बादलों के बीच गूंजा हर-हर महादेव



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** बरसते मेघों के बीच न्यू शिमला से निकली भव्य मंगल कलश यात्रा ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित यात्रा में 201 सौभाग्यवती माताओं-बहनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा कम्युनिटी हॉल, सेक्टर-2 से शुरू होकर बीसीएस, तारा माता मंदिर होते हुए कथा स्थल क्योंथल बैंक्वेट हॉल, खलीनी पहुंची। मार्ग में स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और प्रसाद वितरित किया। इससे पूर्व नीरज शर्मा, करमचंद ठाकुर और पवन कुमार गुप्ता ने पूजन में भाग लिया, जबकि दो बालिकाओं ने भगवा ध्वज लहराकर यात्रा का शुभारंभ किया। 29 जून से 5 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होने वाली भगवान शिव कथा के उपलक्ष्य में निकली इस यात्रा में साध्वी गार्गी भारती, साध्वी सोनिया भारती, साध्वी मीनू भारती और साध्वी गुरु गीता भारती विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साध्वी गार्गी भारती ने कहा कि बालिकाओं द्वारा यात्रा का शुभारंभ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और नारी सम्मान का संदेश देता है। वहीं, युवा हाथों में नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और गो सेवा से जुड़े संदेशों वाले स्लोगन लेकर चले। स्वामी धीरानंद ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए संस्थान देश-विदेश में ऐसे आयोजन करता है और प्रत्येक सनातनी को अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

## विमल नेगी की पत्नी ने लगाए हत्या और साक्ष्य मिटाने के गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विमल नेगी की मौत का मामला सोमवार को एक बार फिर चर्चा में आ गया। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उनकी पत्नी किरण नेगी ने दावा किया कि उनके पति की मौत सामान्य नहीं बल्कि हत्या का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना का संबंध पेखुवाला परियोजना में कथित भ्रष्टाचार से हो सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान कुछ पुलिस अधिकारियों ने साक्ष्यों को प्रभावित या नष्ट करने का प्रयास किया, जिससे पूरे मामले की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। किरण नेगी और परिजनों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष एवं प्रभावी जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने लाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस दौरान जनजातीय मंच के प्रतिनिधियों ने भी पेखुवाला परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच की मांग उठाई और कहा कि इस संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के समक्ष शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**◆राज्यपाल से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग**

## एसएफआई ने मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

### दोबारा हुई नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उपस्थिति सार्वजनिक करने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई ने नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए 21 जून को आयोजित पुनर्परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की वास्तविक उपस्थिति सार्वजनिक करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि पहले लगभग 22 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जबकि पुनर्परीक्षा में 20 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की बात कही गई है। ऐसे में करीब दो लाख विद्यार्थियों की अनुपस्थिति को लेकर सरकार और एनटीए को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

एसएफआई ने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हुई अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक और प्रशासनिक विफलताओं के कारण लाखों विद्यार्थी मानसिक, आर्थिक और सामाजिक संकट से गुजर रहे हैं। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि पुनर्परीक्षा की बायोमेट्रिक प्रक्रिया ऐसी कंपनी से कराई गई, जिसे पहले कई राज्यों में ब्लैकलिस्ट किया जा चुका था। एसएफआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र




प्रधान के उस बयान की भी कड़ी निंदा की, जिसमें आंदोलनरत छात्रों को आतंकवादियों की बी-टीम बताया गया था। संगठन ने बताया कि प्रभावित विद्यार्थियों की सहायता के लिए नीट शिकायत प्रकोष्ठ बनाया गया है, जहां अब तक 2,114 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। एसएफआई ने परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिवारों को पांच करोड़ रुपये मुआवजा देने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा सभी पीड़ित परिवारों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है। संगठन के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न राज्यों में पीड़ित परिवारों से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा भी दे रहे हैं।

एसएफआई ने घोषणा की है कि 29 जून से 4 जुलाई तक देशभर में व्यापक विरोध-प्रदर्शन होंगे। इन आंदोलनों में एनटीए को भंग करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही तय करने, बिहार में गिरफ्तार एसएफआई नेताओं की रिहाई, ओडिशा की पाठ्यपुस्तकों में हुई गंभीर त्रुटियों की जांच तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सहायता के लिए बनाए गए हेल्प डेस्क को मजबूत करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से उठाई जाएंगी।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर प्रशासनिक आंकड़ों के बेहतर उपयोग करने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, किन्नौर/ शिमला।** किन्नौर के रिकांगपिओ स्थित जिला सांख्यिकी कार्यालय में सोमवार को 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय 'अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव डाटा' रहा। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक आंकड़ों के महत्व, उनके वैज्ञानिक विश्लेषण तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण आंकड़े सरकार की नीतियों को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के योगदान को भी याद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासनिक डाटा का बेहतर उपयोग सरकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति, संसाधनों के कुशल प्रबंधन और विकास कार्यों की सटीक निगरानी में सहायक साबित होता है। जिला सांख्यिकी कार्यालय ने सभी विभागों से गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों के संकलन और साझा करने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे जिले के समग्र विकास के लिए अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख योजनाएं तैयार की जा सकेंगी।

## पीएलआई/आरपीएलआई एजेंट बनने के लिए 20 जुलाई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान रामपुर बुशहर।** रामपुर डाक मंडल ने डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए एजेंटों की भर्ती संबंधी अधिसूचना जारी की है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से 20 जुलाई 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधीक्षक डाकघर, रामपुर डाक मंडल द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित अधीक्षक डाकघर, रामपुर बुशहर के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा आवश्यक दस्तावेजों संबंधी विस्तृत जानकारी नजदीकी डाकघरों से प्राप्त की जा सकती है। अधीक्षक डाकघर रामपुर डाक मंडल दिनेश ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार समय रहते आवेदन करें तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं पुष्टि कर लें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01782-234032 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर नया ट्रैफिक प्लान लागू, तय समय पर ही मिलेगा आवागमन

# निगुलसरी में बढ़ा भूस्खलन का खतरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिले में मानसून के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और निगुलसरी क्षेत्र में लगातार बने भूस्खलन के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग-5 (एनएच-5) पर नया यातायात प्रबंधन लागू किया है। निगुलसरी और नथपा के बीच ढलान स्थिरीकरण तथा चट्टानों के गिरने से रोकथाम के लिए विशेष कार्य चल रहे हैं। इसी कारण वाहनों की आवाजाही अब निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही होगी। प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से यात्रा से पहले समय देखकर ही निकलने की अपील की है।

स्थानीय भावनगर प्रशासन के अनुसार हाईवे प्रतिदिन सुबह 5:30 से 8:30 बजे, 10:30 से 12:30 बजे,



दोपहर 1:30 से 3:30 बजे तथा शाम 4:30 से 5:30 बजे तक बंद रहेगा। वहीं यातायात सुबह 8:30 से 10:30 बजे, दोपहर 12:30 से 1:30 बजे, दोपहर 3:30 से शाम 4:30 बजे तथा शाम 5:30 बजे से अगले दिन सुबह 5:30 बजे तक सुचारु रूप से चलता रहेगा। निगुलसरी से आने वाले वाहन चोरा-सोलडिंग के दायां तट मार्ग का उपयोग कर सकते हैं, जबकि रामपुर

**◆प्रशासन की लोगों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने, समय-सारिणी का पालन करने की अपील**

और चोरा की ओर से किलोड़ जाने वाले वाहन बड़ा कंबा रोड के जरिए चोरा डायवर्जन से होकर गुजर सकेंगे। उपमंडलाधिकारी भावानगर नेहा नेगी ने कहा कि निगुलसरी क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने सभी नागरिकों, पर्यटकों और वाहन चालकों से अपील की कि यात्रा से पहले जारी दिशा-निर्देशों और समय-सारिणी की जानकारी अवश्य लें तथा बंद अवधि के दौरान केवल वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें, ताकि सुरक्षा कार्य बिना किसी बाधा के समय पर पूरे किए जा सकें।

# हिमाचल कांग्रेस संगठन में जवाबदेही हुई सख्त

## हर माह होगी ब्लॉक कांग्रेस की बैठक, प्रदेश मुख्यालय तक बनेगी निगरानी व्यवस्था

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस संगठन ने संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक सक्रिय, अनुशासित और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश संगठन महामंत्री ने सभी ब्लॉक पार्टी प्रभारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने ब्लॉकों में नियमित प्रवास करें, प्रत्येक माह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक सुनिश्चित करें तथा बैठक के तुरंत बाद उपस्थिति रजिस्टर सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन भेजें।

उन्होंने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों का प्रत्येक स्तर पर पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा ।जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह के पहले सप्ताह अथवा दस दिनों के भीतर ब्लॉक स्तर की बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में पार्टी पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, अग्रणी संगठनों और विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठकों की रिपोर्ट का स्वयं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मूल्यांकन करेंगे, जिसके बाद इसे केंद्रीय आलाकमान को भी भेजा जाएगा।

इसके साथ ही राजीव भवन में एक विशेष निगरानी कक्ष स्थापित किया जा रहा है, जो समय-समय पर ब्लॉक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने नाहन के विधायक अजय सोलंकी को तत्काल प्रभाव से नगर परिषद पांवटा साहिब के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के गठन की प्रक्रिया के लिए पार्टी पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री विनोद ज़िंटा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अजय सोलंकी चुनाव प्रक्रिया के समन्वय के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों के अनुरूप नगर परिषद के नेतृत्व का सफल गठन सुनिश्चित करेंगे।

### तीन माह में होगी पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा

**प्रदेश** संगठन महामंत्री विनोद ज़िंटा ने कहा कि प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल पहले ही स्पष्ट कर चुकी हैं कि प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों के कार्यों की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी



नेताओं और पदाधिकारियों से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और सक्रियता से निर्वहन करने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जवाबदेही, अनुशासन और नियमित संगठनात्मक गतिविधियां सर्वोच्च प्राथमिकता रहेंगी।

## मानसून से पहले मजबूत होगा दूरसंचार नेटवर्क

### आपदा में भी नहीं टूटेगा संचार तंत्र, पिछली आपदाओं से ली सीख

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मानसून के दौरान भूस्खलन, बादल फटने और फ्लैश फ्लड जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बीच राज्य में संचार व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए दूरसंचार विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार पिछले वर्षों के अनुभवों से सीख लेते हुए दूरसंचार नेटवर्क को पहले से अधिक मजबूत और आपदा के अनुकूल बनाया जा रहा है, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान लोगों तक समय पर सूचना पहुंचती रहे और संचार सेवाएं निर्बाध बनी रहें।

जानकारी के अनुसार दूरसंचार विभाग के हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र के अपर महानिदेशक वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों और सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त ऑप्टिकल फाइबर केबल और पोलों को बदला गया है तथा वैकल्पिक नेटवर्क मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित समीक्षा बैठकें, मॉक ड्रिल और टेबल टॉप अभ्यास आयोजित किए जा रहे हैं ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में संचार सेवाओं की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा सके।

विभाग ने इस बार इंट्रा-सर्किल रोमिंग व्यवस्था को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत यदि किसी एक कंपनी का नेटवर्क प्रभावित होता है तो उपभोक्ता दूसरे सेवा प्रदाता के नेटवर्क का उपयोग कर सकेंगे। पिछले मानसून में मंडी के थुनाग, चंबा, कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति जैसे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में इस व्यवस्था का सफल उपयोग किया गया था। इसके अलावा दूरसंचार कंपनियों को पोर्टेबल मोबाइल टावर, फाइबर मरम्मत किट, पर्याप्त बिजली बैकअप और अन्य आपात संसाधन हर समय तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

दूरसंचार विभाग राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि आपदा के समय दूरसंचार स्थलों तक सड़क संपर्क बना रहे, डीजल जनरेटरों के लिए ईंधन उपलब्ध हो तथा बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जा सके। विभाग का मानना है कि मजबूत दूरसंचार नेटवर्क केवल लोगों को जोड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि आपदा प्रबंधन, राहत कार्यों के समन्वय और जनजीवन को सामान्य बनाए रखने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसी उद्देश्य से पूरे प्रदेश में मानसून से पहले संचार तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

**जानकारी** सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प के लिए जाखू में की प्रार्थना

# हिमाचल को केंद्र से मिलीं करोड़ों की सड़क परियोजनाएं : अनुराग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग सिंह ठाकुर ने शिमला प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध जाखू मंदिर में भगवान हनुमान के दर्शन कर देश की समृद्धि, प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य तथा विकसित भारत के संकल्प की सफलता के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ हिमाचल प्रदेश को मिली विकास परियोजनाओं को विशेष रूप से रेखांकित किया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि जाखू मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिमला आने वाला हर श्रद्धालु जाखू मंदिर में दर्शन कर



जाखू मंदिर में हनुमान के दर्शन के उपरांत उपस्थित लोगों के साथ अनुराग ठाकुर।

स्वयं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर महसूस करता है। उन्होंने भगवान हनुमान के चरणों में देश की निरंतर प्रगति, जनकल्याण और विकसित भारत के लक्ष्य की सफलता की कामना की।

अनुराग ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य, सड़क, रेल और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि एम्स बिलासपुर, नए मेडिकल कॉलेज, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी परियोजनाओं से प्रदेश के लाखों परिवार लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2025-26 में हिमाचल के लिए 2,247 करोड़ रुपये की लागत वाली 294 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें लगभग 2,019 करोड़ रुपये का केंद्रीय अंश शामिल है। इसके अतिरिक्त आपदा पुनर्निर्माण, आधारभूत ढांचे के विकास और पूंजीगत निवेश के लिए भी केंद्र सरकार लगातार आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा है।

डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, कोविड प्रबंधन और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा इसका प्रमाण है। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट संकल्प है और उत्तराखंड में इसकी शुरुआत हो चुकी है। आने वाले समय में अन्य राज्यों में भी इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

पाकिस्तान से जुड़े प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वह अपनी आंतरिक विफलताओं का दोष भारत पर मढ़ने का प्रयास करता है, जबकि भारत निरंतर प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# कोरम पूरा न होने से टला धर्मशाला मेयर चुनाव

## धर्मशाला नगर निगम के 17 पार्षदों ने ली शपथ, मेयर-डिप्टी मेयर का चुनाव 1 जुलाई को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के नवनिर्वाचित 17 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह मिनी सचिवालय स्थित कैबिनेट हॉल में गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने धर्मशाला नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ समारोह में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। हालांकि शपथ के बाद मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना था, लेकिन कोरम पूरा न होने के चलते चुनाव नहीं हो पाया। अब धर्मशाला की जनता को मेयर व डिप्टी चुनाव के लिए पहली जुलाई तक इंतजार करना होगा। उपायुक्त ने नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम धर्मशाला के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पार्षद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को गति देंगे।

इस अवसर पर वार्ड-1 फरसेटगंज की रेखा देवी, वार्ड-2 भागसूनाग के शमशेर नेहरिया, वार्ड-3 मैक्लोडगंज की आशा देवी, वार्ड-4 कश्मीर हाउस की नीनू शर्मा, वार्ड-5 खजांची मोहल्ला की शैलजा, वार्ड-6 कोतवाली बाजार की करिश्मा छेत्री, वार्ड-7 सचिवालय की आशु, वार्ड-8 खेल परिसर की प्रेरणा गुलेरिया, वार्ड-9 सकोह के नरेश कुमार, वार्ड-10 श्यामनगर के सुदेश शास्त्री, वार्ड-11 रामनगर के अनुराग, वार्ड-12 बड़ोल की मीना कुमारी, वार्ड-13 दाड़ी के हर्ष ओबरॉय, वार्ड-14 कंड के अनोज बिष्ट, वार्ड-15 खनियारा के परवीन कुमार, वार्ड-16 सिद्धपुर की अनुपम कटोच तथा वार्ड-17 सिद्धबाड़ी के विशाल जम्वाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसके उपरांत महापौर एवं उपमहापौर के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, लेकिन आवश्यक कोरम पूरा न होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न नहीं हो सकी।



### गदियाली वेशभूषा में पहुंचे 2 पार्षद

**शपथ** समारोह में दो पार्षद गदियाली वेशभूषा में पहुंचे थे। गद्दी समुदाय से संबंधित वार्ड 15 से प्रवीण प्रकाश और वार्ड 12 से मीना कुमारी गद्दी वेशभूषा में शपथ लेने पहुंचे, जिन्होंने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### समय तय कर होगा चुनाव: डीसी

**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि कोरम पूरा होने के तीन चौथाई पार्षदों का होना जरूरी होता है, जो कि नहीं हो पाया। ऐसे में आगामी तीन दिन में एक समय तय किया जाएगा और तय समय में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव संपन्न करवाया जाएगा।

### सुधीर शर्मा बोले- एक जुलाई को चुनाव करवाना होगा अनिवार्य

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि नियमानुसार मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए तीन चौथाई पार्षदों का होना जरूरी होता है, भाजपा के 11 पार्षद मौजूद थे, जबकि कांग्रेस पार्षद शपथ लेने के बाद चले गए। चुनाव हेतु 13 पार्षद होने जरूरी थे, अब पहली जुलाई को तिथि तय की गई है। ऐसे में पहली जुलाई को जो भी संख्या होगी उसमें चुनाव करवाना अनिवार्य होगा।

## पालमपुर नगर निगम में शपथ ग्रहण समारोह में 15 पार्षदों ने ली शपथ

# राधा पालमपुर की महापौर, नीलम बनीं उपमहापौर

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में 15 नवनिर्वाचित पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी बुटेल, पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल, नगर निगम आयुक्त नेत्री मेती, एसडीएम पालमपुर ओपी यादव, डीएसपी सुनील राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने नवनिर्वाचित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं तथा शहरी विकास और जनकल्याण की दिशा तय करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पार्षद जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा क्षेत्र के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देंगे।

शपथ ग्रहण करने वाले पार्षदों में अप्पर पालमपुर से राधा सूद, लोहना से इंद्र पाल, पालमपुर खास से रणजोत कौर, आईमा से शैलजा चौहान, सुघर से रविन्द्र कुमार, घुग्गर खिलाड़ से कविता मिन्हास, बिंद्रावन से सविता राठौर, खलेट से रितेश ठाकुर, चौक से मीनू देवी, मारंडा से नीलम मलिक, राजपुर से किरना देवी, घुग्गर टांडा से ललित कुमार शर्मा, टांडा से अंचना, बनूरी से मोनिका शर्मा तथा होल्टा से राजकुमार शामिल रहे। इसके उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में महापौर एवं उपमहापौर का चुनाव संपन्न हुआ। महापौर पद के लिए राधा सूद को सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि उपमहापौर पद पर नीलम मलिक का भी सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने नव-निर्वाचित महापौर एवं उपमहापौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।



15 नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण की। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### चनौर, पनियामल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत 11 केवी बढ़ल फीडर पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 30 जून (मंगलवार) को कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। सहायक अभियंता मनीष संधू तथा डाडा सीबा उपमंडल के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अथवा कार्य पूरा होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में चनौर, पनियामल, बेई, इंडस्ट्रियल एरिया चनौर, सुभाषपुर, तियामल, लोअर बलवाल, रोड़ी-कोड़ी, चपलाह, जम्बल, थेड़ू बस्सी, कनोल, पीरबड़, नंगल चौक और आरा चौक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्य विद्युत प्रणाली को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए किया जा रहा है तथा उपभोक्ताओं से सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### 223 ग्राम चिट्टे के साथ 3 युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** एसटीएफ सीआईडी धर्मशाला की टीम ने जसूर के पास कार्रवाई करते हुए तीन युवकों के कब्जे से 223 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। एएसपी रेनू शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगनदीप सिंह निवासी गांव राजपुर, जिला गुरदासपुर, सुखदीप सिंह पुत्र अशोक कुमार निवासी जिला गुरदासपुर तथा शुभम शर्मा उर्फ शिबू निवासी गुरचाल, तहसील नूरपुर के रूप में हुई है। तीनों को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई, जिसमें नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21/29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए मामला पुलिस थाना नूरपुर को सौंप दिया है।

### 25 ग्राम हेरोइन व ड्रग मनी सहित दो भाई दबोचे

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला पठानकोट पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तारागढ़ पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को 25 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 1040 रुपये ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एएसआई सुरिंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम न्यू परमानंद श्मशान घाट के पास गश्त कर रही थी, तभी संदिग्ध अवस्था में खड़े दो युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से नशा और नकदी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप सिंह और आकाशदीप सिंह, निवासी गांव भोआ फतेहगढ़, जिला अमृतसर के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहीद कैप्टन सौरभ कालिया को किया याद



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने सोमवार को शहीद कैप्टन सौरभ कालिया की जयंती के अवसर पर सौरभ वन विहार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में कैप्टन सौरभ कालिया का सर्वोच्च बलिदान देश के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत राष्ट्रभक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देती है तथा युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशसेवा में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर शहीद के पिता डॉ. एनके कालिया, भाई वैभव कालिया, एसडीएम डॉ. ओपी यादव, नगर निगम आयुक्त नेत्रा मेती, संयुक्त आयुक्त रमेश कुमार, पार्षद इंद्रपाल, डीएफओ डॉ. संजीव शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### लंबित एरियर व मेडिकल बिलों का हो भुगतान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ, प्रागपुर इकाई की बैठक सोमवार को रक्कड़ स्थित जामला पैलेस में प्रधान रमेश भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र के लगभग 72 पेंशनरों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं और लंबित मामलों पर चर्चा की। सदस्यों ने सरकार से 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन एरियर का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई। साथ ही लाखों रुपये के लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल रीइम्बर्समेंट) बिलों का जल्द निपटारा करने की भी मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से भुगतान लंबित रहने से पेंशनरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की अपील की।

### डाडासीबा में मनाई संत कबीर दास जयंती

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में सोमवार को संत शिरोमणि कबीर दास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं ओबीसी जनकल्याण महासभा, जसवां-परागपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भजन-कीर्तन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष अशोक मेहरा ने बताया कि कार्यक्रम में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। महासभा के उपाध्यक्ष सोहन संदल ने कहा कि संत कबीर दास ने अपने दोहों के माध्यम से पाखंड और आडंबर का विरोध करते हुए सत्य, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, धर्मचंद, सोहनलाल मेहरा, गुरचरण सिंह, सुरेश, राहुल, संजय सहित कई उपस्थित रहे।

### अशोक बोले- पुरानी टनल का सौंदर्यीकरण हो और समेला के पास बने सर्विस लाइन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** समेला रेलवे स्टेशन के पास लगभग आधा किलोमीटर लंबी सर्विस लाइन बनाने की मांग उठाई गई है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर गवर्निंग बॉडी सदस्य (डायरेक्टर) अशोक हिमाचली ने कहा कि यह मार्ग स्थानीय जनता की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुरानी टनल का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार भी जरूरी है, ताकि लोगों के मन से भय समाप्त हो और इसे सुरक्षित रूप से उपयोग किया जा सके। अशोक हिमाचली ने बताया कि भविष्य में फोरलेन पूर्ण होने के बाद यह मार्ग कांगड़ा शहर, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण शॉर्टकट साबित होगा। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस जनहित मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की अपील की और सभी जनप्रतिनिधियों व जनता से सहयोग का आह्वान किया।

# प्रमोशन में बाधा नहीं बनेगा टेट

## मौजूदा भर्ती पदोन्नति नियमों के अनुसार ही लगेगा टेट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल में लंबित पदोन्नतियों पर टेट कोई बाधा नहीं बनेगा। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा टेट यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े निर्णय में इसे मौजूदा भर्ती पदोन्नति नियमों के अनुसार ही लगाने के निर्देश दिए हैं। हर पदोन्नति के लिए इसको लागू करने के आदेश नहीं दिए गए हैं। ऐसे में राज्य सरकार 749 टीजीटी को प्रवक्ता, 600 टीजीटी को हेडमास्टर, 560 जेबीटी और सीएंडवी शिक्षकों को टीजीटी प्रमोट करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से की है।

हीर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों (आरएंडपी रूल्स) में टीईटी केवल उन शिक्षकीय वर्गों के लिए अनिवार्य योग्यता के रूप में निर्धारित है, जिनमें विशेष शिक्षक, जेबीटी, टीजीटी (आर्ट्स), टीजीटी (मेडिकल), टीजीटी (नॉन-मेडिकल), टीजीटी (हिंदी), टीजीटी (संस्कृत), टीजीटी (पंजाबी) तथा टीजीटी (उर्दू) शामिल हैं। जबकि हेड टीचर, हेडमास्टर, प्रिंसिपल, बीईईओ, सीएचटी, ड्राइंग मास्टर, पीईटी, डीपीई, कंप्यूटर शिक्षक, प्रवक्ता (लेक्चरर) एवं अन्य अनेक पदों के लिए वर्तमान आरएंडपी नियमों में टीईटी अनिवार्य योग्यता के रूप में निर्धारित नहीं है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय उन्हीं पदों एवं श्रेणियों पर लागू होगा, जहां संबंधित नियमों में टीईटी को आवश्यक योग्यता के रूप में अधिसूचित किया गया है। किसी भी पद के लिए बिना नियम संशोधन के केवल न्यायालय के निर्णय के आधार पर टीईटी की नई अनिवार्यता नहीं जोड़ी जा सकती।

टीईटी अनिवार्य योग्यता के रूप में निर्धारित नहीं है, तो केवल इस निर्णय के आधार पर उस पद के लिए स्वतः टीईटी की नई अनिवार्यता नहीं जुड़ जाती। निर्णय उन पदों पर लागू होता है जहां संबंधित वैधानिक नियमों में टीईटी आवश्यक योग्यता के रूप में निर्धारित है। ऐसे में राज्य सरकार इस फैसले का विधिक अध्ययन करे और पदोन्नति बारे विधिक प्रकोष्ठ से स्पष्टीकरण जारी करे। इससे हजारों सेवारत शिक्षकों को राहत मिलेगी।

### क्या कहा है सुप्रीम कोर्ट ने

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया था कि जो व्यक्ति नियुक्ति के इच्छुक हैं तथा जो सेवारत शिक्षक पदोन्नति द्वारा नियुक्ति प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से टीईटी उत्तीर्ण करना होगा, अन्यथा उनकी अभ्यर्थिता (उम्मीदवारी) पर विचार किए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से कम समय शेष है, वे टीईटी के बिना सेवा जारी रख सकते हैं, लेकिन यदि वे पदोन्नति चाहते हैं, तो टीईटी उत्तीर्ण किए बिना उन्हें पदोन्नति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।इन टिप्पणियों का प्रभाव संबंधित सेवा नियमों और वैधानिक प्रावधानों के साथ पढ़ा जाता है। इसलिए किसी राज्य में किस पद पर टीईटी आवश्यक होगी, यह उस पद के लागू भर्ती और पदोन्नति नियमों पर भी निर्भर करता है। जिन पदों हेतु आज तक टीईटी लागू नहीं है, उन पर अब भी लागू नहीं होगा।

### मुख्यमंत्री सुक्खू कम आबादी वाले क्षेत्रों में पूरी कर रहे गारंटी: सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बैजनाथ के दुर्गम बड़ा भंगाल दौरे को लेकर धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बड़ा भंगाल में महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा से सरकार अपनी गारंटियों का दिखावटी हिसाब पूरा करना चाहती है।

उनका कहना था कि वहां महिलाओं की संख्या बेहद कम है और यदि सरकार चाहती तो इससे भी अधिक राशि दे सकती थी। सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ऐसे क्षेत्रों का चयन कर रहे हैं जहां आबादी कम है, ताकि घोषणाएं कर अपनी गारंटियों को पूरा दिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों ने पूरे राज्य को समान दृष्टि से देखते हुए फैसले लिए, लेकिन वर्तमान सरकार अपने ही वादों से पीछे हट रही है। बड़ा भंगाल तक सड़क निर्माण की घोषणा पर भी विधायक सुधीर शर्मा ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए 10 करोड़ में सड़क बनाना संभव नहीं है।

# पर्यटन सीजन में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्ती: कुलभूषण वर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन सीजन को देखते हुए कांगड़ा पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़े स्तर पर विशेष अभियान चलाने की तैयारी कर ली है। पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने कहा कि तेज रफ्तार, बिना हेलमेट वाहन चलाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और ट्रैफिक जाम की वजह बनने वाले बाइकर्स व अन्य वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मैक्लोडगंज, धर्मशाला, कांगड़ा, मटौर सहित पर्यटन स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



एसपी ने कहा कि बाहरी राज्यों, विशेषकर पंजाब से आने वाले वाहन चालकों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। हिमाचल सीमा में प्रवेश करते ही नूरपुर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी और मुड़ी हुई या अस्थायी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर होगी कार्रवाई

**बकौल** एसपी फर्जी, मुड़ी हुई या अस्थायी नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों पर भी लगातार कार्रवाई जारी है। आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से ऐसे वाहनों की पहचान कर चालान किए जा रहे हैं, जबकि पुलिस मैन्युअल जांच के दौरान भी नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। एसपी ने कहा कि कांगड़ा पुलिस का उद्देश्य पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# हिमाचल में 'गरीबी' नहीं, 'गरीबों' को मिटाने पर तुली सुक्खू सरकार: बिक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार गरीबी मिटाने के बजाय गरीबों को ही बीपीएल सूची से बाहर करने पर तुली हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ वर्षों से चल रहे तथाकथित बीपीएल सर्वे के नाम पर प्रदेश के करीब 1,60,000 (एक लाख साठ हजार) पात्र गरीब परिवारों को सूची से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है जबकि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार के लिए गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवन यापन करने वाले परिवारों का कुल 2,82,370 परिवारों का लक्ष्य (कोटा) निर्धारित किया है।



बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से अफसरशाही हावी हो चुकी है और सरकार के पास अपनी कोई दिशा नहीं है जिसका प्रमाण यह है कि केवल बीपीएल चयन को लेकर ही अब तक आठ अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की जा चुकी हैं। इन नालायक और संवेदनहीन अधिकारियों के फैसलों के कारण आज प्रदेश के गरीब लोगों को बीपीएल सूची में बने रहने या नए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं जिससे उनकी आर्थिक कमर टूट गई है।

भाजपा विधायक ने कांग्रेस सरकार द्वारा थोपी गई शर्तों को पूरी तरह से बेतुका और अतार्किक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बीपीएल चयन के लिए ऐसी कोई भी जटिल गाइडलाइन तय नहीं की गई है, जैसी शर्तें हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने जबरन लागू कर दी हैं। हिमाचल सरकार ने एक बेहद अजीबोगरीब और बेतुकी शर्त यह रख दी है कि यदि किसी परिवार में 27 से 59 वर्ष के बीच का कोई भी वयस्क पुरुष सदस्य है तो उस पूरे परिवार का नाम बीपीएल सूची में दर्ज ही नहीं किया जाएगा जो कि पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। इसके अलावा पहले मनरेगा में 100 दिन काम करने वाले परिवारों को राहत देने की बात कही गई थी, लेकिन अब यह यू-टर्न लेते हुए महज 1 दिन की शर्त पर आ गए हैं जिससे सरकार की नीति और नीयत दोनों पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा होता है।

### सीटी यूनिवर्सिटी ने 250 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, आशीष दामीर, कांगड़ा।** सीटी यूनिवर्सिटी ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में 'शाइनिंग स्टार एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026' का सफल आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 250 से अधिक विद्यार्थियों, 40 प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक भव्य बना दिया। यह आयोजन शिक्षा, प्रतिभा और प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण संगम साबित हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों को सम्मान देना तथा उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना था। समारोह में डॉ. जेएस गुलेरिया सहित कई शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, अनुशासन और नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर डॉ. आशीष रैना ने कहा कि यह अवार्ड्स केवल सम्मान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों और क्षमताओं का उत्सव हैं। वहीं मनीषा बसनेट ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान और प्रेरणादायक संवाद के साथ हुआ, जिससे यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए यादगार बन गया।

### श्मशानघाट का किया औचक निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ग्राम पंचायत झीकली भैठ में स्थित श्री पालिकेश्वर महादेव श्मशानघाट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य शुभम कपूर, ब्लॉक समिति सदस्य कृष्ण कुमार, पंचायत प्रधान होनसर चौहान (झीकली भैठ), अवेरी पंचायत प्रधान, खड़ानाल पंचायत प्रधान तथा झंडपुर पंचायत उपप्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान शमशान घाट की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा आवश्यक विकास कार्यों पर चर्चा की गई। जिला परिषद सदस्य शुभम कपूर ने कहा कि शमशान घाट से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को शीघ्र और प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा और शीघ्र समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

### बस्सी पंचायत में शुरू हुई इंडियन गैस सेवा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ग्राम पंचायत बस्सी के नव निर्वाचित उप प्रधान सतीश कुमार सपेहिया के प्रयासों से बस्सी सहित चौधरी बस्ती, अनुसूचित जाति बस्ती, मेहता बस्ती, ब्राह्मण बस्ती और सनसोई बस्ती तक इंडियन गैस की नियमित वाहन सेवा शुरू हो गई है। इससे विशेषकर बरसात के मौसम में ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान सतीश सपेहिया ने गांव तक गैस वाहन पहुंचाने का वादा किया था, जिसे पदभार संभालने के बाद उन्होंने पूरा कर दिखाया। पहली बार गांव में गैस वाहन पहुंचने पर उप प्रधान और ग्रामीणों ने रिबन काटकर सेवा का शुभारंभ किया तथा चालक और कर्मचारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि अब गैस सिलेंडर के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी।

### आईटीआई, बहुतकनीकी संस्थानों की हो रही ग्रेडिंग

**अनंत ज्ञान, राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में आईटीआई, बहुतकनीकी संस्थानों की ग्रेडिंग की जा रही है, जिसका मकसद यह है कि उपरोक्त संस्थानों में प्रवेश लेने वाले बच्चों को भी इसका ज्ञान हो कि वे किस संस्थान में प्रवेश ले रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने धर्मशाला दौरे के दौरान बताया कि आईटीआई, बहुतकनीकी संस्थानों की ग्रेडिंग में आधारभूत ढांचा, स्टाफ की स्थिति, लैब कैसी हैं, संस्थानों से ट्रेनिंग कर निकले बच्चों में से कितनों की प्लेसमेंट हुई है या कितनों ने अपना स्वरोजगार शुरू किया, इन सब पहलूओं पर फोकस किया जा रहा है। बच्चे दुर्गम क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे हों या शहरी क्षेत्र के, सभी को शिक्षा के समान अवसर मिलने चाहिए, इसके लिए सरकार काम कर रही है, इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म तैयार किया गया है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बताया कि आनलाइन प्लेटफार्म पर बच्चों को प्लेसमेंट, ट्रेनिंग, इंटर्नशिप जैसी सुविधाएं दी गई हैं, इस प्लेटफार्म को जल्द फार्मली भी लांच कर दिया जाएगा। हालांकि इस प्लेटफार्म ने काम करना शुरू कर दिया है, लेकिन उसमें कोई कमी न रहे, जिसके चलते इसे अभी ट्रायल मोड पर रखा है। इसका उद्देश्य क्वालिटी मैनपावर तैयार करने का है जो कि देश व प्रदेश को आगे ले जाए।

- **बच्चों को शिक्षा के समान अवसर देने को ऑनलाइन प्लेटफार्म तैयार**
- **ऑनलाइन प्लेटफार्म अभी ट्रायल मोड पर, जल्द होगा लांच**

# धरोहर गांव प्रागपुर की बदहाली उजागर शाह मुहल्ले में जलभराव बना मुसीबत

अनंत ज्ञान



**प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** प्रागपुर के शाह मुहल्ले की दुर्दशा देखकर तो यही प्रतीत होता है कि कागजों पर इसे भले ही धरोहर गांव का तमगा दे दिया गया हो, लेकिन असलियत में यहां की व्यवस्था पूरी तरह से सड़ चुकी है। वार्ड नंबर चार के शाह मुहल्ले की ओर जाने वाले रास्ते का यह हाल है कि जरा सी बारिश होते ही नाली का गंदा पानी बरसात के पानी के साथ मिलकर एक बदबूदार दलदल बन जाता है। इस सड़ांध मारते पानी के बीच से गुजरना लोगों के लिए किसी नरक से कम नहीं है।यह कैसी विडंबना है कि जिस क्षेत्र को हेरिटेज विलेज का दर्जा देकर सहेजने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं प्रशासन की नाक के नीचे गंदा पानी और गंदगी लोगों की नियति बन चुके हैं।

शिव शाह, राजन शर्मा, चंद्रशेखर, अजय कुमार और लव शर्मा जैसे स्थानीय निवासियों ने इस नारकीय स्थिति से तंग आकर जब हेरिटेज विलेज कमेटी, साडा प्रशासन और पंचायत से पानी की निरंतर निकासी के लिए गुहार लगाई, तब जाकर प्रशासन की यह घोर लापरवाही उजागर हुई है।

लोग बार-बार होने वाली इस जलभराव की समस्या से निजात मांग रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। इस स्थिति को देखकर अब यह तीखा सवाल उठना लाजमी है कि क्या सरकार ने परागपुर को धरोहर गांव और विशेष क्षेत्र का दर्जा सिर्फ गंदगी फैलाने के लिए ही दिया है? अगर संरक्षण का यही मॉडल है, तो प्रशासन को इस शर्मनाक स्थिति पर शर्म आनी चाहिए और तुरंत कोई ठोस कदम उठाना चाहिए।

### मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ (एचजीसीटीए) की स्थानीय इकाई द्वारा राज्य स्तरीय जनरल हाउस (महासभा) का सफल आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के हमीरपुर, चंबा, सोलन, कांगड़ा, शिमला, मंडी, बिलासपुर और ऊना सहित विभिन्न जिलों के लगभग 50 महाविद्यालयों से 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया मुख्य अतिथि रहे, जबकि राज्य अध्यक्षा डॉ. बनिता सकलानी ने अध्यक्षता की। राज्य महासचिव प्रो. संजय कांगो ने मुख्य एजेंडा प्रस्तुत किया। महासभा में शिक्षकों की समस्याओं, सीएएस, डीपीसी भर्ती नियमों और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. सकलानी ने संघ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए नियमितीकरण, स्टडी लीव और पीएच.डी. गाइडशिप जैसे फैसलों को बड़ी सफलता बताया। वहीं महासचिव ने अगस्त में राज्य स्तरीय चुनाव और 6 जुलाई से गेट मीटिंग व काले बिल्ले लगाकर विरोध कार्यक्रम की घोषणा की।


**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

**किसम मुकदमा नाम दरुस्ती**
**आगामी तारीख पेशी 4/06/2026**

श्रीमति वीना देवी पुत्री श्री चमेल सिंह वासी गांव बलोट मौजा उगघालता उप-तहसील लम्बलू, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ।....... प्रार्थीगण

**बनाम**

**आमजनता**

**नोटिस बनाम आम जनता**

उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति वीना देवी पुत्री श्री चमेल सिंह वासी गांव बलोह मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि0 प्र0) ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र भूमि खाता न0 187 खतौनी न. 187 खसरा किता 9 रखबा 7 कनाल 07 मरले महाल बलोह में अपना नाम सही करनवाने वारे दिया है जिसमें प्रार्थी का सही नाम वीना देवी है जबकि राजस्व रिकार्ड में कशमीरी देवी गलत दर्ज है। अतः सही नाम वीना देवी उर्फ कशमीरी देवी सही करवाने की प्रार्थना की है।

इसलिए आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी / अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त नाम दरूस्ती वारे कोई उजर / एतराज है तो वह असालतन / वकालतन दिनांक 04/06/2020 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 04/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

# हमीरपुर जिले में 29,830 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत रविवार को जिला हमीरपुर में 5 वर्ष तक की आयु के 29,830 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय अत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों के अलावा पोलियो की आशंका वाले स्थानों जैसे प्रवासी श्रमिकों की बस्तियों एवं झुग्गी बस्तियों के आसपास भी विशेष रूप से बूथ स्थापित किए गए थे।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 29,924 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रविवार को कुल 29,830 यानि लगभग 99.68 प्रतिशत बच्चों को यह दवाई पिलाई गई। किन्हीं कारणों से अगर कोई बच्चा छूट गया है तो स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर यह दवाई पिलाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सर्किट हाउस हमीरपुर में लगाए गए बूथ पर उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ की बेटी को भी पोलियो ड्रॉप्स पिलाई गई।

# बारिश से ब्यास पुल पर पानी और मलबा जमा, एनएच आधा घंटा बाधित

## सीवरेज व्यवस्था फेल होने से बढ़ी परेशानी, स्थायी समाधान की उठी मांग

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** सोमवार को नादौन में हुई भारी बारिश के कारण ब्यास पुल पर काफी पानी और मलबा आ गया जिसके चलते करीब आधे घंटे तक सड़क मार्ग भी बंद हो गया। पुल के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। पुलिस ने मौका पर पहुंच कर जाम खुलवाया।

भारी बारिश के कारण स्थानीय विश्राम गृह से लेकर ब्यास पुल के मुहाने तक वर्षा का पानी और मलबा काफी मात्रा में जमा हो गया। जिससे कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप्प हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि उप डाकघर से लेकर ब्यास पुल तक पानी की निकासी के लिए सीवरेज पाइप कई वर्ष पहले डाले गए थे परंतु आज तक इस योजना को आरंभ ना किए जाने के कारण यह सफेद हाथी ही साबित हो रहा है। अब तो यह पाइपें भी कई जगह पर बंद हो गई हैं।

लोगों का कहना है कि यदि अंडर ग्राउंड डाली गई इस सीवरेज के कार्य को पूर्ण कर दिया जाए तो इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान करवाया जाए। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन कुमार ने बताया कि इस बारे जल शक्ति विभाग से आग्रह किया गया है ताकि इस कार्य को शीघ्र पूरा करके समस्या का समाधान किया जा सके।




नादौन में भारी बारिश से ब्यास पुल पर पानी और मलबा जमा, जनजीवन प्रभावित। अनंत ज्ञान

# सुप्रीम कोर्ट के लंबित मामलों के निपटारे का अवसर, 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह एवं मध्यस्थता से निपटाने के लिए गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह एवं मध्यस्थता से निपटारे के इच्छुक पक्षकारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। कुलदीप शर्मा ने बताया कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के सर्वोच्च न्यायालय के प्रयासों की कड़ी में 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में समाधान समारोह 2026 का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न केसों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता से किया जा रहा है। 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में विशेष लोक अदालतों के आयोजन के साथ ही इस विशेष अभियान का समापन होगा। कुलदीप शर्मा ने बताया कि लंबित मामलों को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल करने के लिए एक सरल गूगल फार्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट एससीआई.जीओवी.इन पर उपलब्ध है। इच्छुक पक्षकार दिए गए लिंक के माध्यम से 31 जुलाई तक गूगल फार्म भरकर अपने मामले को इस विशेष लोक अदालत में शामिल करवा सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं सभी संबंधित पक्षकारों से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीराम दूत हनुमान की दिव्य कथा दो को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल के तत्वाधान में गीता राम चरित मानस प्रचार प्रसार संस्थान वार्ड नंबर 5 हमीरपुर में नवनिर्मित बहुआयामी भवन में श्री राम दरबार के पुनीत चरणों में 2 से 8 जुलाई तक हनुमान की महाराज की दिव्य कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस सर्वजन कल्याण कारिणी कथा को भक्तजनों को श्रवण करवाने के लिए मां शारदा के पुत्र आचार्य मुकेश जी महाराज सौटा वाले आएंगे। सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष भगवान दास शास्त्री ने इस दिव्य कथा के लिए हमीरपुर वासी सादर प्रेम सहर्ष सपरिवार आमंत्रित हैं।

### हमीरपुर में मनाया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बीसवें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को जिला सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकीय अधिकारी अशोक कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए बताया कि वर्ष 2007 में महान सांख्यिकीविद प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्मदिवस 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि महालनोबिस को भारतीय सांख्यिकी का जनक माना जाता है तथा उन्होंने भारतीय सांख्यिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन और केंद्रीय सांख्यिकी संगठन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस वर्ष सांख्यिकीय दिवस का विषय 'प्रशासनिक डेटा की क्षमता को अनलॉक करना' रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नीतियों के निर्माण के लिए सटीक डेटा अत्यंत आवश्यक है।

### महिलाओं ने सीखा जूट के उत्पाद बनाना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मटटनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में महिलाओं के लिए आयोजित 14 दिवसीय जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 29 महिलाओं ने भाग लेकर जूट से विभिन्न उत्पाद बनाने का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। समापन अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने बैंकों की ऋण एवं सरकारी सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इस अवसर पर मूल्यांकनकर्ता रविंद्र शर्मा और उषा देवी, ट्रेनर सीमा देवी, फैकल्टी मेंबर विनय चौहान, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जमली धाम में स्वदेशी वार्षिक मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गौशाला जमली धाम में वार्षिक स्वदेशी मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर गौतीर्थ पथमेडा से आए संत गौपुत्र स्वामी गोपालानंद जी महाराज का गौभक्तों ने भव्य स्वागत किया। उन्होंने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए 27 जुलाई को जिलाधीश के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया। गौशाला अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि कार्यक्रम में गाय और नंदी की महिमा पर प्रवचन हुए तथा महिला मंडलों ने स्वदेशी गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कुर्सी रेस और नींबू रेस जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। विभिन्न महिला मंडलों ने भाग लेकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

# बड़सर की बेटी आंचल शर्मा को रूबल ठाकुर ने किया सम्मानित



बड़सर की बेटी आंचल शर्मा को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत करेर की होनहार बेटी आंचल शर्मा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा आयोजित एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजी प्रवेश परीक्षा-2026 में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान (AIR-1) प्राप्त कर न केवल बड़सर विधानसभा क्षेत्र, बल्कि जिला हमीरपुर एवं पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर एचपीएमसी एवं नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने आंचल शर्मा को सम्मानित करते हुए उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान रूबल सिंह ठाकुर ने कहा कि आंचल शर्मा की सफलता क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प यह संदेश देते हैं कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़सर की बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, जो पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। ऐसी उपलब्धियां प्रदेश के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। ठाकुर ने ईश्वर से प्रार्थना की कि आंचल शर्मा भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करें।

# हमीरपुर जिला के विभिन्न संस्थानों में धूमधाम से मनाएंगे स्थापना दिवस: हर्ष चौहान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला हमीरपुर की जिला बैठक विभाग कार्यालय हमीरपुर में संपन्न हुई। बैठक में विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा जी एवं प्रदेश ब्लड बैंक प्रमुख हेमा मल्होत्रा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक विषयों तथा विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला संयोजक हर्ष चौहान ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाती है।

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का अवसर है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में खेलकूद प्रतियोगिताएं, भाषण प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक सहित कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विभाग संयोजक भवानी ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा हमीरपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सुजानपुर, भोरंज, बड़सर, चकमोह, धनेटा, नादौन, नेरी, हमीरपुर महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं।

# भारी बारिश के बाद भागेटू गांव में युवाओं ने श्रमदान कर सड़क से हटाया मलबा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, भगेटू (हमीरपुर)।** बीती रात और सोमवार सुबह हुई भारी बारिश के कारण भागेटू गांव के चौक के पास पूरे रोड़ पर बड़े-बड़े पत्थर और मलबा आ जाने से सड़क पर आवागमन अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया था। सड़क से होकर प्रतिदिन बाइक, कारें, बसें एवं अन्य वाहन गुजरते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला दिव्यांग समीक्षा समिति के सदस्य राजन कुमार ने गांव के युवाओं को साथ लेकर श्रमदान किया तथा सड़क पर पड़े सभी पत्थरों और मलबे को हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया। इस नेक कार्य से स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी राहत मिली।

राजन कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को केवल प्रशासन पर निर्भर रहने के बजाय ऐसे जनहित के कार्यों में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। यदि सभी नागरिक अपने आसपास की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आएं, तो समाज को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर बनाया जा सकता है। इस श्रमदान अभियान में गांव के सूबेदार महेंद्र सिंह, अंशुल ठाकुर, आदित्य ठाकुर, अंजना कुमारी, कृतिका ठाकुर तथा जगदीश चंद ने भी पूरे तन-मन से सहयोग दिया।

सभी ने मिलकर सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। राजन ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज के लिए एक सकारात्मक मिसाल कायम करें।

# महिला सशक्तिकरण ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम: अभिषेक राणा

अनंत ज्ञान



**सुजानपुर।** सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पटलांदर में महिला मंडल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला मंडलों की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला मंडलों को सम्मानित करने के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त हिमाचल के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाया गया। ट्रस्ट द्वारा स्टील की थालियां एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री वितरित कर लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से दूर रहने का संदेश दिया गया।

ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि महिलाएं समाज की वास्तविक शक्ति और परिवार की आधारशिला हैं। यदि महिला सशक्त होगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट वर्षों से महिला मंडलों को सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। यह केवल सम्मान समारोह नहीं बल्कि महिलाओं को सामाजिक नेतृत्व, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के अभियानों से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट पिछले लगभग 25 वर्षों से जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय है। ट्रस्ट ने निःशुल्क मेडिकल कैंप, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

कार्यक्रम के दौरान महिला मंडलों ने भी ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की सराहना करते हुए प्लास्टिक मुक्त हिमाचल और सामाजिक जागरूकता के अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। ट्रस्ट ने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल हिमाचल के निर्माण का लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा।

# देवभूमि की सबसे बड़ी चिंता बढ़ता नशा: कविष्वा कौशल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश अपनी सुंदर वादियों, संस्कृति और देवी-देवताओं की आस्था के लिए जाना जाता है, लेकिन आज एक ऐसी समस्या तेजी से बढ़ रही है जो हमारे युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रही है। यह बात भाजपा नेत्री कविष्वा कौशल ने जारी बयान में कही। कविष्वा ने कहा हिमाचल प्रदेश अपनी सुंदर वादियों, संस्कृति और देवी-देवताओं की आस्था के लिए जाना जाता है परंतु आज के कुछ युवा और युवतियां भी चिट्टा, स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों की गिरफ्त में आ रही हैं यह एक गंभीर समस्या है समाजिक संस्थाओं और सरकार को इस समस्या पर सदैव अंकुश लगाने के लिए अथक प्रयास करने होंगे अन्यथा आने वाली युवा पीढ़ी नशा का गहरा असर पड़ सकता है। अगर आज हम जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

कविष्का ने कहा कि जरूरत है कि परिवार, समाज, स्कूल, प्रशासन और युवा मिलकर इस लड़ाई को लड़ें। नशे को फैशन नहीं, विनाश समझें। बताया कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ 'एंटी-चिट्टा अभियान' के तहत भारी मात्रा में नशीले पदार्थों को नष्ट भी किया गया है। इसके अतिरिक्त सरकारों द्वारा स्कूलों और ग्राम पंचायतों में विशेष जागरूकता समितियां बनाकर युवाओं को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं हलांकि राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की करोड़ों रुपये की अवैध संपत्तियों को जब्त करने व नष्ट करने की कार्रवाई जारी है।

# अंकिता कालिया का एम्स पुडुचेरी में नर्सिंग ऑफिसर पद पर चयन



विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने बेटी को शुभकामनाएं दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्ह बिहाल के गांव जंगल, की होनहार बेटी अंकिता कालिया, बेटी अशोक कालिया, का ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस पुडुचेरी में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है।

इस शानदार उपलब्धि पर विधायक लखनपाल ने अंकिता कालिया के साथ-साथ उनके परिवार को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। कठिन परिश्रम से किसी भी मंजिल पर पहुंचना आसान होता है इसके लिए कठिन संकल्प कड़ी मेहनत के साथ माता-पिता का आशीर्वाद का होना भी बहुत आवश्यक होता है। अंकिता कालिया के पिता भी प्राइवेट क्लीनिक चलाते हैं एक ईमानदार व्यक्तित्व है हमेशा गरीब लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं उनकी ईमानदारी को शब्दों में ब्यां करना संभव नहीं है।

हर वर्ष वे पीएम श्री सीसे आदर्श स्कूल बिझड़ी की जो बच्चे हिमाचल प्रदेश की टॉप 10 लिस्ट में आते हैं साथ ही जो बच्चे स्कूल में फर्स्ट सेकंड थर्ड पोजिशन पर रहते हैं उन्हें वे हर साल सम्मानित करते हैं।

# योगासन खेलों में कर्म योगशाला के खिलाड़ियों ने जीते 19 स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** कर्म योगशाला हमीरपुर के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में दबदबा रहा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर द्वारा दुगनेड़ा में किया गया। इस प्रतियोगिता में योगासन खेल के विभिन्न इवेंट जिसमें परंपरागत खेल, कलात्मक, तलात्मक, कलात्मक युगल, तलात्मक युगल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कर्म योगशाला के सात खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमें से सीनियर बी वर्ग में रजनी वाला ने चार स्वर्ण पदक, निधि डोगरा ने चार स्वर्ण पदक, प्रिंस डोगरा ने चार स्वर्ण पदक, अक्षित ने तीन स्वर्ण पदक एक सिल्वर,यशवर्धन अत्री ने तीन स्वर्ण पदक, उज्ज्वल ने तीन स्वर्ण पदक एक सिल्वर, नक्श ने एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कर्म योगशाला का दबदबा बनाए रखा। इन सभी योगासन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बता दें कर्म योगशाला हमीरपुर में जिला न्यायालय के पीछे, पिछले एक साल से कार्यरत है इसमें योगासन खेल के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए अभ्यास करवाया जाता है। इस अवसर पर कर्म योगशाला की प्रशिक्षिका निशा ने इन सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और और अधिक मेहनत करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना अच्छा खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। कर्म योगशाला के संचालक शशि कुमार ने सभी योगासन खिलाड़ियों को और उनकी प्रशिक्षिका निशा को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दें और भविष्य में इसी तरह अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा जहां एक तरफ योग के माध्यम से बच्चे अपने आप को बुरी संगति ,नशा ,अन्य कृतियों से बचकर योग के माध्यम से योगासन खेल में एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक भाग लेकर मान सम्मान और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं।




योगासन प्रतियोगिता में कर्म योगशाला का शानदार प्रदर्शन किया।

**इंटरव्यू** हमीरपुर शिक्षा विभाग में बड़ा अपडेट, 800 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग रिपोर्ट शिमला भेजी: डिप्टी डायरेक्टर

# काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी, शारीरिक शिक्षकों की भर्ती जल्द: किशोर

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के गृह जिला में डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी और एलिमेंट्री दोनों के डिप्टी डायरेक्टर एक ही हैं, लेकिन इन दोनों कार्यालयों में कुछ ऐसा भी है जिसकी चर्चा पिछले कुछ समय से खूब हो रही है। 'अनंत ज्ञान' ने प्रारंभिक शिक्षा के डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर से कई मुद्दों पर बातचीत की। जिला में शिक्षा व्यवस्था की हालत, खाली पदों की स्थिति, शारीरिक शिक्षकों की काउंसलिंग के मामले को लेकर और बायोमेट्रिक हाजिरी पर कितनी संतुष्टि है। शिक्षा विभाग को इस पर भी चर्चा की है।

डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर का कहना है कि काउंसलिंग शारीरिक शिक्षकों की मुकम्मल करके उसे शिमला स्थित उच्च कार्यालय को भेज दिया गया है। 800 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने इसमें हिस्सा लिया था और हमीरपुर जिला में 18 पोस्ट हैं जिन पर उनकी नियुक्ति होनी है। उनका यह भी कहना था कि काउंसलिंग के समय कुछ अभ्यर्थियों का जो मामला था वह 'विवाद' नहीं था। उनकी कुछ क्वेरीज थीं उस पर सारी स्थिति क्लियर हो गई थी। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले ही इस कार्यालय ने काउंसलिंग का सारा ब्यूरो तैयार करके डायरेक्टर कार्यालय को भेज दिया है। अब उम्मीद यही है कि बहुत जल्दी खाली पदों पर शारीरिक शिक्षकों की भर्ती हो जाएगी।




अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

### असुरक्षित भावनाओं को गिराने की तैयारी

**डिप्टी** डायरेक्टर ने बताया कि हमीरपुर जिला में जिन स्कूलों के पुराने भवन अब स्कूल परिश्रम में बनाए रखने की स्थिति में नहीं है, उनकी सूची बनाई जा रही है। ऐसे असुरक्षित भवनों को गिराया जाएगा। इसका पूरा ब्योरा इकट्ठा करके उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है। इस पर जल्दी ही मोहर लगेगी।

### बायोमेट्रिक में लग रही 90 फीसदी हाजिरी

**उनका** कहना था कि जिला के स्कूलों में इस वक्त हाजिरी के बायोमेट्रिक सिस्टम में 90 फीसदी से ज्यादा की कामयाबी है। कुछ जगह पर तकनीकी खामियां हैं, पर ऐसा रूटीन में चलता रहता है, और जहां-जहां से इसकी जानकारी मिलती है, उसे दुरुस्त किया जाता है। उनका कहना था कि बीएस पोर्टल पर बच्चों की भी हाजिरी लगा रही है उसका पूरा बुरा रोजाना अपडेट होता है और इस तरह की यह व्यवस्था शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।

कमल किशोर ने बताया कि फिलहाल जितने पद जिला में खाली हैं, उनमें डीपी या पीजीटी काम कर रहे हैं। जब रेगुलर भर्ती इन शिक्षकों की हो जाएगी, तो फिर इन्हें भी राहत मिलेगी। हमीरपुर के दोनों डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में तकरीबन एक दर्जन प्रिंसिपलों और अन्य शिक्षकों की मौजूदगी पर उनका कहना था कि इसे काउंसलिंग के समय काम लिया गया है, उनके बैठने की व्यवस्था इसलिए अच्छे से हो पाई है, क्योंकि इन दोनों कार्यालयों में कई पद अभी भी खाली हैं। इसलिए उनकी सीटों पर यह लोग बैठकर जो काम इन्हें दिया जाता है, उसे बखूबी करते हैं। इसलिए व्यवस्था बनाने में कोई दिक्कत नहीं है।

उनसे जब यह पूछा गया कि ऐसी तैनातियों से कार्यालय का माहौल खराब नहीं होता? उनका कहना था कि ऐसा नहीं है। अल्प समय के लिए इनकी तैनाती है और यह सारे अपने-अपने स्टेशन पर चले जाएंगे। जब सरकार इन्हें भेजेगी। क्या यह लोग आसपास के स्कूलों में बच्चों को पढ़ा नहीं सकते अतिरिक्त रूप में कोई क्लास नहीं ले सकते। कमल किशोर ने बताया कि इन स्कूलों में कोई भी पद खाली नहीं है और यदि ऐसा होता तो निश्चित रूप में इन्हें वहां भेजा जाता।

क्वालिटी एजुकेशन और बायोमेट्रिक हाजिरी को लेकर डिप्टी डायरेक्टर का कहना था कि क्वालिटी एजुकेशन के मामले को लेकर न केवल हमीरपुर जिला बल्कि पूरा हिमाचल बेहतर स्थिति में है। देश में जितने भी राज्य हैं। उनमें हिमाचल गुणवत्ता के मामले में छठे नंबर पर है और यदि यूनियन टेरिटरी को निकाल दिया जाए, तो यह स्थिति तीसरे नंबर पर बनती है। हमीरपुर जिला का इसमें बड़ा रोल है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई से कोई समझौता यहां होने वाला नहीं है

## न्यूज ब्रीफ

### धनोटू में दो युवकों से 84 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** धनोटू पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों के कब्जे से 84 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मामले में पियूष पुत्र दीप कुमार निवासी गांव जसाई डाकघर जंसूह तहसील नादौन जिला हमीरपुर तथा अभिनव पुत्र सर्वण कुमार निवासी गांव कान डाकघर धंगोट तहसील डाडवाल जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की आयु 19 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने बरामद चरस को कब्जे में लेकर दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसका इस्तेमाल अथवा वितरण किस उद्देश्य से किया जाना था। मामले की गहन जांच जारी है।

### सयोहली में लोगों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, भौर।** विकास खंड धनोटू की सयोहली पंचायत में पंचायत प्रधान मीरा देवी की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलाए जा रहे एंटी चिट्टा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान, उपप्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा पंचायत के स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को चिट्टा जैसे घातक नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा अपने बच्चों को नशे की लत से बचाने के लिए जागरूक किया गया। पंचायत प्रधान मीरा देवी ने लोगों से अपील की कि बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि चिट्टा तेजी से गांवों तक पहुंच रहा है, इसलिए सभी को सतर्क रहकर युवा पीढ़ी को इस बुराई से बचाना होगा।

### संधोल अस्पताल आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर शुरू हुआ जनआंदोलन सोमवार को दूसरे दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। आंदोलन के दूसरे दिन दो युवा साथी अमित और अंशुल क्रमिक अनशन पर बैठे। वहीं सुबह से ही क्षेत्र की महिलाओं, बुजुर्गों और विभिन्न पंचायतों के स्थानीय लोग धरना स्थल पर पहुंचकर युवाओं का हौसला बढ़ाते रहे। धरना स्थल पर पूरे दिन लोगों की आवाजाही बनी रही। नारी शक्ति की सदस्याएं भी बड़ी संख्या में आंदोलन स्थल पर पहुंचीं और युवाओं को अपना समर्थन देते हुए कहा कि यह लड़ाई पूरे क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य अधिकारों की है और इसे हर हाल में अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। युवा शक्ति के प्रतिनिधि राकेश जामवाल, अविनाश भनवाल, साजन कौंडल और मनीष कुमार ने कहा कि आंदोलन को जनता का लगातार भरपूर समर्थन मिल रहा है, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार क्षेत्र के लोग एकजुट होकर आंदोलन में शामिल हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि संधोल अस्पताल की बदहाली अब पूरे क्षेत्र की सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है। युवाओं ने कहा कि उनकी मांगें कोई असंभव या बड़ी मांग नहीं हैं। सरकार यदि चाहे तो तुरंत अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल कर सकती है तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति कर लोगों को राहत दे सकती है।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव परिसर में भारतीय स्टेट बैंक (एस बी आई) द्वारा एक वित्तीय जागरूकता एवं जनकल्याण योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसबीआई की वरिष्ठ अधिकारी (एमडी मैडम) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सुंदरनगर एवं आसपास के मंडी क्षेत्र के विभिन्न एसबीआई शाखा प्रबंधक, सभी कस्टमर सर्विस प्वाइंट (सीएसपी) संचालक, बैंक प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला परिषद महादेव वार्ड की सदस्य किरणा जी, ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान सहित आसपास की पंचायतों के प्रधानों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आम जनता को केंद्र सरकार एवं एसबीआई के माध्यम से संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें विशेष रूप से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (₹20 वार्षिक प्रीमियम), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इन योजनाओं का उद्देश्य आम नागरिकों को कम लागत पर बीमा सुरक्षा एवं भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपने परिवार को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जोड़ने की अपील की गई। साथ ही बैंक अधिकारियों ने लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए वित्तीय साक्षरता और बैंकिंग सेवाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### खलैहल में डाकघर शाखा खोलने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के लोगों ने पंचायत के केंद्र स्थल छोटी झरवाड़ में उपडाकघर बरोट की शाखा स्थापित करने की मांग एक बार फिर जोरदार ढंग से उठाई है। पंचायत प्रधान सुभाष ठाकुर, उपप्रधान भागमल ठाकुर तथा मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ और बड़ी झरवाड़ गांवों के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में विधवा, वृद्ध एवं दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले अनेक लाभार्थी हैं, जिन्हें अपनी पेंशन लेने के लिए छह से नौ किलोमीटर दूर स्थित उपडाकघर बरोट जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उम्रदराज पेंशनधारकों को दूरी के साथ-साथ डाकघर में भारी भीड़ के कारण भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर तथा डाक विभाग से मांग की है कि विभिन्न पेंशनधारकों और ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खलैहल पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर उपडाकघर बरोट की शाखा खोली जाए। इस संबंध में विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि इस मांग को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा और समस्या के समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### जंधरू कलां में दिया महिला सुरक्षा का संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की नवगठित पंचायत जंधरू कलां में महिला सुरक्षा, युवा जागरूकता और नशामुक्त समाज के संदेश को लेकर जिला स्तरीय आत्मरक्षा, कराटे एवं जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिव मंदिर कांगोगलू में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पंहुची वार्ड नंबर-3 बंगवारी की नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य सरला देवी ने किया। इस अवसर पर टाइगर अकादमी के संचालक दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में करीब 60 बच्चों ने भाग लेकर आत्मरक्षा, कराटे और जूडो के विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### जूकैण में कबीर जयंती पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जूकैण में संत कबीर पंथ ग्राम सुधार सभा जूकैण के प्रधान मेघ चंद के नेतृत्व में कबीर जयंती और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर कथा वाचक नन्द राम प्रेमी ने कबीर जी जीवनी पर विशेष प्रकाश डाला तथा उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का समाज से आग्रह किया। इस मौके पर ग्राम सुधार सभा के उप प्रधान आशा देवी, महासचिव बलदेव चंद, संयुक्त महासचिव मीरा देवी, कोषाध्यक्ष रूप चंद कपूर, मुख्य सलाहकार जोगिंदर सिंह, प्रचार सचिव कश्मीर सिंह, अनुसूचित जाति , जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवम् अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों में, मोर्चा के अतिरिक्त प्रदेश प्रैस सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज, जिला महासचिव रणजीत सिंह, मुख्य संरक्षक हरि दास कौशल, मुख्य सलाहकार विधि चंद कौंडल, इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जयदेवी में पकड़े देवदार के 25 मोछे

## गाड़ी में 10 और सड़क किनारे रखे थे 15 मोछे, वन विभाग ने काबू किए तीन आरोपी

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** सुकेत वन मंडल ने अवैध देवदार कटान और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात जयदेवी वन परिक्षेत्र की रात्रि गश्ती टीम ने चोरी कर ले जाई जा रही देवदार की लकड़ी से भरे एक पिकअप को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जबकि तीन लोगों को मौके पर ही दबोच लिया गया।

वन विभाग की टीम ने वाहन से देवदार के 10 मोछे तथा सड़क किनारे ले जाने के लिए रखे गए 15 अन्य मोछे बरामद किए। मौके पर किसी प्रकार का वैध ट्रांजिट पास या अन्य अनुमति पत्र नहीं मिला। जांच में सामने आया कि संरक्षित वन क्षेत्र से कुल 9 देवदार के पेड़ अवैध रूप से काटे गए, जिनमें 6 चतुर्थ और 3 पंचम श्रेणी के वृक्ष शामिल हैं। बरामद लकड़ी का कुल आयतन 1.230 घन मीटर तथा अनुमानित मूल्य करीब 1.40 लाख रुपए आंका गया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

मामले की जांच पुलिस कर रही है। जानकारी देते हुए डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट सुकेत फॉरेस्ट डिवीजन मंडी राकेश कटोच (आईएफएस) ने बताया कि पुलिस कार्रवाई के अलावा वन विभाग भारतीय वन अधिनियम की धारा 52 के तहत वाहन और लकड़ी को जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू करेगा। इसके साथ न्यायालय में आपराधिक अभियोजन भी चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह सफलता जून 2023 से शुरू की गई सुदृढ़ वन संरक्षण व्यवस्था का परिणाम है। नियमित रात्रि गश्त, सूचना आधारित निगरानी और फील्ड स्टाफ की सक्रियता के चलते अब तक 67 जंगल चेकिंग अभियान चलाए जा चुके हैं। इन अभियानों से न केवल वन अपराधों पर अंकुश लगा है, बल्कि दुर्गम क्षेत्रों में वन विभाग की प्रभावी मौजूदगी भी स्थापित हुई है।

### हर सप्ताह रात्रि नाके, अब तक 10 वाहन जब्त




**डीसीएफ** राकेश कटोच ने बताया कि वन मंडल के 6 वन परिक्षेत्रों के 19 बीट ब्लॉकों में प्रत्येक सप्ताह रात्रि नाके और गश्त अनिवार्य की गई है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप जून 2023 से अब तक अवैध वन उपज परिवहन में प्रयुक्त 10 वाहन जब्त किए जा चुके हैं। वन विभाग ने जंगल रक्षा समितियों के गठन के माध्यम से स्थानीय समुदायों को वन संरक्षण से जोड़ा है। वहीं, अतिक्रमण रोकने के लिए पिछले तीन वर्षों में 6 हजार से अधिक सीमा स्तंभ स्थापित और पुनर्स्थापित किए गए हैं, जिससे वन सीमाएं स्पष्ट होने के साथ विवादों की संभावना भी कम हुई है।मानसून सीजन में प्रदेश सरकार के 'एक पेड़-एक मित्र' अभियान के तहत विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान से जोड़ा जाएगा।

### वन अपराधों पर जीरो टॉलरेंस : डीसीएफ

**डीसीएफ** रोकेश कटोच ने कहा कि सुकेत वन मंडल में वन अपराधों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि जंगलों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी अवैध कटान व तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## छोटाभंगाल को जल्द मिलेगी एंबुलेंस की सौगातः राजकुमार

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी के एक छोर कोठी कोहड़ और दूसरे छोर लोहारडी में वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुर्वेदिक डिस्पेंसरियां संचालित होने के बावजूद एंबुलेंस सुविधा का अभाव बना हुआ है। घाटी की सात पंचायतों बड़ाग्रां, कोठी कोहड़, धरमान, मुल्थान, लोआई, स्वाड़ और पोलिंग के वर्तमान एवं पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों द्वारा लंबे समय से एंबुलेंस उपलब्ध करवाने की मांग उठाई जाती रही है, लेकिन अब तक यह मांग पूरी नहीं हो सकी।



◆ **संकल्प ब्लड डोनेशन बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था ने किया वादा**

इस गंभीर आवश्यकता को देखते हुए संकल्प ब्लड डोनेशन बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था ने छोटाभंगाल घाटी के लिए एंबुलेंस उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस क्षेत्र के लिए एंबुलेंस अत्यंत आवश्यक है और आगामी 15 अगस्त को शिवनगर मुल्थान में आयोजित मेले के दौरान संस्था की ओर से एक एंबुलेंस मेला कमेटी शिवनगर मुल्थान को समर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व संस्था बैजनाथ क्षेत्र को भी एंबुलेंस प्रदान कर चुकी है, जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है और अब छोटाभंगाल घाटी के लोग भी इस सुविधा से लाभान्वित होंगे।

## संधोल अस्पताल आंदोलन को माकपा का समर्थन :भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** संधोल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को लेकर शुरू हुए जनआंदोलन को माकपा का समर्थन मिल गया है। सीटू एवं माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण क्षेत्र के लोग एक बार फिर आंदोलन के लिए मजबूर हुए हैं। उन्होंने बताया कि आंदोलन के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर महिलाओं ने भाग लेकर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक सुविधाओं की मांग उठाई।

भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में आंदोलन के दौरान किए गए आश्वासन आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि संधोल अस्पताल में महिलाओं की डिलीवरी, अल्ट्रासाउंड, बच्चों और बुजुर्गों के उपचार जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण मरीजों को हमीरपुर और टांडा रेफर किया जाता है। उन्होंने अस्पताल में दो एमडी चिकित्सकों, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य रिक्त पदों को भरने तथा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो उनके संगठन के कार्यकर्ता भी आंदोलन और क्रमिक अनशन में शामिल होंगे।

◆ **कहा- सुविधाओं के अभाव के कारण करना पड़ा आंदोलन**

## सुमन महापौर, जितेंद्र शर्मा चुने उप महापौर

### उपायुक्त ने नगर निगम के पार्षदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के महापौर (मेयर) एवं उप महापौर (डिप्टी मेयर) पदों के लिए सोमवार को नगर निगम कार्यालय, मंडी के सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। दोनों पदों के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण सुमन ठाकुर को महापौर तथा जितेंद्र शर्मा को उप महापौर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता उपायुक्त एवं प्राधिकृत अधिकारी अपूर्व देवगन ने की। इस अवसर पर नगर निगम मंडी के सभी 14 नवनिर्वाचित पार्षद उपस्थित रहे। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार महापौर पद के लिए वार्ड नंबर नौ पैलेस दो से सुमन ठाकुर तथा उप महापौर पद के लिए वार्ड नंबर ग्यारह समखेतर से जितेंद्र शर्मा ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

इन दोनों पदों के लिए अन्य कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ, जिसके चलते प्राधिकृत अधिकारी ने दोनों को क्रमशः महापौर एवं उप महापौर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। इससे पहले उपायुक्त एवं प्राधिकृत अधिकारी अपूर्व देवगन ने नगर निगम के सभी 14 नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने नवनिर्वाचित महापौर, उप महापौर तथा सभी पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नगर निगम मंडी जनहित, पारदर्शिता एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर सदर के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, नगर निगम के सहायक आयुक्त विजय कुमार सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




नगर निगम कार्यालय मंडी के सभागार में नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने को आयोजित बैठक में मौजूद उपायुक्त और अन्य। अनंत ज्ञान

◆ **आयुक्त रोहित राठौर ने किया बैठक का संचालन**

## गुरु की कृपा के बिना जीवन अधूरा : गुरुदयाल

### टारना में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से मनाया कबीर साहेब का 628वां प्रकटोत्सव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सद्गुरु श्री कबीर साहेब मंदिर, टारना (मंडी) में सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्रकटोत्सव बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान दूर दूर से पधारे हुए संत-गुरुजनों ने सत्संग के माध्यम से संगत को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु भक्ति और कबीर वाणी का रसपान किया।

गुरुदेव गुरुदयाल साहेब (डेराबस्सी) ने संगत को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य सच्चे सतगुरु की शरण प्राप्त कर ईश्वर भक्ति में लीन होना है। गुरु की कृपा और भक्ति के बिना जीवन अधूरा है। जब तक मनुष्य अपने अहंकार का त्याग कर स्वयं को भक्ति के रंग में नहीं रंगता, तब तक उसे परम सत्य और सच्चे सतगुरु की प्राप्ति नहीं हो सकती। छत्तीसगढ़ के जैजैपुर से पधारे डॉ. रोहित साहेब ने मानव जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जीवन अत्यंत दुर्लभ है। इसे सेवा, सत्संग और सद्कर्मों के माध्यम से सार्थक बनाना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए समय रहते सच्चे सतगुरु कि प्राप्ति के भजन, सुमिरन मेम लग कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। इस अवसर पर कबीर जागु आश्रम, रुकुंदीपुर (उत्तर प्रदेश) से पधारे परम संत धीरज साहेब, कबीर आश्रम, मिश्रीक से पधारे संत धर्मदेव साहेब, आगरा से संत देवा साहेब विशेष रूपये से उपस्थित रहे। आयोजक कमेटी व कबीर मंदिर टारना मंडी के प्रधान रूप सिंह कौंडल ने बताया कि इस वर्ष सद्गुरु कबीर साहेब का तीन दिवसीय प्रकट दिवस पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया।

आयोजन से एक सप्ताह पूर्व प्रतिदिन प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शनिवार को निकाली गई भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही।

सोमवार प्रातः निशान साहेब की पूजा-अर्चना की गई। संत गुरुजनों के द्वारा संगत को सतसंग रूपी ज्ञान गंगा मे गोता लगाने के सुवसर प्रदान किया। कबीर मंदिर टारना मंडी की संगत द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने उपस्थित संगत को भक्ति रस में भाव-विभोर कर दिया।

### हिम साहित्य परिषद मंडी ने मनाई कबीर जयंती



**अनंत ज्ञान, मनोज सोनी, नेरचौक।** कबीर जयंती के अवसर पर सोमवार को जानी -मानी साहित्यिक संस्था हिम साहित्य परिषद मंडी के द्वारा अध्यक्ष डॉक्टर पीसी कौंडल की अध्यक्षता में मंडी जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से दो सत्रों में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी एवं विशेष अतिथि डॉ. गंगा राम राजी की उपस्थिति में पहले सत्र में महात्मा कबीर के बारे कवि विद्या शर्मा व सुरेंद्र मिश्रा ने पत्र पढ़े, जिस पर साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया, प्रकाश चंद्र धीमान, डॉ पी सी कौंडल, डॉ. गंगा राम राजी,भीम सिंह,जगदीश कपूर ने चर्चा करते हुए खासतौर पर कहा कि महात्मा कबीर एक क्रांतिकारी कवि ही नहीं बल्कि एक दार्शनिक भी थे। उन्होंने आत्मा और परमात्मा का सुंदर चित्रण किया है उनकी रचनाधर्मिता सच्चे आध्यात्मिक ज्ञान की ओर आकर्षित करता है। उन्होंने ताउम्र प्रतिभा प्रदर्शन नहीं किया बल्कि वे आत्मज्ञान के लिए साधनारत रहे। इसी प्रकार दूसरे सत्र में बहुभाषी कवि सम्मेलन में करीब तीस कवियों ने नशे पर प्रहार करने के अलावा,भ्रष्टाचार, सामाजिक बुराईयों,नारी शक्ति, भ्रष्ट कानून व्यवस्था शोषण,गंदी राजनीति आदि को लेकर अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से व्यंग्य बाण छोड़े।

## जंगमबाग मार्ग पर पड़े गड्ढों से राहगीर व वाहन चालक परेशान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की चांबी पंचायत के अंतर्गत धार्मिक एवं ऐतिहासिक ग्रामीण क्षेत्र जंगमबाग को जाता भराड़ी से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग इन दिनों गहरे गड्ढों और खस्ताहाल स्थिति के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार बरसात का मौसम बिल्कुल नजदीक है, लेकिन जंगमबाग मार्ग का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कच्चा पड़ा हुआ है, जिससे वाहन चालकों सहित आसपास के कई क्षेत्रों के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग बीबीएमबी कॉलोनी (बीएसएल परियोजना क्षेत्र) को भी सीधे तौर पर जोड़ता है और दिन-रात इस पर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। लोगों का कहना है कि सड़क को पक्का करने और इसके आवश्यक सुधार कार्यों के लिए कई बार संबंधित विभाग तथा सरकार को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास के आरम्भ में प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की धार्मिक यात्रा पुराना नगर से जंगमबाग स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर तक निकाली जाती है, जिसके सफल आयोजन में दिन-रात का समय लगता है। ऐसे में मार्ग का पक्का और सुगम होना न केवल आवश्यक है बल्कि समय की भी मांग है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से जंगमबाग के कच्चे एवं जर्जर मार्ग को शीघ्र पक्का करवाने और आवश्यक सुधार कार्य शुरू करने की पुरजोर मांग की है।



जंगमबाग को जाने वाला खस्ताहाल संपर्क मार्ग।

◆ **बरसात से पहले सड़क को पक्का करने की उठी मांग**

## सफाई कर्मचारियों को किया जाए नियमित

### आउटसोर्स सफाई एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्कर्स के सम्मेलन में उठी मांग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मजदूर संगठन सीटू ने आज बचत भवन सरकाघाट में आउटसोर्स सफ़ाई एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्कर्स का सम्मेलन आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार, रेखा, अंजना, और भुवनेश्वर ने की और सीटू के ज़िला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने उद्घाटन किया तथा गुरदास वर्मा ने समापन किया। सम्मेलन में पांच दर्ज़न प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें नगर परिषद और नागरिक अस्पताल सरकाघाट और मेडिकल कॉलेज नेरचौक के सफ़ाई मज़दूरों के अलावा पपलोग, बरछवाड़,मंडी, सुंदरनगर सीवरेज प्लांट के मजदूरों ने भाग लिया। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए सीटू प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ये मज़दूर सबसे महत्वपूर्ण काम करते हैं जो शहरों,अस्पतालों और अन्य सार्वजिनक स्थलों की साफ़ सफ़ाई करते हैं जो इनके स्वास्थ्य की दृष्टि से जोखिम भरा भी होता है। यहां तक कि ये मज़दूर कूड़े करकरट को डंपिंग स्थानों से सेग्रीगेट भी करते हैं और इस दौरान बीमारियों का भी शिकार होते हैं, लेकिन इनके स्वास्थ्य की नियमित जांच का कोई प्रबंध नहीं है। इन्हें अपने बलबूते पर छुटियां लेकर स्वस्थ जांच करवाने जाना पड़ता है। इसलिये यूनियन की मांग है कि इनकी हर पंद्रह दिन में निशुल्क स्वस्स्थ जांच हो। इसके अलावा ये भी मांग उठाई गई कि सफ़ाई का कार्य परमानेंट किस्म का है इसलिए इन्हें रेगुलर आधार पर भर्ती किया जाये और और आउटसोर्स व ठेका प्रथा बंद की जाए। मज़दूरों को न्यूनतम 27 हज़ार मासिक वेतन दिया जाए और तब तक हिमाचल सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन हर माह की सात तारीख से पहले जारी की जाए। ओवरटाईम करवाने पर दोगुना वेतन दिया जाए और साल मेंगर्मियों और सर्दियों के लिए अलग अलग दो सेट बर्दियों के दिये जायें।सुरक्षा वस्त्र, ग्लब्ज़,रेन कोट, सुरक्षा उपकरण और जूते इत्यादि नियमित तौर पर उपलब्ध करवाए जाएं और वस्त्र धुलाई भत्ता दिया जाए। बीमार या घायल होने पर पेड होलीडे दिया जाए और साल में बोनस,कर्मचारी भविष्य निधि और राज्य बीमा योजना को सख़्ती से लागू किया जाए। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट मज़दूरों को समय पर वेतन व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। सम्मेलन को निर्माण मज़दूर यूनियन की सत्या देवी और सोहन सिंह, मिड डे मील की ज़िला प्रधान बिमला देवी ने भी इनकी मांगों का समर्थन करते हुए भविष्य में आंदोलन करने पर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

### संतोष कुमार को प्रधान कंचन को चुना उपप्रधान

**सम्मेलन** में 15 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें संतोष कुमार को प्रधान, कंचन गुलेरिया, रेखा देवी और भवनेश्वर को उपप्रधान, मॉन सिंह को सचिव शननी ठाकुर को सह सचिव अंजना को कोषाध्यक्ष तथा लाभ सिंह, रामलाल, अमृतलाल, विशाल, अनिल, अमित कुमार, मितलेश, सविता,कैलासी,कुंता, सुमना देवी को कार्यकरणी सदस्य चुना गया।

**रेशम** जिले के 105 रेशम उत्पादकों को दी 1.63 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता

## मंडी में रेशम उद्योग बना ग्रामीण समृद्धि की पहचान

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार के प्रयास मंडी जिला में रेशम उद्योग के रूप में सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। शहतूत आधारित रेशम उत्पादन, बीज उत्पादन, पोस्ट-कोकून गतिविधियों तथा ओक टसर रेशम पालन के माध्यम से मंडी जिला आज रेशम क्षेत्र में एक विशेष पहचान बना चुका है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान जिले में 3,619 औंस रेशम बीज वितरित किए गए, जिससे 6,593 किसान लाभान्वित हुए। इस अवधि में 27,041.74 किलोग्राम हरे कोकून का उत्पादन हुआ तथा किसानों को 84,500 उन्नत किस्म के शहतूत पौधे उपलब्ध करवाए गए। वर्तमान में जिले के 1,944 किसान परिवार सेरीकल्चर गतिविधियों से जुड़े हैं। सिल्क समग्र-2 योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 105 लाभार्थियों को 163.66 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई, जिससे शहतूत रोपण, रेशम कीट पालन गृह, उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार संभव हुआ। जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक रेशम पालन, रोग प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण कोकून उत्पादन की जानकारी दी जा रही है। जिले के मध्य एवं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ओक टसर रेशम पालन भी ग्रामीण परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का सशक्त स्रोत बन रहा है। उद्योग विभाग के अंतर्गत रेशम मण्डल मंडी, उप निदेशक रेशम कार्यालय बालीचौकी, सिल्कवर्म सीड प्रोडक्शन सेंटर थुनाग तथा रेशम मण्डल संधोल किसानों को पौधरोपण, तकनीकी प्रशिक्षण, बीज उपलब्धता, प्रसंस्करण और विपणन संबंधी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। थुनाग स्थित सिल्कवर्म सीड प्रोडक्शन सेंटर तथा बालीचौकी का सेरी एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट एंड इनोवेशन सेंटर रेशम उत्पादन एवं मूल्य संवर्द्धन गतिविधियों को नई दिशा दे रहे हैं। उत्पादन, प्रसंस्करण, प्रशिक्षण और विपणन की समन्वित व्यवस्था के चलते रेशम उद्योग मंडी जिले में ग्रामीण रोजगार और आजीविका संवर्धन का मजबूत आधार बनकर उभरा है।



मंडी जिले में रेशम उत्पादन गतिविधियों से जुड़े किसान एवं रेशम पालन केंद्र में संचालित कार्य।

> **आनंद** उछलता-कूदता जाता है, शांति मुस्कुराती हुई चलती है।
> -हरिभाऊ उपाध्याय

## संपादकीय

# सड़क हादसे नहीं, चेतावनी

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे चिंता का विषय बन चुके हैं। हाल ही में शिमला जिले के रामपुर में हुए भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की जान चली गई। इसके बाद चंबा जिले में एक के बाद एक दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार-चार लोगों की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। लगभग हर सप्ताह कहीं न कहीं किसी वाहन के गहरी खाई में गिरने, अनियंत्रित होकर पलटने या आमने-सामने की टक्कर की खबर सामने आ रही है। सवाल यह है कि आखिर इन हादसों के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या केवल हिमाचल की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, खराब सड़कें और मौसम इसके लिए जिम्मेदार हैं, या फिर हमारी लापरवाही भी इन दुर्घटनाओं की बड़ी वजह है? हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है। यहां की सड़कें संकरी हैं, तीखे मोड़ हैं, गहरी खाइयां हैं और बरसात के मौसम में भूस्खलन का खतरा भी बना रहता है। इन परिस्थितियों में वाहन चलाना मैदानी क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। इसलिए यहां वाहन चलाने वाले प्रत्येक चालक को सामान्य से कहीं अधिक सतर्क और जिम्मेदार होना पड़ता है, लेकिन दुर्भाग्य से कई बार चालक इन परिस्थितियों को हल्के में लेते हैं। तेज रफ्तार, ओवरटेक करने की जल्दबाजी, मोबाइल फोन का उपयोग, शराब पीकर वाहन चलाना और थकान की स्थिति में ड्राइविंग जैसे कारण हादसों को न्योता देते हैं।

अक्सर देखा गया है कि कुछ चालक पहाड़ी मार्गों पर भी उसी गति से वाहन चलाते हैं, जैसे किसी चौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे हों। पहाड़ी सड़कों पर तेज गति कभी भी सुरक्षित नहीं हो सकती। एक छोटा-सा मोड़, सामने से आने वाला वाहन, सड़क पर गिरा पत्थर या अचानक सामने आया कोई पशु भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसलिए वाहन की गति हमेशा सड़क और मौसम के अनुसार नियंत्रित रखनी चाहिए। मानसून के दिनों में जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। बारिश के कारण सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं, दृश्यता कम हो जाती है और भूस्खलन की आशंका बनी रहती है। ऐसे समय में अनावश्यक यात्रा से बचना चाहिए। यदि यात्रा करना आवश्यक हो तो मौसम की जानकारी लेकर ही निकलें और प्रशासन की चेतावनियों का पालन करें। जहां भूस्खलन की संभावना हो, वहां बिना अनुमति आगे बढ़ने का जोखिम नहीं उठाना चाहिए।

वाहन की तकनीकी स्थिति भी सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। पहाड़ी क्षेत्रों में ब्रेक, टायर, स्टीयरिंग, क्लच, हेडलाइट और हॉर्न पूरी तरह सही स्थिति में होने चाहिए। कई दुर्घटनाएं केवल इसलिए हो जाती हैं, क्योंकि वाहन का रखरखाव समय पर नहीं किया जाता। लंबी यात्रा से पहले वाहन की जांच कराना और आवश्यक मरम्मत कराना हर चालक की जिम्मेदारी है। सीट बेल्ट और हेलमेट का महत्व आज भी बहुत से लोग नहीं समझते। कार में आगे ही नहीं, पीछे बैठने वाले यात्रियों को भी सीट बेल्ट लगानी चाहिए। दोपहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य होना चाहिए। यह केवल कानूनी नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है।

आज मोबाइल फोन भी सड़क हादसों का बड़ा कारण बनता जा रहा है। वाहन चलाते समय फोन पर बात करना, संदेश पढ़ना या वीडियो देखना कुछ क्षणों के लिए चालक का ध्यान भटका देता है, लेकिन यही कुछ सेकंड किसी परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन सकते हैं। यदि फोन का उपयोग आवश्यक हो तो वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर ही बात करें। सड़क सुरक्षा केवल चालक की जिम्मेदारी नहीं है। यात्रियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। यदि चालक तेज गति से वाहन चला रहा हो, शराब के नशे में हो या जोखिमपूर्ण तरीके से ड्राइविंग कर रहा हो तो यात्रियों को उसे रोकना चाहिए। मौन रहना भी कई बार दुर्घटना का अप्रत्यक्ष कारण बन जाता है। सरकार और संबंधित विभागों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जिन स्थानों पर बार-बार दुर्घटनाएं होती हैं, वहां वैज्ञानिक अध्ययन कर स्थायी समाधान किए जाने चाहिए।

सड़क किनारे मजबूत क्रैश बैरियर लगाए जाएं, चेतावनी संकेतों की संख्या बढ़ाई जाए, ब्लैक स्पॉट्स का सुधार किया जाए और समय-समय पर सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। साथ ही चालक प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। पर्यटक भी हिमाचल की सड़कों पर विशेष सावधानी बरतें। पहाड़ों पर ड्राइविंग का अनुभव न होने पर अनावश्यक जोखिम न लें। यातायात नियमों का पालन करें। याद रखें कि पहाड़ों में कुछ मिनट पहले पहुंचने की जल्दबाजी जीवनभर का पछतावा बन सकती है। सड़क हादसे कई परिवारों की खुशियां उजाड़ देते हैं। इसलिए सड़क सुरक्षा को केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। हर चालक यदि यह संकल्प ले कि वह यातायात नियमों का पालन करेगा, वाहन की गति नियंत्रित रखेगा, शराब पीकर वाहन नहीं चलाएगा, मोबाइल का उपयोग नहीं करेगा और मौसम के अनुसार सावधानी बरतेगा, तो अनेक हादसों को रोका जा सकता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय विज्ञान के युगप्रवर्तक

**भारत** के महान वैज्ञानिक चिंतामणि नागेश रामचंद्र राव (सीएनआर राव) का जन्म 30 जून 1934 को बेंगलुरु में हुआ। वे देश के अग्रणी रसायन वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने घन-अवस्था (Solid State) और संरचनात्मक रसायन विज्ञान (Structural Chemistry) के क्षेत्र में विश्वस्तरीय शोध कर भारत का गौरव बढ़ाया। उन्होंने 17 वर्ष की आयु में मैसूर विश्वविद्यालय से बीएससी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से एमएससी तथा आईआईटी खड़गपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।



सीएनआर राव
जन्म : 30 जून, 1934

सीएनआर राव ने अपने वैज्ञानिक जीवन में 1,500 से अधिक शोध-पत्र और 45 वैज्ञानिक पुस्तकों का लेखन किया। ट्रांजिशन मेटल ऑक्साइड, सुपरकंडक्टिविटी, नैनोमैटेरियल, ग्राफीन तथा हाइब्रिड मैटेरियल जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु में 'सॉलिड स्टेट एंड स्ट्रक्चरल केमिस्ट्री यूनिट' की स्थापना की तथा जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च की भी नींव रखी।

राव ने केवल वैज्ञानिक शोध ही नहीं किए, बल्कि भारत की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीतियों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे विभिन्न प्रधानमंत्रियों की वैज्ञानिक सलाहकार परिषद से जुड़े रहे और विज्ञान को राष्ट्रीय विकास का आधार बनाने में योगदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें 1974 में पद्मश्री, 1985 में पद्म विभूषण तथा 2013 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया।



कविता

### अनकहा इजहार

डॉ.राजीव डोगरा (युवा कवि लेखक)
(हिंदी अध्यापक) गांव जनयानकड़ (कांगड़ा)

**हां** मैं लिखता हूं
सिर्फ लिखने के लिए नहीं
अपने जज्बातों के
इजहार के लिए भी
हां मैं लिखता हूं
हर अल्फाज में तुमको
मगर कहता नहीं कभी
अपने लफ्जों में तुमको
हां मैं लिखता हूं
अपने हृदय की
गहरी अनुभूति के साथ
मगर जाता नहीं कभी
अपने जज्बातों के आर पार।

# जलवायु परिवर्तन से बढ़ा मानसून का खतरा

भारत में मानसून केवल एक ऋतु नहीं है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, कृषि, जल-संसाधनों और जनजीवन की धुरी है। सदियों से मानसून को जीवनदायी माना जाता रहा है, क्योंकि इसकी वर्षा खेतों को हरियाली देती है, नदियों और जलाशयों को भरती है तथा भीषण गर्मी से राहत प्रदान करती है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मानसून का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
सामाजिक विचारक

अब यह केवल राहत लेकर नहीं आता, बल्कि अपने साथ अनेक प्रकार के जोखिम भी लेकर आता है। कहीं अचानक बादल फटने की घटनाएं होती हैं, कहीं तेज हवाओं और गरज-चमक वाले तूफानों से जनजीवन प्रभावित होता है, तो कहीं आकाशीय बिजली लोगों की जान ले लेती है। बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के दौर में मानसून से जुड़े खतरे पहले की तुलना में अधिक गंभीर और व्यापक हो गए हैं। यही कारण है कि मौसम संबंधी जोखिम आज केवल वैज्ञानिक अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय चिंता का प्रश्न भी बन चुके हैं।

वर्तमान समय में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि मौसम की पारंपरिक प्रकृति में परिवर्तन आ रहा है। पहले जहां वर्षा अपेक्षाकृत नियमित और संतुलित होती थी, वहीं अब लंबे समय तक सूखा रहने के बाद अचानक अत्यधिक वर्षा होने लगी है। इसी प्रकार गरज-चमक वाले तूफानों और आकाशीय बिजली की घटनाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान ने वायुमंडल की संरचना और व्यवहार को प्रभावित किया है। वातावरण में अधिक ऊर्जा और अधिक नमी उपलब्ध होने के कारण मौसमीय घटनाएं अधिक तीव्र और अनिश्चित हो रही हैं। इसका सीधा असर मानव जीवन, कृषि, बुनियादी ढांचे और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है।

आकाशीय बिजली उन प्राकृतिक घटनाओं में से एक है जो हर वर्ष हजारों लोगों को प्रभावित करती है। भारत में बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या कई अन्य प्राकृतिक आपदाओं की तुलना में अधिक रहती है। विशेष चिंता का विषय यह है कि अधिकांश पीड़ित ग्रामीण क्षेत्रों से होते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग खुले वातावरण में काम करते हैं। किसान, खेतिहर मजदूर, पशुपालक और निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिक मौसम के इन खतरों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। जब अचानक बादल घिरते हैं और गरज-चमक शुरू होती है, तब कई लोग खतरे की गंभीरता को नहीं समझ पाते और खुले स्थानों पर ही बने रहते हैं। परिणामस्वरूप आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अनेक लोगों की जान चली जाती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो आकाशीय बिजली का निर्माण वायुमंडल में होने वाली जटिल प्रक्रियाओं का परिणाम है। जब धरातल अत्यधिक गर्म हो जाता है और उसके ऊपर की परतों में अपेक्षाकृत ठंडी हवा मौजूद रहती है, तब गर्म और नम हवा तेजी से ऊपर उठने लगती है। यह प्रक्रिया संवहन कहलाती है।



ऊपर उठती हुई हवा ठंडी होकर संघनित होती है और बादलों का निर्माण करती है। यदि वातावरण में पर्याप्त नमी और ऊर्जा मौजूद हो, तो ये बादल विशाल क्यूम्यलोनिम्बस बादलों का रूप ले लेते हैं। इन्हीं बादलों में पानी की बूंदों, बर्फ के कणों और ओलों के बीच होने वाली टक्करों से विद्युत आवेश उत्पन्न होते हैं। जब आवेशों का असंतुलन अत्यधिक बढ़ जाता है, तब बिजली चमकती है और धरती तथा बादलों के बीच विद्युत निर्वहन होता है।

मानसून के दौरान समुद्रों से आने वाली नम हवाएं भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश हिस्सों में पहुंचती हैं। ये हवाएं बड़ी मात्रा में जलवाष्प लेकर आती हैं, जो बादलों के निर्माण और वर्षा के लिए आवश्यक होती है लेकिन यही नमी जब अत्यधिक गर्म वातावरण से मिलती है, तो शक्तिशाली तूफानों का निर्माण भी कर सकती है। नमी और तापमान का यह संयोजन मौसमीय अस्थिरता को बढ़ाता है।

बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और खतरनाक होता जा रहा है। बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जिससे गरज-चमक, आकाशीय बिजली, अत्यधिक वर्षा और अचानक आने वाले तूफानों की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके साथ ही अनियंत्रित शहरीकरण, वनों की कटाई और कंक्रीट के बढ़ते विस्तार ने भी मौसमीय जोखिमों को और गंभीर बना दिया है।

भारत जैसे विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाले देश में हर क्षेत्र अलग-अलग प्रकार की मौसमीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जबकि मैदानी और तटीय क्षेत्रों में तेज बारिश, बाढ़ और बिजली गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इनका सबसे अधिक प्रभाव किसानों, मजदूरों और ग्रामीण आबादी पर पड़ता है।

हालांकि मौसम विज्ञान में हुई प्रगति के कारण समय रहते सटीक पूर्वानुमान और चेतावनियां जारी की जा रही हैं, लेकिन इनका लाभ तभी मिलेगा जब लोग मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लें और आवश्यक सावधानियां अपनाएं। सरकार को भी आपदा प्रबंधन, सुरक्षित आश्रयों, मौसम आधारित कृषि सलाह और जन-जागरूकता अभियानों को मजबूत करना होगा।

कुल मिलाकर, मानसून भारत की जीवनरेखा है, लेकिन बदलती जलवायु में इसके जोखिमों को समझना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सतर्कता, समय पर चेतावनी और सामूहिक तैयारी ही प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में ग्रे डाइवोर्स के बढ़ते मामले समाज के लिए चिंता का विषय

भारत में ग्रे डाइवोर्स (Grey Divorce) के बढ़ते मामले आज समाज के लिए एक गंभीर और विचारणीय विषय बनते जा रहे हैं। ग्रे डाइवोर्स का अर्थ है 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के दंपतियों का लंबे वैवाहिक जीवन के बाद अलग होने का निर्णय लेना।



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, कोटला,घुमारवीं

पहले जहां विवाह को जीवनभर का अटूट बंधन माना जाता था, वहीं अब अधेड़ और वृद्धावस्था में भी तलाक के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। यह प्रवृत्ति अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी इसका प्रभाव दिखाई देने लगा है।

आमतौर पर ऐसे दंपति 20, 30 या कभी-कभी 40 वर्षों तक साथ जीवन व्यतीत करने के बाद अलग होने का निर्णय लेते हैं। बच्चों के बड़े हो जाने और पारिवारिक जिम्मेदारियों के पूर्ण होने के बाद कई बार रिश्तों में आई दूरी अधिक स्पष्ट हो जाती है, जिससे वैवाहिक संबंधों पर प्रश्नचिह्न लग जाता है।

ग्रे डाइवोर्स के बढ़ने का एक प्रमुख कारण आर्थिक आत्मनिर्भरता है। आज महिलाएं शिक्षा और रोजगार के माध्यम से पहले की तुलना में अधिक सशक्त हुई हैं। वे अब केवल सामाजिक दबाव में असंतोषजनक विवाह को बनाए रखने के लिए बाध्य नहीं हैं। इसके साथ ही समाज में तलाक को लेकर नकारात्मक सोच भी धीरे-धीरे कम हो रही है, जिससे लोग अपने व्यक्तिगत सुख, मानसिक शांति और आत्मसम्मान को अधिक महत्व देने लगे हैं। लंबे समय तक संवाद की कमी, भावनात्मक दूरी और एक-दूसरे के प्रति उदासीनता भी इस समस्या को बढ़ाती है। कई दंपति बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए वर्षों तक मतभेद सहन करते रहते हैं, लेकिन जैसे ही बच्चे आत्मनिर्भर होते हैं, वे अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने लगते हैं। इसके अतिरिक्त, जीवन प्रत्याशा बढ़ने के कारण 50 या 60 वर्ष की आयु के बाद भी लोगों के पास लंबा जीवन शेष रहता है, जिसे वे अपनी इच्छानुसार और मानसिक संतुष्टि के साथ जीना चाहते हैं।



ग्रे डाइवोर्स का प्रभाव केवल पति-पत्नी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। वयस्क बच्चों को मानसिक तनाव और भावनात्मक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है। परिवार की आर्थिक संरचना प्रभावित होती है और वृद्धावस्था में अकेलेपन की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

पोते-पोतियों के साथ संबंधों में भी दूरी आने की संभावना रहती है। तलाक के बाद वृद्धावस्था में नई परिस्थितियों के साथ सामंजस्य बैठाना आसान नहीं होता। अकेलापन, अवसाद और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं कई बार जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। विशेषकर उन लोगों के लिए यह स्थिति अधिक कठिन होती है जिनका अधिकांश जीवन परिवार के साथ बीता होता है।

इस समस्या के समाधान के लिए सबसे आवश्यक है संवाद और समझदारी। पति-पत्नी को नियमित रूप से अपनी भावनाओं और अपेक्षाओं पर चर्चा करनी चाहिए। कई मामलों में काउंसलिंग और फैमिली थेरेपी रिश्तों को टूटने से बचाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। साथ ही, परिवार और समाज को भी भावनात्मक सहयोग की भूमिका निभानी होगी।

भारत में बढ़ते ग्रे डाइवोर्स के मामले यह संकेत देते हैं कि सामाजिक संरचना तेजी से बदल रही है। यह केवल वैवाहिक संबंधों का संकट नहीं, बल्कि पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक जुड़ाव की परीक्षा भी है। आवश्यकता इस बात की है कि व्यक्ति की स्वतंत्रता और रिश्तों की जिम्मेदारी के बीच संतुलन स्थापित किया जाए, ताकि परिवार और समाज दोनों में स्थिरता और संवेदनशीलता बनी रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर की संरचना एक मकड़ी ने तैयार की थी

उत्तर भारत हिमालय की गोद में स्थित हिमाचल प्रदेश की भूमि ऋषि-मुनियों, साधु-संतों व तपस्वियों की भूमि है, इसलिए यह राज्य देवभूमि के नाम से विश्व के मानचित्र में अंकित है। हिमाचल प्रदेश में एक से बढ़कर एक अनेक रमणीय पर्यटन व धार्मिक पवित्र स्थल हैं, जहां हर वर्ष सैलानियों का सैलाब उमड़ा रहता है।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

इन्हीं में से राज्य की कुल्लू जनपद घाटी को कुदरत ने सांस्कृतिक विरासत के साथ- साथ प्रकृति ने यहां अपार सुंदरता बख्शी हुई है, इसलिए यह अद्भुत वैली हर साल सैलानियों से गुलजार रहती है। कुल्लू के नग्गर में अवस्थित मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर लोगों की आस्था, श्रद्धा व विश्वास का केंद्र है, जिसके दर्शनार्थ यहां देश-विदेश के पर्यटकों का तांता लगा रहता है। यह देवी मां अपनी दैवीय शक्ति से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आमंत्रित करती है। वास्तव में यह मंदिर पौराणिक युग में ले जाता है। त्रिपुरा सुंदरी मां के बारे में मान्यता है कि यह उन दस महाविद्याओं में से एक है, जिनकी उपासना ब्रह्मा, विष्णु, इंद्र, सूर्य, स्कन्द, अग्नि, अगस्त्य, कामदेव, मनु, कुबेर व लोपामुद्रा आदि देवताओं ने परम तत्व प्राप्त करने के लिए की थी।

यही नहीं, आदि शंकराचार्य ने भी त्रिपुरा सुंदरी मां की प्रसिद्धी प्राप्त की हुई है। इसलिए इसकी महत्ता दस महाविद्याओं में मां त्रिपुरा सुंदरी को तीसरा स्थान प्राप्त है। यह समस्त मंदिर पगौड़ा शैली में निर्मित है और लकड़ी में उकेरी गई नक्काशी द्वारा बना हुआ है। इसकी छतें देवदार की लकड़ी से सुसज्जित व ढकी हुई हैं। त्रिपुरा सुंदरी देवी को कुल्लू घाटी में राजघराने की कुलदेवी माना जाता है। इस देवी मां को राजेश्वरी के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर में तीनों लोको की स्वामिनी कह जाने वाली मां का वन भी है। नग्गर वैसे भी रौरिक आर्ट गैलरी के रूप में विश्वविख्यात है। किवदंती अनुसार यह मंदिर लगभग 1500 वर्ष पुराना माना जाता है और मां पिंडी के रूप में अवस्थित है यहां। जनश्रुति अनुसार त्रिपुरा सुंदरी देवी ने यहां मकड़ी का रूप धारण कर इस मंदिर का निर्माण किया था। चारदीवारी पर बनाए गए मंदिर की तीन मंजिलें हैं। नीचे से ऊपर की ओर क्रमश: तंग होती मंजिलों के ऊपर कलश है। मंदिर के प्रवेश द्वार के ऊपर गणेशजी की बनी अलौकिक प्रतिमा प्रत्येक आगंतुक को आत्म-विभोर कर देती है। दंतकथा अनुसार, मंदिर की भव्यता के संदर्भ में कहा जाता है कि मंदिर की सरंचना एक मकड़ी ने तैयार की थी, जिसके जरिए कारीगरों ने इसको वर्तमान स्वरूप में निर्मित किया।



मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर से जुड़ी प्राचीन मान्यता के अनुसार, एक ग्वाला प्रतिदिन अपनी गाय चराने इस स्थान पर आता था, लेकिन गाय शाम को दूध नहीं देती थी।

एक दिन उसने देखा कि एक दिव्य षोडशी कन्या घनी झाड़ियों से निकलकर गाय का दूध पीती है और फिर अंतर्ध्यान हो जाती है। ग्रामीणों ने उस स्थान की खुदाई की तो वहां देवी की दिव्य पिंडी प्रकट हुई। उसी समय देवी ने स्वयं को मां त्रिपुरा सुंदरी बताते हुए गांव के सुख-समृद्धि के लिए यहां विराजमान होने का आशीर्वाद दिया। इसके बाद राजा विहंग मणिपाल के शासनकाल में मंदिर का निर्माण हुआ।

कुल्लू राजवंश की आराध्य देवी माने जाने वाले इस मंदिर में 'देई री जाच', बिरशू मेला और 'शाढ़ी जाच' जैसे भव्य धार्मिक उत्सव आयोजित होते हैं, जिनमें हजारों श्रद्धालु आस्था के साथ दर्शन-पूजन कर मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आत्मरक्षा का अधिकार और लाइसेंस प्रक्रिया पर पुनर्विचार की आवश्यकता

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करना है। जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं, तभी कानून के शासन और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उनका विश्वास मजबूत होता है। लेकिन यदि समाज का एक वर्ग यह महसूस करने लगे कि संकट की स्थिति में वह असहाय है और वैध रूप से आत्मरक्षा के साधन प्राप्त करने की प्र्, या अत्यधिक जटिल है, तो इस विषय पर गंभीर विमर्श होना स्वाभाविक है।



शिशु गुप्ता
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में शस्त्र रखने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है। शस्त्र अधिनियम, 1959 और उससे जुड़े नियमों के तहत शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाते हैं। इसका उद्देश्य स्पष्ट है-हथियार केवल उन्हीं लोगों तक सीमित रहें जो कानून का पालन करते हों, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड न हो और जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा न बनें। यह व्यवस्था आवश्यक भी है, क्योंकि किसी भी समाज में हथियारों का अनियंत्रित प्रसार कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

इसके बावजूद यह प्रश्न लगातार उठता रहा है कि क्या वर्तमान लाइसेंस प्रक्रिया जरूरत से अधिक जटिल, लंबी और प्रशासनिक औपचारिकताओं से बोझिल हो गई है? अनेक आवेदकों का अनुभव है कि आवेदन से लेकर अंतिम निर्णय तक कई महीने, कभी-कभी वर्षों का समय लग जाता है। इस दौरान अनेक स्तरों पर जांच, सत्यापन और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करनी पड़ती हैं। यदि कोई नागरिक सभी कानूनी शर्तों को पूरा करता है, फिर भी उसे समयबद्ध निर्णय नहीं मिलता, तो व्यवस्था की दक्षता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दूसरी ओर, समाज में समय-समय पर ऐसे दृश्य भी देखने को मिलते हैं, जहां सार्वजनिक आयोजनों, धार्मिक जुलूसों या पारंपरिक कार्यक्रमों में तलवारों तथा अन्य शस्त्रों का प्रदर्शन होता है। इन घटनाओं से आम नागरिक के मन में यह सवाल पैदा होता है कि यदि सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन संभव है, तो कानून का पालन करने वाला एक जिम्मेदार नागरिक वैध लाइसेंस प्राप्त करने के लिए इतनी लंबी प्रक्रिया से क्यों गुजरे? यह तुलना पूरी तरह समान परिस्थितियों की नहीं है, क्योंकि पारंपरिक और लाइसेंस प्राप्त आग्नेयास्त्रों के कानूनी प्रावधान अलग-अलग हो सकते हैं। फिर भी नागरिकों की यह भावना व्यवस्था में अधिक स्पष्टता और पारदर्शिता की आवश्यकता की ओर संकेत करती है। आत्मरक्षा का अधिकार भारतीय दंड संहिता (अब भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों) में भी मान्यता प्राप्त सिद्धांत है। कानून नागरिक को जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए उचित परिस्थितियों में निजी प्रतिरक्षा का अधिकार देता है। किंतु आत्मरक्षा के इस अधिकार और शस्त्र लाइसेंस की व्यवस्था को एक-दूसरे का पर्याय नहीं माना जा सकता।




हथियार रखना एक विनियमित व्यवस्था के अंतर्गत आता है, जबकि आत्मरक्षा का अधिकार परिस्थितियों के अनुसार लागू होने वाला कानूनी सिद्धांत है। आज आवश्यकता इस बात की है कि लाइसेंस प्रणाली को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीक आधारित बनाया जाए। आवेदन की ऑनलाइन निगरानी, निर्धारित समय सीमा में निर्णय, स्पष्ट पात्रता मानदंड और कारण सहित स्वीकृति या अस्वीकृति की व्यवस्था नागरिकों का विश्वास बढ़ा सकती है। साथ ही, लाइसेंस जारी करने से पहले पृष्ठभूमि जांच, मानसिक स्वास्थ्य का मूल्यांकन, प्रशिक्षण और सुरक्षित शस्त्र संचालन की अनिवार्य व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण होनी चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी सुधार का उद्देश्य हथियारों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्र्, याओं को अधिक निष्पक्ष और प्रभावी बनाना होना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### हेजल कीच का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसी कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स से शादी रचाई है। इसी श्रेणी में एक्ट्रेस और इंडियन क्रिकेटर युवराज सिंह की पत्नी हेजल कीच का नाम भी आता है। हेजल ने इंडस्ट्री में ज्यादा फिल्मों में काम नहीं किया है, इसके बावजूद फिल्मी जगत में उनकी एक अलग पहचान है।




## फीफा विश्व कप स्टॉपेज टाइम में दहाड़ा कनाडा, इतिहास रचा

# द. अफ्रीका को हराकर कनाडा पहली बार अंतिम-16 में

**एजेंसी, इंगलवुड**

सह-मेजबान कनाडा ने फीफा विश्व कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 1-0 से हराकर इतिहास रच दिया। कप्तान स्टीफन यूस्टाकियो ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में शानदार लंबी दूरी का गोल दागकर अपनी टीम को पहली बार विश्व कप के अंतिम-16 में पहुंचाया। मुकाबला पूरे समय बेहद कड़ा और रोमांचक रहा। दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन कोई भी गोल नहीं कर सकी। मैच अतिरिक्त समय की ओर बढ़ता दिख रहा था, तभी स्टॉपेज टाइम में यूस्टाकियो ने पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर गेंद को गोलकीपर रॉनवेन विलियम्स के हाथों से दूर नेट में पहुंचा दिया।

गोल खाने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने बराबरी के लिए अंतिम मिनटों में पूरी ताकत लगा दी, लेकिन कनाडा की रक्षा पंक्ति ने सभी प्रयास विफल कर दिए और टीम ने 1-0 की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। कनाडा के मुख्य कोच जेसी मार्श ने मैच के बाद खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने पिछले दो वर्षों की मेहनत और तय रणनीति पर भरोसा रखा, जिसका परिणाम उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता के रूप में मिला।



**◆ स्टॉपेज टाइम में कप्तान स्टीफन यूस्टाकियो ने गोल कर टीम को दिलाई जीत**

पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। कनाडा को हाफ टाइम से ठीक पहले बढ़त लेने का शानदार मौका मिला, लेकिन मोइज़ बॉम्बिटो का हेडर गोल लाइन से साफ कर दिया गया, जबकि ताजोन बुकेनन का प्रयास गोलकीपर विलियम्स ने रोक लिया। इसके बाद रिची लारिया के पेनल्टी की अपील को वीएआर समीक्षा के बाद भी खारिज कर दिया गया। दूसरे हाफ में कनाडा लगातार आक्रामक रहा। टानी ओलुवासेयी और जोनाथन डेविड भी गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के रक्षकों ने शानदार बचाव किया। आखिरकार स्टॉपेज टाइम में यूस्टाकियो के विजयी गोल ने मुकाबले का फैसला कर दिया। अब कनाडा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए 4 जुलाई को ह्यूस्टन में नीदरलैंड्स या मोरक्को में से किसी एक टीम से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## कोच बोले-जैसे सबका डेब्यू हुआ, वैभव सूर्यवंशी का भी होगा

**एजेंसी, बेलफास्ट**

भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए पूरी तरह तैयार बताया है। हालांकि, कोच ने साफ तौर पर कहा कि टीम में जगह पाने के लिए वैभव को भी उसी चयन प्रकिया से गुजरना होगा। जिससे अन्य खिलाड़ी गुजरे हैं।



45 साल के साउथ अफ्रीकी कोच ने आयरलैंड से हार पर कहा कि टीम खुद को हालात के हिसाब से ढाल नहीं पाई। रविवार को टीम इंडिया को आयरलैंड के खिलाफ एक रन की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ आयरलैंड ने भारत को 2-0 से क्लीन स्वीप भी कर दिया था। आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में वैभव को मौका नहीं मिलने पर उठे सवालों के जवाब में टेन डोशेट ने कहा कि संजू सैमसन ने कुछ महीने पहले भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि अच्छे आईपीएल सीजन के बाद भी खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर देना और उन पर भरोसा बनाए रखना जरूरी है। संजू सैमसन भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में टीम के लिए बड़ा योगदान दिया है। हम खिलाड़ियों को लंबा मौका देना चाहते हैं। वहीं, टेन डोशेट ने कहा कि टीम प्रबंधन वैभव को जल्द खेलते देखने के लिए उत्साहित है, लेकिन उनके लिए भी वही मानदंड लागू होंगे जो अन्य खिलाड़ियों पर लागू होते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी वैभव को खेलते देखना चाहते हैं, लेकिन उसे भी वही प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उसकी प्रतिभा पर किसी को कोई शक नहीं है।

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा 776 रन बनाए थे। उन्होंने 230 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप, मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर और इमर्जिंग प्लेयर जैसे पुरस्कार अपने नाम किए थे। भारत अब एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगा। यदि इस दौरे पर वैभव को डेब्यू का मौका मिलता है तो वह 16 साल की उम्र में पदार्पण करने वाले सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### एफआईएच रैंकिंग : भारतीय पुरुष हॉकी टीम आठवें, महिला टीम नौवें स्थान पर

**एजेंसी, लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा जारी ताजा विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरूष हॉकी टीम आठवें और नेशंस कप विजेता महिला टीम नौवें स्थान पर बरकरार हैं। पुरुष रैंकिंग में हाल ही में एफआईएच प्रो-लीग जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली बेल्जियम टीम 3738 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, नीदरलैंड एक स्थान खिसककर 3513 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड तीसरे, आस्ट्रेलिया चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर हैं। स्पेन और अर्जेंटीना क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। वहीं, प्रो-लीग में आठवें स्थान पर रही भारतीय टीम 3134 अंक लेकर रैंकिंग में भी आठवें स्थान पर बनी हुई है। भारत ने प्रो-लीग के यूरोप चरण के आखिरी मैच में रविवार को इंग्लैंड को शूटआउट में 3 . 2 से हराया। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम प्रो लीग के 16 मैचों में चार जीत, पांच ड्रॉ, शूटआउट के दो बोनस अंक और सात हार के बाद 19 अंक लेकर आठवें स्थान पर रही। भारत के बाद फ्रांस, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें हैं। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप में पांचों मैचों के साथ खिताब अपने नाम करके प्रो लीग में लौटी भारतीय टीम 2735 अंक लेकर नौवें स्थान पर बनी हुई है। लगातार चौथी बार प्रो-लीग जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह बनाने वाली नीदरलैंड टीम 4104 अंक लेकर शीर्ष पर है। अर्जेंटीना (3573) दूसरे और बेल्जियम (3370) तीसरे स्थान पर है जबकि एशियाई टीमों में सबसे प्रभावी प्रदर्शन करने वाली चीन प्रो लीग और विश्व रैंकिंग दोनों में चौथे स्थान पर है। जर्मनी, स्पेन, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शीर्ष दस में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### झारखंड की तीन बेटियां जूनियर हॉकी टीम में दिखाएंगी दम

**एजेंसी, रांची।** झारखंड की महिला हॉकी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। राजधानी रांची के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू हॉकी सेंटर की तीन खिलाड़ी–बिनीमा धान, पार्वती टोप्पो और रोशनी आइंद–का चयन भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में हुआ है। तीनों खिलाड़ी 5 से 14 जुलाई तक इंग्लैंड और स्कॉटलैंड दौरे पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम कुल सात अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। यूरोप की मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का यह मौका खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने के साथ उनके खेल को और निखारने में अहम साबित होगा। बरियातू हॉकी सेंटर लंबे समय से झारखंड में महिला हॉकी प्रतिभाओं को तराशने का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां से प्रशिक्षण लेकर कई खिलाड़ी पहले भी भारतीय टीम तक पहुंच चुकी हैं। एक साथ तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन सेंटर की उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षकों की मेहनत और खिलाड़ियों के समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि बरियातू हॉकी सेंटर लगातार भारतीय टीम को प्रतिभाशाली खिलाड़ी दे रहा है, जो झारखंड में जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं के प्रभावी विकास का प्रमाण है। (अनंत ज्ञान)

### नीरज चोपड़ा जल्द लौटेंगे शीर्ष फॉर्म में : अंजू बॉबी जॉर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिग्गज लंबी कूद एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज का मानना है कि भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जल्द ही अपनी पुरानी लय में लौट आएंगे और आने वाले एशियाई खेलों व 2028 ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करेंगे। अंजू ने कहा कि नीरज चोट से उबरकर वापसी कर चुके हैं और जैसे-जैसे प्रतियोगिताओं का स्तर बढ़ेगा, उनका प्रदर्शन और निखरेगा। उन्होंने कहा कि नीरज एक ओलंपिक और विश्व चैंपियन हैं और उनका अनुभव बड़े मंचों पर भारत के लिए अहम साबित होगा। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। वह अब आगामी बड़ी प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। अंजू ने यह भी कहा कि खिलाड़ी अपने करियर के चरम पर हैं और उन्हें खेल का आनंद लेने की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने भारत के लिए पहले ही ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। (अनंत ज्ञान)

### हॉकी टीम के लिए विदेशी कोच की नियुक्ति करेगा पीएचएफ

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने राष्ट्रीय टीम के एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम प्रबंधन के ढांचे में बदलाव करने का फैसला किया है और वह अब विदेशी कोच की नियुक्ति करेगा। पाकिस्तान इस सत्र में प्रो लीग का एक ही मैच नहीं जीत पाया। लंदन में उसे दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें भारत से मिली 7-1 की करारी शिकस्त भी शामिल है। पीएचएफ का संचालन अभी अंतरिम अध्यक्ष मुहुद्दीन वानी कर रहे हैं। उन्होंने बयान में कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड या जर्मनी से विदेशी कोच की सेवाएं लेगा जो सीनियर टीम के अलावा जूनियर खिलाड़ियों के साथ और घरेलू स्तर पर भी काम करेंगे। बयान में कहा गया है, ''अब राष्ट्रीय टीम को आधुनिक हॉकी की जरूरतों के अनुसार तैयार करने का समय आ गया है।'' (अनंत ज्ञान)

## यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हारे किदांबी श्रीकांत

**एजेंसी, फुलर्टन**




भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत का यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतने का सपना अधूरा रह गया। पुरुष एकल फाइनल में उन्हें चीनी ताइपे के सू ली-यांग के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व नंबर-1 श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम अपने नाम किया, लेकिन निर्णायक गेम में वह युवा प्रतिद्वंद्वी की तेज रफ्तार और आक्रामक खेल का जवाब नहीं दे सके। लगभग एक घंटे तक चले मुकाबले में श्रीकांत 15-21, 21-16, 9-21 से पराजित हुए। 33 वर्षीय श्रीकांत इस सत्र का अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। मुकाबले की शुरुआत उन्होंने अच्छी की, लेकिन कुछ अनावश्यक गलतियों का फायदा उठाकर सू ली-यांग ने पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में श्रीकांत ने शानदार नेट प्ले और दमदार स्मैश का प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार बढ़त बनाए रखी और 21-16 से गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। हालांकि, निर्णायक तीसरे गेम में सू ली-यांग ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और लगातार बढ़त बनाते हुए श्रीकांत पर दबाव बनाए रखा। ब्रेक तक उन्होंने चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद श्रीकांत वापसी नहीं कर सके और सू ली-यांग ने मैच जीतकर अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। इस हार के बावजूद श्रीकांत का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में शानदार रहा। उन्होंने सेमीफाइनल में जापान के युदाई ओकिमोटो को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। (अनंत ज्ञान)

## मां शूलिनी बैडमिंटन टूर्नामेंट में आरव सिंगला बने चैंपियन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला बैडमिंटन संघ सोलन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मां शूलिनी बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल समापन हो गया। 26 से 28 जून तक बैडमिंटन हॉल सोलन में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में सोलन के आरव सिंगला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। परवाणू के हनी उपविजेता रहे। सेमीफाइनलिस्ट हिमांक और प्रणव को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जिला बैडमिंटन संघ ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आयोजन में सहयोग के लिए मां शूलिनी समिति का आभार व्यक्त किया। संघ अध्यक्ष विजय वर्मा और सचिव यदविंदर सेन ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बैडमिंटन एशिया जूनियर : हांगकांग से हारकर भारत क्वार्टर फाइनल में बाहर

**एजेंसी, यात्सुशिरो (जापान)**



बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत का अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में हांगकांग ने भारत को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए पहला सेट 55-44 से अपने नाम किया। देव रूपारेलिया और तन्वी पात्री ने शुरुआती मुकाबलों में बढ़त दिलाई, जबकि भारतीय युगल खिलाड़ियों ने भी लय बनाए रखी। दूसरे सेट में हांगकांग ने जोरदार वापसी की। कैन यी हेई ने देव रूपारेलिया को 11-8 से हराया और आईपी सम याउ ने बढ़त को 22-16 तक पहुंचाया। भारतीय युगल जोड़ी अंतर कम नहीं कर सकी और हांगकांग ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबला निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। निर्णायक सेट में देव रूपारेलिया ने चान को 11-9 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन आईपी ने स्कोर 22-21 कर दिया। इसके बाद ब्योर्न जैसन और डियांका वाल्डिया की मिश्रित युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और विंग ची चू के खिलाफ मुकाबला 11-11 से बराबरी पर खत्म कर भारत को 33-32 की मामूली बढ़त दिलाई। हालांकि, तन्वी रेड्डी आंदलुरी और बरुणी पार्शवाल की जोड़ी चू और यी किउ यू से 5-11 से हार गई। इसके बाद भारत वापसी नहीं कर सका और हांगकांग ने निर्णायक सेट 55-43 से जीतकर भारत का अभियान समाप्त कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 372 अंक गिरा और निफ्टी 110 अंक फिसला



**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार में 29 जून को गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 372 अंक टूटकर 76,728 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 110 अंक गिरकर 23,946 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऑटो, आईटी और मीडिया शेयरों में अधिक बिकवाली देखने को मिली। इससे पहले 25 जून को बाजार में मिला-जुला रुख रहा था। उस दिन सेंसेक्स 109 अंक की बढ़त के साथ 77,100 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 34 अंक चढ़कर 24,056 पर बंद हुआ था। उस सत्र में बाजार में हल्की खरीदारी का माहौल देखा गया था। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक संकेतों और निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते मौजूदा सत्र में दबाव देखा गया। कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।(अनंत ज्ञान)

## अफगानिस्तान में पाक हवाई हमलों में आम नागरिक हताहत : तालिबान

**एजेंसी, काबुल**

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने आरोप लगाया है कि रविवार की रात पाकिस्तान ने उसके पक्तिका, पाकतिया और कुनार प्रांतों में जो हवाई हमले किए हैं, उनमें महिलाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं। तालिबान के सर्वोच्च नेता के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की वायु सेना ने 28 जून की रात अफगानिस्तान के पक्तिका, पकतिया और कुनार प्रांतों में हवाई हमले किए, जिनमें महिलाओं और बच्चों समेत कई आम नागरिक मारे गए और घायल हुए।

मुजाहिद ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि पक्तिका के गयान जिले, पकतिया के समकाणी जिले और कुनार के मनोगई जिले में नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बनाया गया।

उन्होंने इन हमलों को 'कायरतापूर्ण आक्रामक कार्रवाई' बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने यह भी दावा किया कि 8 जून को भी पाकिस्तान की वायु सेना ने कुनार, खोस्त और पक्तिका प्रांतों में नागरिक घरों पर बमबारी की थी, जिसमें 11 बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 14 महिलाएं और बच्चे घायल हुए थे। वहीं, पाकिस्तान की ओर से अलग दावा किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 5,059 और सोना 2,038 रुपए हुआ महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 29 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को एक किलो चांदी 5,059 रुपए बढ़कर 2.22 लाख रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,038 रुपए महंगा होकर 1.42 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.40 लाख पर था। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 9 हजार रुपए महंगा हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10द् सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.42 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.22 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 8 हजार रुपए कम हुई है। (अनंत ज्ञान)

## अगरतला : महाराजा बीर बिक्रम हवाई अड्डे पर आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**एजेंसी, अगरतला**



त्रिपुरा पुलिस और हवाई अड्डा सुरक्षा बल ने विशेष खुफिया सूचना के आधार पर अगरतला स्थित महाराजा बीर बिक्रम हवाईअड्डे पर दो अलग-अलग अभियानों में आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों द्वारा सोमवार को दी गई जानकारी के अनुसार, दोनों अभियानों में चार-चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सभी ने त्रिपुरा सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और गुवाहाटी जाने की योजना बना रहे थे।

गिरफ्तार आरोपितों के पास से कई मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। सभी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगे की पूछताछ के लिए तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अवैध रूप से भारत में प्रवेश कराने वाले दलालों के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। मामले से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## सेशेल्स में भारतीय समुदाय से मिले पीएम नरेंद्र मोदी

**एजेंसी, विक्टोरिया**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के आखिरी दिन भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने विक्टोरिया में प्रवासी भारतीयों से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। प्रधानमंत्री ने अरुल मिहु नवशक्ति विनायकर मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने विक्टोरिया के पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसके बाद वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए है।

**◆ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर भारत रवाना हुए**

इससे पहले भारत और सेशेल्स ने 19 बड़े समझौतों और विकास परियोजनाओं का ऐलान किया। इनमें सेशेल्स में क्क्ष्ह्व आधारित डिजिटल भुगतान शुरू करना, 1,250 करोड़ रुपए की लाइन ऑफ क्रेडिट (लोन), साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, अंतरिक्ष और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति शामिल है। भारत ने सेशेल्स को एक फास्ट पेट्रोल वेसल, 10 यूटिलिटी वाहन, 5 नौकाएं, 6 एम्बुलेंस, 500 मीट्रिक टन चावल और 8,500 मीट्रिक टन सीमेंट भी सौंपा। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर ये समझौते किए गए। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कराणा**
**विकास खंड आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.) 172026**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कराणा विकास खंड आनी जिला कुल्लू के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतू वर्ष जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 07/07/2026 को 5 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 08/07/2026 को 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरण-** 1 रेत (खड्डु/नदी) प्रति घन मीटर, 2. रेत क्रेशर -प्रति घन मीटर, 3. बजरी (खड्डु/नदी) 10mm, 20mm,40mm- प्रति घन मीटर, 4. बजरी (क्रेशर) 10mm, 20mm,40mm- प्रति घन मीटर, 5. पत्थर-प्रति चट्टा, 6. वोल्डर / सोलिंग- प्रति चट्टा, 7.पत्थर तोडान-प्रति चट्टा, 8. पत्थर ढोलान-प्रति चट्टा, 9. ईट- प्रति नम्बर, 10. सेटरिंग व भवन सेटरिंग-प्रति स्केयर फुट, 11. RCC पाईप व कलवट 300mm, 450mm,600mm,900mm- प्रति नम्बर, 12.जे0 सी0 वी0 हेतू-प्रति घंटा, 13. सीमेंट टाईल-प्रति नम्बर,14. इंटर लाक टाईल सभी प्रकार की-प्रति नम्बर, 15. सरिया 8mm, 10mm, 12mm, 16mm,20mm, 24mm-प्रति किलोग्राम, 16. एंगल, चैनल, रेलिंग, पाईप All Size व शीटे 4mm,5mm,6mm-प्रति किलोग्राम, 17. बाल राईटिंग व साइन बोर्ड-संख्या में, 18. सीमेंट ढोलान गाडी द्वारा रोपड़ी से जाबू, सम्पल, जैरी, मिशता, रिश्ता एवं बागी- प्रति बैग, 19.सेब पौधे सभी किस्म प्रति बैग-प्रति पौधा, 20. फर्श टाइल- प्रति पेटी, 21. दीवार टाइल-प्रति पेटी, 22. एल्कथीन पाईप All sizes प्रति किलोग्राम, 23. GI पाइप All Sizes-प्रति नग, 24. Sqare Pipes All Sizes -प्रति किलोग्राम, 25. लकड़ी सभी प्रकार की-प्रति घनमीटर, 26. Breaker-प्रति घंटा, 27. CGI sheet 80mm, Prepainted CGI sheet 0.63mm,PGI Sheet-प्रति किलोग्राम, 28. खेल सामग्री सभी प्रकार की-प्रति नग, 29. जापानी पौधा सभी किस्म-प्रति पौधा, 30. फर्नीचर एवं बर्तन सभी प्रकार के-प्रति नग/प्रति किलोग्राम, 31. Forest Plant All Types-प्रति पौधा

**नियम व शर्तें:-** 1) निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी, किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 2) निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण, पैन कार्ड संख्या, GST No होना आवश्यक है। 3) ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म W जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्बन्धित रायल्टी वर्तमान में 60/- रु0 प्रति MT टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5) निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6) निविदादाताओं को 15000 रुपए धरोहर/सुरक्षित राशी पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 7) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी। 8) सम्मान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को भी कार्यादेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9) ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सामग्री स्वीकार की जाएगी। 10) दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र अधिकार में एक ही मूल्य देह होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देह नहीं होगी। 12) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification पारित निविदादाता के साथ Nego-tiation अनुसार उपरांत किया जाएगा।

प्रधान/सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत कराणा-1**
**विकास खंड आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.) 172026**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कराणा-1 विकास खंड आनी जिला कुल्लू के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतू वर्ष जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 09/07/2026 को 5 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 10/07/2026 को 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरण-** 1 रेत (खड्डु/नदी) प्रति घन मीटर, 2. रेत क्रेशर -प्रति घन मीटर, 3. बजरी (खड्डु/नदी) 10mm, 20mm,40mm- प्रति घन मीटर, 4. बजरी (क्रेशर) 10mm, 20mm,40mm- प्रति घन मीटर, 5. पत्थर-प्रति चट्टा, 6. वोल्डर / सोलिंग- प्रति चट्टा, 7.पत्थर तोडान-प्रति चट्टा, 8. पत्थर ढोलान-प्रति चट्टा, 9. ईट- प्रति नम्बर, 10. सेटरिंग व भवन सेटरिंग-प्रति स्केयर फुट, 11. RCC पाईप व कलवट 300mm, 450mm,600mm,900mm- प्रति नम्बर, 12.जे0 सी0 वी0 हेतू-प्रति घंटा, 13. सीमेंट टाईल-प्रति नम्बर,14. इंटर लाक टाईल सभी प्रकार की-प्रति नम्बर, 15. सरिया 8mm, 10mm, 12mm, 16mm,20mm, 24mm-प्रति किलोग्राम, 16. एंगल, चैनल, रेलिंग, पाईप All Size व शीटे 4mm,5mm,6mm-प्रति किलोग्राम, 17. बाल राईटिंग व साइन बोर्ड-संख्या में, 18. सीमेंट ढोलान गाडी द्वारा रोपड़ी से जाबू, सम्पल, जैरी, मिशता, रिश्ता एवं बागी- प्रति बैग, 19.सेब पौधे सभी किस्म प्रति बैग-प्रति पौधा, 20. फर्श टाइल- प्रति पेटी, 21. दीवार टाइल-प्रति पेटी, 22. एल्कथीन पाईप All sizes प्रति किलोग्राम, 23. GI पाइप All Sizes-प्रति नग, 24. Sqare Pipes All Sizes -प्रति किलोग्राम, 25. लकड़ी सभी प्रकार की-प्रति घनमीटर, 26. Breaker-प्रति घंटा, 27. CGI sheet 80mm, Prepainted CGI sheet 0.63mm,PGI Sheet-प्रति किलोग्राम, 28. खेल सामग्री सभी प्रकार की-प्रति नग, 29. जापानी पौधा सभी किस्म-प्रति पौधा, 30. फर्नीचर एवं बर्तन सभी प्रकार के-प्रति नग/प्रति किलोग्राम, 31. Forest Plant All Types-प्रति पौधा

**नियम व शर्तें:-** 1) निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी, किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 2) निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण, पैन कार्ड संख्या, GST No होना आवश्यक है। 3) ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म W जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री सम्बन्धित रायल्टी वर्तमान में 60/- रु0 प्रति MT टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5) निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6) निविदादाताओं को 15000 रुपए धरोहर/सुरक्षित राशी पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 7) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी। 8) सम्मान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को भी कार्यादेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9) ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सामग्री स्वीकार की जाएगी। 10) दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 11) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र अधिकार में एक ही मूल्य देह होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देह नहीं होगी। 12) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification पारित निविदादाता के साथ Nego-tiation अनुसार उपरांत किया जाएगा।

प्रधान/सचिव

# कुल्लू अस्पताल में प्रसूता की मौत पर बवाल

## भीड़ ने तोड़ा गेट, एमएस कार्यालय का किया घेराव, स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला में एक प्रसूता महिला की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। डिलीवरी के बाद हुई इस मौत से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों और परिजनों ने सोमवार को ढालपुर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

उग्र भीड़ ने पहले ढालपुर चौक पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल का पुतला फूंका और फिर नारेबाजी करते हुए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की तरफ कूच किया। अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से मुख्य गेट बंद कर दिया था, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने गेट तोड़कर अस्पताल परिसर में प्रवेश किया और चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. हीरालाल के कार्यालय का घेराव कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।यह पूरा मामला 20 जून का है, जब मंडी जिले के बालीचौकी क्षेत्र के सुनारू गांव की रहने वाली 23 वर्षीय मंजू शर्मा को डिलीवरी के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, डॉक्टरों ने महिला का ऑपरेशन (सिजेरियन) किया था, जिसके ठीक बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को महिला की बिगड़ती हालत के बारे में बार-बार सूचित किया, लेकिन समय रहते उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उचित इलाज न मिलने के कारण ऑपरेशन के 24 घंटे के भीतर ही मंजू शर्मा की मौत हो गई।



अस्पताल के गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए आक्रोशित लोग। अनंत ज्ञान

### बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**प्रदर्शनकारियों** का कहना है कि आज सैकड़ों लोग सड़कों पर इसलिए उतरे हैं क्योंकि वे क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं से तंग आ चुके हैं। ग्रामीणों और परिजनों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक मृतका मंजू शर्मा को न्याय नहीं मिल जाता और दोषी मेडिकल स्टाफ पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका यह आंदोलन और संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

### परिजनों का आरोप, इलाज में घोर लापरवाही

**मृतका** के जेठ बलदेव राज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉक्टरों और स्टाफ की घोर लापरवाही के कारण उनके छोटे भाई की पत्नी की जान गई है। उन्होंने रोष जताते हुए कहा कि घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, प्रदर्शन में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता बलदेव ठाकुर ने कहा कि पहले तो महिला का जल्दबाजी में ऑपरेशन कर दिया गया और बाद में उसे लावारिस छोड़ दिया गया। अब अस्पताल प्रबंधन सिर्फ जांच कमेटी गठन करने का बहाना बना रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई जांच शुरू नहीं हुई है।

# हिमालयन एक्सट्रीम ट्रेल रनिंग फेस्ट 2026 की तैयारी तेज

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में 3 से 5 जुलाई तक हिमालयन एक्सट्रीम ट्रेल रनिंग फेस्ट 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। यह प्रतियोगिता लाहौल घाटी के 3300 मीटर ऊंचे छत्तड़ु से शुरू होकर 39 किलोमीटर के कठिन और ऊंचाई वाले मार्ग से होते हुए 4300 मीटर ऊंचे हामटा पास तक पहुंचेगी। इसके बाद धावक सेथन होते हुए अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान, मनाली तक अपना सफर पूरा करेंगे। आयोजन में पर्वतारोहण संस्थान, स्थानीय प्रशासन, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन और रैपिड टैक्टिकल का सहयोग मिल रहा है।

आयोजक प्रवीण सूद पिंटू ने बताया कि यह दौड़ भारतीय माउंटेन स्पोर्ट्स के इतिहास में एक नई उपलब्धि साबित होगी। जिस ट्रैक को सामान्य ट्रेकर्स दो से तीन दिन में पूरा करते हैं, उसे प्रतिभागी कुछ ही घंटों में पूरा करेंगे। इस आयोजन को इंटरनेशनल ट्रेल रनिंग एसोसिएशन से आधिकारिक मान्यता मिली है और यूटीएमबी इंडेक्स पॉइंट्स भी दिए जाएंगे।

# तरोट के पास 1 .055 किलो चरस के साथ राजस्थान के 4 युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) कुल्लू की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रात को एसटीएफ कुल्लू की टीम स्थान तरोट में मंडी-सुंदरनगर फोरलेन पर मुस्तैदी से नाकेबंदी पर थी और आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान मंडी की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार, जिसका पंजीकरण संख्या आरजे 18 सीबी 3954 है, को चेकिंग के लिए रोका गया। जब टीम ने कार की बारीकी से तलाशी ली, तो गाड़ी की डिक्की में मैट के नीचे छिपाकर रखे गए 5 पैकेट चरस बरामद हुए, जिसका तौल करने पर कुल वजन 1.055 किलोग्राम पाया गया।इस मामले में कार सवार राजस्थान के झुंझनु जिले के चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 39 वर्षीय चालक आशीष कुमार, 29 वर्षीय वीरेंद्र कुमार, 20 वर्षीय जैकी और 19 वर्षीय प्रमोद के रूप में हुई है। पुलिस ने उपरोक्त चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पुलिस थाना धनोटू में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20, 25 और 29 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी तफ्तीश धनोटू पुलिस द्वारा अमल में लाई जा रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली एसटीएफ की टीम में एएसआई भानु प्रताप, आरक्षी शाहिद अली, आरक्षी मोमिन खान और आरक्षी शंकर सिद्धार्थ मुख्य रूप से शामिल रहे, जिनकी मुस्तैदी के कारण नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

# जाहलमा नाले में भीषण बाढ़ से हाहाकार

## लाहौल की 14 पंचायतें और पांगी घाटी कटी, सैकड़ों वाहन फंसे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के जाहलमा नाले में भीषण बाढ़ आने से घाटी में स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। लाहुल उपमंडल के जाहलमा नाले में आई इस बाढ़ के कारण लाहुल की 14 पंचायतों समेत समूची पांगी घाटी (चंबा) का देश और दुनिया से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। बाढ़ के चलते नाले पर बना अस्थाई कलवर्ट (अस्थाई पुल) बह गया है, जिससे नाले के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की कतारें लग गई हैं और यातायात के साथ-साथ पैदल आवाजाही भी पूरी तरह ठप हो गई है।

घाटी में पड़ रही प्रचंड गर्मी के कारण हिमनद (ग्लेशियर) तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदी-नालों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। जाहलमा नाले में आई बाढ़ के साथ भारी मात्रा में आए मलबे (गाद) ने चंद्रभागा (चिनाब) नदी के बहाव को रोक दिया, जिससे वहाँ झील जैसी स्थिति बन गई है। इस बैकवाटर के कारण नदी पर बना महत्वपूर्ण जोबरंग पुल पूरी तरह पानी में डूब गया है, जिससे जोबरंग पंचायत के तीन गाँव (जोबरंग, रापे और राशेल) देश से पूरी तरह कट गए हैं।

घाटी के निवासियों में इस बात को लेकर गहरा रोष है कि हर साल मानसून और गर्मी में ऐसी स्थिति बनने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला है। वर्षों से उठ रही वैकल्पिक मार्ग की मांग आज भी सरकारी प्रक्रियाओं में उलझी हुई है। हालाँकि, जोबरंग पंचायत के लोगों की मांग पर 2 करोड़ रुपये की लागत से 3.5 किलोमीटर लंबी राशेल-लिंगर वैकल्पिक सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो इस समय आपातकाल में जीवनदायिनी साबित हो सकती है।



> **राशेल-लिंगर** वैकल्पिक सड़क का कार्य इस समय अंतिम चरण में है। रॉक कटिंग का केवल 35 से 40 मीटर का काम शेष बचा है। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो इस सड़क को हर हाल में 15 जुलाई तक तैयार कर लिया जाएगा।
> **– अश्वनी कुमारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी चिनाब मंडल उदयपुर।**

# दलाईलामा के लद्दाख आगमन पर रवि ठाकुर ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने लद्दाख में दलाईलामा के आगमन पर आयोजित भव्य स्वागत समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर पूरे लद्दाख में श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ परम पावन का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में लद्दाख के विभिन्न बौद्ध मठों के परम पूज्य रिंपोछे, धर्मगुरु, भिक्षु-भिक्षुणियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने परम पावन दलाई लामा का अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

रवि ठाकुर ने कहा कि परम पावन दलाई लामा का लद्दाख आगमन समूचे हिमालयी क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव एवं सौभाग्य का विषय है। उनके करुणा, अहिंसा, शांति एवं मानवता के संदेश ने विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि परम पावन दलाई लामा जी आगामी लगभग दो माह तक लद्दाख प्रवास के दौरान धर्मोपदेश, पूजा-अर्चना, ध्यान, साधना एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। इस दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लद्दाख पहुंचने की संभावना है। रवि ठाकुर ने परम पावन दलाई लामा के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं विश्व शांति के उनके संदेश के व्यापक प्रसार की मंगलकामना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत एवं मानव कल्याण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

# बंदरोल सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव 10 को

## मुख्य संरक्षक दिनेश सेन की देखरेख में चुनी जाएगी त्रिवर्षीय कार्यकारिणी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मण्डी बंदरोल की आगामी तीन वर्षीय कार्यकाल की नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा कर दी गई है। आगामी 10 जुलाई (शुक्रवार) को सब्जी मण्डी परिसर में एसोसिएशन के लोकतांत्रिक चुनाव संपन्न होंगे। यह महत्वपूर्ण निर्णय सोमवार को एसोसिएशन के प्रधान नारायण सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया, जिसमें संस्था के मुख्य संरक्षक दिनेश सेन विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रशासन और मार्केटिंग कमेटी के पर्यवेक्षक रहेंगे तैनात। संस्था के संविधान के नियमों के तहत मुख्य संरक्षक दिनेश सेन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए इस समिति में संरक्षक मण्डल के अलावा जिला प्रशासन, मार्केटिंग कमेटी और फलोत्पादक मण्डल कुल्लू के प्रतिनिधियों को बतौर चुनाव पर्यवेक्षक (इलेक्शन ऑब्जर्वर) शामिल किया गया है।

10 जुलाई को होने वाली चुनावी प्रक्रिया के लिए समय-सारणी तय कर दी गई है। इसके तहत सुबह 10 से 11 बजे तक सभी पंजीकृत आढ़ती सदस्य कार्यवाही रजिस्टर में अपनी हाजिरी दर्ज करवाएंगे। कोरम पूरा होते ही सुबह 11:45 बजे से प्रधान, उपप्रधान, महासचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे नामांकन पत्रों की जांच होगी और दोपहर 1:15 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। यदि आवश्यक हुआ, तो दोपहर 1:45 से शाम 4:45 बजे तक मतदान करवाया जाएगा।



### मतगणना के तुरंत बाद होगी विजेताओं की घोषणा

**शाम** को मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद वोटों की गिनती (मतगणना) शुरू कर दी जाएगी। चुनाव समिति द्वारा चारों मुख्य पदों के विजयी उम्मीदवारों के नामों का आधिकारिक ऐलान करने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया का समापन होगा।

### संस्था के हित में आम सहमति बनाने की कवायद

**बैठक** में एक विशेष प्रस्ताव पारित कर सभी आढ़ती सदस्यों से भावुक अपील की गई है कि वे गुटबाजी से ऊपर उठकर संस्था के सामूहिक हित में सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसहमति से करवाने का प्रयास करें, ताकि मंडी के विकास को नई गति मिल सके।

# एलएमएस कलैहली ने जीती जूडो स्पर्धा की ओवरऑल ट्रॉफी

## 300 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, मुख्यातिथि गुलेरिया ने नवाजे विजेता खिलाड़ी

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** भुंतर के कलैहली स्थित एलएमएस परिसर में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य आरती शर्मा ने किया तथा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर ललिता कंवर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष उदय कंवर ने भी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समापन समारोह में जूडो एसोसिएशन जिला कुल्लू के अध्यक्ष करतार सिंह गुलेरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए व्यक्तिगत रूप से 25 हजार की सहायता राशि प्रदान की, जबकि उनके साथ उपस्थित सुशील पराशर ने भी 20 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग दिया।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एलएमएस कलैहली ने ओवरऑल विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में मिनी जूनियर वर्ग में एलएमएस कलैहली प्रथम, एलएमएस कुल्लू द्वितीय तथा ईपीएस कैस तृतीय स्थान पर रहा। महिला वर्ग में हिमालयन बुद्धिस्ट कल्चरल पब्लिक स्कूल प्रथम, एलएमएस कलैहली द्वितीय तथा एलएमएस कुल्लू तृतीय स्थान पर रहा।

पुरुष वर्ग में ईपीएस कैस प्रथम, एलएमएस कलैहली द्वितीय तथा जीएसएसएस बजौरा तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में एलएमएस कलैहली, एलएमएस कुल्लू, एचबीसीएस, ईपीएस कैस, डीके चोंग, जीएसएसएस बजौरा और अन्य संस्थानों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। मिनी जूनियर बालिका वर्ग में एलएमएस कलैहली की रितविका भारद्वाज, अक्षिका, अर्शी शर्मा, देवांया ठाकुर, एलएमएस कुल्लू की हनिषा तथा एचबीसीएस की स्टैनजिन देसल ने स्वर्ण पदक जीते।

सब-जूनियर वर्ग में बृंदा, वंशिका, रुपाली, दमिक्षा, मानवी, स्टैनजिन नयनिता और अनन्या ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं कैडेट और जूनियर वर्ग में गीतांजलि, अलंकृता, कृतांग्वी, अंशुल, पीयूष और तरगेश सहित कई खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान जूडो संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें चेयरमैन करतार सिंह गुलेरिया, वाइस चेयरमैन रमेश कुमार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सत्यपाल, जनरल सेक्रेटरी विपिन चंदेल, ट्रेजरर मेहर सिंह, एडवाइजर उर्मिला ठाकुर, चीफ एडवाइजर सुरेश नेगी, मिडिया प्रभार मेघ सिंह कश्यप और संजय, वाइस प्रेसिडेंट सोनू, जॉइंट सेक्रेटरी रितिन पठानिया तथा टेक्निकल कोऑर्डिनेटर दीक्षा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

# कटेरनी में 1 से 5 जुलाई तक शतचंडी महायज्ञ व कथा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** ग्राम घ्रानाग, मझाच रोड स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर कटेरनी में 1 से 5 जुलाई 2026 तक श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा एवं शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन स्वामी गंगा नंद तीर्थ के सान्निध्य में संपन्न होगा।

1 जुलाई को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद वरुण आह्वान और विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। 2 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। 3 जुलाई को मां ज्वाला जी जोत के लिए प्रस्थान किया जाएगा। 4 जुलाई को दोपहर 2 बजे मां ज्वाला जी का आगमन होगा, जबकि शाम 6 बजे से रात्रि 1:30 बजे तक भजन-कीर्तन आयोजित रहेगा। समापन दिवस 5 जुलाई को होगा, जिसमें सुबह 10 बजे 108 कन्याओं का पूजन, 11:30 बजे पूर्णाहुति तथा दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# डस्टबिन नहीं तो 5,000 जुर्माना

## कार्यकारिणी गठन के साथ ही एक्शन मोड में ग्राम पंचायत शनाग

अनंत ज्ञान

**मनाली।** ग्राम पंचायत शनाग की नई कार्यकारिणी के गठन के तुरंत बाद पंचायत ने स्वच्छता को अपनी पहली प्राथमिकता बनाते हुए व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों और स्नो ड्रेस एसोसिएशन के सदस्यों ने संयुक्त रूप से मुख्य मार्ग के किनारे फैले कूड़ा-कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया।ग्राम पंचायत की प्रधान सलोनी ने बताया कि पंचायत की पूरी कार्यकारिणी, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों और स्थानीय लोगों के सहयोग से यह अभियान चलाया गया।

उन्होंने कहा कि नई पंचायत का पहला लक्ष्य पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, जबकि दूसरा प्रमुख लक्ष्य क्षेत्र को नशामुक्त बनाने की दिशा में जनजागरूकता अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोगों ने सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया है, उसी तरह नशे के खिलाफ भी सामूहिक रूप से अभियान चलाया जाएगा।प्रधान ने बताया कि फिलहाल मुख्य राजमार्ग के आसपास से ही लगभग दो ट्रॉली कचरा एकत्रित किया गया है, जबकि नदी किनारे और अन्य स्थानों पर फैले कचरे की सफाई भी आगामी दिनों में चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा एक बार व्यापक सफाई अभियान चलाने के बाद प्रत्येक व्यक्ति और दुकानदार की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखे। उन्होंने बताया कि पंचायत ने सभी दुकानदारों के लिए दुकान के बाहर डस्टबिन रखना अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। साथ ही लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक का उचित निपटान करने तथा कचरा न जलाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पंचायत के अनुसार कचरा संग्रहण वाहन नियमित अंतराल पर क्षेत्र में आएगा, जिससे वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर स्नो ड्रेस एसोसिएशन के प्रधान दुर्गा दत्त ने कहा कि एसोसिएशन के अधिकांश सदस्यों ने सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई है और भविष्य में भी पंचायत के साथ मिलकर ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने सभी स्नो ड्रेस संचालकों से अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन रखने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों पर ₹5,000 तक जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी।

दुर्गा दत्त ने टैक्सी चालकों से भी अपील की कि वे अपनी गाड़ियों में डस्टबिन रखें और पर्यटकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उनका कहना था कि स्वच्छ और सुंदर मनाली ही अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेगा और पर्यटन व्यवसाय को भी मजबूती प्रदान करेगा।पंचायत और स्थानीय संगठनों ने क्षेत्रवासियों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं तथा स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल वातावरण बनाएं।

◆ **स्वच्छ और सुंदर क्षेत्र की पहल, कचरा प्रबंधन पर कसी नकेल**

# प्रशांत चंद्र महालनोबिस को दी श्रद्धांजलि

## कुल्लू में सांख्यिकी दिवस पर महालनोबिस के योगदान को किया याद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती पर 20वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया।सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रसिद्ध सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के सम्मान में जिला सांख्यिकीय कार्यालय, कुल्लू में 20वां सांख्यिकी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर चेत राम, सहायक अनुसंधान अधिकारी ने प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि भारत में हर वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों में दैनिक जीवन में सांख्यिकी के महत्व और नियोजन एवं विकास की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। इस वर्ष की सांख्यिकी दिवस की 'थीम अनलॉकिंग द पोटेंशियल ओव एडमिनिस्ट्रेटिव डाटा' पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में डेटा ही सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने अपने संबोधन में प्रशासनिक डेटा के महत्व पर विशेष बल दिया और कहा कि प्रशासनिक डेटा केवल कागजी आंकड़े या रिकॉर्ड नहीं हैं, बल्कि यह सुशासन और प्रभावी नीति निर्धारण की रीढ़ है। सरकारी विभागों द्वारा दैनिक कामकाज के दौरान एकत्र किया जाने वाला यह डेटा वास्तविक समय की स्थिति को दर्शाता है, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सटीक रूप से लागू करने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर कृषि विभाग के राम स्वरूप, तकनीकी सहायक भी मौजूद रहे और सांख्यिकी की महत्ता पर अपने विचार रखे। कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने भी सांख्यिकी के जनक प्रो0 पी0 सी0 महालनोबिस के अमूल्य योगदान को याद किया। अंत में उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रशासनिक डेटा केवल सरकारी फाइलों में बंद रहने वाला रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि यह देश के विकास का एक अमूल्य संसाधन है। यदि हम सब मिल कर इस डेटा की शक्ति का सही उपयोग करेंगे, तभी अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का सीधा लाभ पहुंचाया जा सकेगा।



कुल्लू में सांख्यिकी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। अनंत ज्ञान

**शुभारंभ** अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए घर-द्वार पर ही मिलेगा दिल्ली-चंडीगढ़ जैसा मार्गदर्शन

# कुल्लू के ढालपुर में 'जोकटा अकादमी' का आगाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू शहर सहित पूरे जिला के उन तमाम युवाओं के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है, जो प्रशासनिक और अन्य सरकारी सेवाओं की तैयारी कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की प्रतिष्ठित व विश्वसनीय 'जोकटा अकादमी' ने अब कुल्लू जिला के ढालपुर में अपनी छठी शाखा खोलकर जिला वासियों को एक बेहतरीन सौगात दी है।

इस नई शाखा का विधिवत शुभारंभ अकादमी के प्रबंध निदेशक सुरेश जोकटा के माता-पिता ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि साई स्टार स्कूल की प्रबंध निदेशक व प्रधानाचार्य अंजना ठाकुर के सास-ससुर ने कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। उद्घाटन के इस मौके पर स्थानीय छात्रों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। यह अकादमी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अपने उत्कृष्ट और विश्वसनीय परीक्षा परिणामों के लिए पूरे प्रदेश में जानी जाती है। हाल ही में घोषित हुए एचपीएफएस के परीक्षा परिणाम में इस अकादमी के छात्रों ने पहला, दूसरा और छठा स्थान हासिल कर पूरे हिमाचल में अपनी श्रेष्ठता साबित की है।

इससे पहले भी, एचएएस 2025 की प्रतिष्ठित परीक्षा में अकादमी के विद्यार्थियों ने पहली और दूसरी रैंक हासिल करने के साथ-साथ भारी संख्या में सफलता प्राप्त की थी, जो इसके बेहतरीन मार्गदर्शन को दर्शाता है। अकादमी का मुख्य ध्येय 'हर घर, हर शहर' तक उच्च स्तरीय शिक्षा पहुंचाना है, ताकि किसी भी होनहार छात्र का सपना संसाधनों की कमी के कारण न छूटे। जोकटा अकादमी कुल्लू ब्रांच की हेड अंजना ठाकुर ने मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि आगामी 16 जुलाई 2026 से संस्थान में दो विशेष बैच शुरू किए जा रहे हैं। इसमें एक बैच 'टारगेट एचएएस 2027-28' का होगा, जबकि दूसरा बैच एचपीआरसीए के तहत पुलिस, पटवारी और जेओए जैसी परीक्षाओं के लिए समर्पित रहेगा।

इन दोनों ही शुरुआती बैचों के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और पहले बैच में प्रवेश लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए अकादमी की ओर से कुल फीस में 20 फीसदी की बंपर छूट प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अकादमी के प्रबंध निदेशक सुरेश जोकटा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल का हर बच्चा कोचिंग के लिए चंडीगढ़ या दिल्ली जैसे बड़े और महंगे शहरों का रुख नहीं कर सकता। वहां रहने और पढ़ाई का खर्च उठाना हर परिवार के बस की बात नहीं होती, इसीलिए बच्चों को उनके घर-द्वार पर ही देश स्तर की बेहतरीन कोचिंग और पढ़ाई का माहौल प्रदान करना अकादमी का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि अकादमी का यह निरंतर प्रयास रहेगा कि यहां आने वाले हर बच्चे की प्रतिभा को तराशकर उसे उसके उच्चतम स्तर तक पहुंचाया जाए। ढालपुर में इस शाखा के खुलने से अब कुल्लू के स्थानीय छात्रों को बाहरी राज्यों में जाने की दिक्कतों से निजात मिलेगी और वे अपने घर पर रहकर ही अफसर बनने के अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।



कुल्लू के ढालपुर में जोकटा अकादमी की नई ब्रांच के उद्घाटन के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

◆ **एचएएस परीक्षा में अव्वल रहने वाली अकादमी ने दी कुल्लू वासियों को सौगात**

◆ **16 जुलाई से शुरू होने वाले नए बैचों में दाखिला लेने पर मिलेगी विशेष छूट**

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा ब्रह्म नाहर सिंह मंदिर में भंडारा आयोजित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के जावी गांव स्थित बाबा ब्रह्म नाहर सिंह मंदिर में रविवार को नवी नेह भंडारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लेकर बाबा ब्रह्म नाहर सिंह का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों ने मंदिर परिसर तथा आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि नवी नेह भंडारा गांव की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हर वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया

### हरियाली साजी उत्सव की तैयारियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** देव हरसंग धार (हरसंग धार बाघल-भज्जी) समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान परस राम ठाकुर ने की। बैठक में आगामी हरियाली साजी उत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने बताया कि 16 जुलाई को आयोजित होने वाले इस पारंपरिक उत्सव में देव मिलन और देव नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक उत्सव भारत सरकार के वर्ष 1910 के गजट, जो लाहौर से प्रकाशित होता था, के अनुसार सावन मास के प्रथम दिवस (संक्रांति) को मनाया जाता है। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस मेले में क्षेत्र सहित दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर देवता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बैठक में उत्सव को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी ने उत्सव को पारंपरिक गरिमा और भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया।

### ग्राम पंचायत दानोघाट प्रधान की अगुआई में पेयजल टैंक की सफाई की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दानोघाट के अंतर्गत सुखन गांव में रविवार को प्रधान दूनी चंद की अध्यक्षता में पेयजल टैंक की सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य पेयजल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। प्रधान दूनी चंद ने कहा कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की नींव हैं। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक संपत्तियों और जल स्रोतों की नियमित देखभाल में सहयोग करने का आह्वान किया। अभियान में शामिल लोगों ने भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान वार्ड सदस्य चमन लाल, कुरगन सुधार समिति के प्रधान तरुण कुमार, पंकज शर्मा, तिलक राज, यशवंत ठाकुर, राजू, आईपीएच विभाग के कर्मचारी निशांत तथा मुकुल सहित अन्य स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर पेयजल टैंक और उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की।

### कल्होग स्कूल की प्रबंधन समिति का गठन, विनोद को मिली कमान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्होग की स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक विगत दिन प्रधानाचार्य राधा कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसका उद्देश्य स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन करना, चयनित पदाधिकारियों को स्कूल की गतिविधियां चलाने में उनके कर्त्तव्यों व अधिकारों की जानकारी देना और अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना रहा। बैठक में अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति के महत्व एवं दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। इसमें विनोद को प्रधान, भरत राम को उप प्रधान चुने गए। प्रधानाचार्या ने नवगठित पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के विकास, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में एसएमसी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने सभी सदस्यों से स्कूल के हित में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच समन्वय और संवाद होना चाहिए। यह विद्यार्थियों कि हर क्षेत्र में प्रगति के लिए अति आवश्यक हैं।

### एडवोकेट राशि सुल्तानपुरी बनी जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सोलन की सदस्य

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी।** जिला सोलन के सेरी गांव की रहने वाली राशि सुल्तानपुरी को प्रदेश सरकार ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सोलन का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए की गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। और लोगों ने इसे सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड उन 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के मामलों की सुनवाई करता है, जिन पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप होता है। इस बोर्ड का उद्देश्य बच्चों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें सुधार, परामर्श, शिक्षा और पुनर्वास के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ना होता है। राशि सुल्तानपुरी की नियुक्ति बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य के रूप में हुई है। उनकी भूमिका बच्चों की सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक परिस्थितियों को समझने की होगी। इसके अंतर्गत वे यह आकलन करेंगी कि संबंधित बच्चा गरीबी, नशे, घरेलू हिंसा, शोषण या अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावित रहा है या नहीं, उसकी शैक्षणिक स्थिति क्या है तथा उसके सुधार और पुनर्वास की संभावनाएं कितनी हैं।

### सोलन कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने पर नविन सूद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी।** कुमारहट्टी क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नविन सूद को जिला सोलन कांग्रेस कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूद को उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ संगठन को मिलेगा तथा जिला कांग्रेस को नई दिशा और गति प्राप्त होगी। नविन सूद लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए नविन सूद ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिला सोलन कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल की मौजूदगी में संपन्न हुआ राष्ट्रीय स्तरीय मां शूलिनी मेला, जस्सी गिल ने बांधा समां








अनंत ज्ञान

**सोलन।** राष्ट्रीय स्तरीय मां शूलिनी मेले का रविवार देर शाम भव्य समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर बिंदु गुप्ता भी उनके साथ उपस्थित रहीं। राज्यपाल ने जिला प्रशासन और शूलिनी मेला समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि शूलिनी मेला केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और आस्था का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देते हैं।

समापन समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल ने राज्यपाल को सम्मानित किया। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसायटी के नव-नामित आजीवन सदस्यों को बैज प्रदान किए। इससे पूर्व उन्होंने गंज बाजार स्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक विनोद सुल्तानपुरी व उपायुक्त मनमोहन शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति समारोह में मौजूद रहे। मेले की तीसरी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या पंजाबी संगीत के नाम रही। लोकप्रिय पंजाबी गायक जस्सी गिल ने रात करीब 10 बजे मंच संभालते ही ठोड़ो मैदान में मौजूद हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने बापू जमींदार, लादेन, इक साल, गबरू, नखरे, गिटार सीखदा, सुरमा काला, अल्लाह वे, प्यार मेरा, यार जट्ट दे और दिल तों ब्लैक जैसे अपने सुपरहिट गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इससे पहले पंजाबी गायक बबल राय, हिमाचली लोकगायक अनुज शर्मा, स्टेजिन नौरगिज तथा कपिल शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समापन संध्या को यादगार बना दिया।

### उपायुक्त सोलन ने मेले की सफलता के लिए सभी का आभार किया व्यक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन एवं राष्ट्रीय माँ शूलिनी मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने राष्ट्रीय माँ शूलिनी मेला-2026 के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री और सोलन के विधायक कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल, दून के विधायक राम कुमार चौधरी, अर्की के विधायक संजय अवस्थी, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी तथा नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा सहित सभी विभागों तथा जिलावासियों का आभार व्यक्त किया है।

### डॉ. शांडिल ने मेले के सफल आयोजन के लिए सभी को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने विभिन्न विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं और सोलन के निवासियों को राष्ट्रीय माँ शूलिनी मेला-2026 के सफल आयोजन की बधाई दी है और आशा जताई है कि भविष्य में भी सभी इस तरह के आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देते रहेंगे।

# कोरम पूरा न होने से मेयर-डिप्टी मेयर का चुनाव टला, अब 2 जुलाई को होगा फैसला

## दो पार्षदों की सदस्यता पर तलवार, बावजूद इसके भाजपा के पास बहुमत

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन में सोमवार को मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया। अब चुनाव 2 जुलाई को दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। चुनाव के लिए सदन में दो-तिहाई पार्षदों की उपस्थिति जरूरी थी, लेकिन कांग्रेस पार्षदों के वॉकआउट के चलते कोरम पूरा नहीं हो सका और प्रक्रिया टालनी पड़ी। भाजपा को निर्दलीय पार्षद गौरव राजपूत का समर्थन मिलने के बाद पार्टी के पास 17 में से 11 पार्षदों का समर्थन है, जो बहुमत के आंकड़े से अधिक है। हालांकि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के आरोपों के चलते भाजपा के दो पार्षदों की सदस्यता पर संकट बना हुआ है। इसके बावजूद पार्टी बहुमत बनाए रखने की स्थिति में है। इससे पहले जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने अलग-अलग समय पर शपथ ग्रहण की।



शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के पार्षद। अनंत ज्ञान

### भाजपा में शीर्ष पदों पर सस्पेंस बरकरार

**मेयर** और डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवारों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार, वार्ड-3 से निर्वाचित निर्दलीय पार्षद गौरव राजपूत को डिप्टी मेयर बनाया जा सकता है, जबकि वार्ड-2 से लगातार चार बार चुनाव जीत चुकी सुषमा शर्मा मेयर पद की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। हालांकि पार्टी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### बहुमत के आंकड़े से दूर कांग्रेस

**कांग्रेस** के पास फिलहाल 6 पार्षद हैं। विधायक का मत जोड़ने के बाद भी पार्टी बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में 2 जुलाई को होने वाले मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी माना जा रहा है।

### पार्षदों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**उपायुक्त** सोलन मनमोहन शर्मा ने सोमवार को नगर निगम सोलन के सभागार में नगर निगम सोलन के सभी 17 नवनिर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलावाई। मनमोहन शर्मा ने वार्ड नंबर-1 की पार्षद नीलम, वार्ड नंबर-2 की पार्षद सुषमा शर्मा, वार्ड नंबर-3 के पार्षद गौरव, वार्ड नंबर-4 के पार्षद रोहित भारद्वाज, वार्ड नंबर-5 की पार्षद प्रियंका, वार्ड नंबर-6 की पार्षद रेखा साहनी, वार्ड नंबर-7 की पार्षद पूजा, वार्ड नंबर-8 के पार्षद सुरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर-9 की पार्षद मीनाक्षी शर्मा, वार्ड नंबर-10 के पार्षद अंकुश सूद, वार्ड नंबर-11 की पार्षद सरिता, वार्ड नंबर-12 प्रियंका अग्रवाल, वार्ड नंबर-13 के पार्षद नरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर-14 की पार्षद सुलक्षणा, वार्ड नंबर-15 के पार्षद अभिषेक, वार्ड नंबर-16 की पार्षद सीमा तथा वार्ड नंबर-17 की पार्षद आरुणा का पद एवं गोपनीय की शपथ दिलाई।

### जनादेश से खिलवाड़ हुआ तो सड़कों पर उतरेगी भाजपा

# चुने हुए प्रतिनिधियों को अपमानित कर रही सुक्खू सरकार : डॉ. बिंदल



पत्रकारों से बात करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को अपमानित और प्रताड़ित कर रही है। सोलन नगर निगम पार्षदों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 31 मई को चुनाव संपन्न होने के बावजूद सरकार ने एक महीने तक शपथ ग्रहण लटकाए रखा, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि अब सरकार प्रशासन पर दबाव बनाकर भाजपा के दो निर्वाचित पार्षदों की सदस्यता रद्द करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता के जनादेश का सम्मान होना चाहिए, लेकिन वर्तमान सरकार चुने हुए जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के दो पार्षदों के खिलाफ प्रशासन से नोटिस जारी करवाना राजनीतिक दुर्भावना का प्रमाण है। यदि जनादेश को कुचलने या भाजपा पार्षदों की सदस्यता समाप्त करने की कोई भी कोशिश की गई तो भाजपा इसका जोरदार विरोध करेगी। डॉ. बिंदल ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास हुआ, तो भाजपा सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगी और जनता के जनादेश की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

### सोलन-सबाथू सड़क पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह का बड़ा ऐलान

# ग्राउंड जीरो पर करेंगे सड़क का निरीक्षण, जल्द होगा कायाकल्प

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोलन-सबाथू सड़क की जर्जर हालत को लेकर बड़ा आश्वासन दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि वह अगले एक सप्ताह के भीतर इस क्षेत्र का दौरा करेंगे और स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरकर सड़क का निरीक्षण करेंगे।



उन्होंने कहा कि सोलन-सबाथू सड़क की बदहाल स्थिति को हर हाल में समाप्त किया जाएगा और सड़क की स्थिति में 100 प्रतिशत सुधार किया जाएगा। मंत्री ने इसे अपना वादा बताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। अपने संदेश में उन्होंने लिखा कि वह जल्द ही क्षेत्र का दौरा करेंगे और मौके पर जाकर सड़क की वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे, ताकि आवश्यक कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। मंत्री की इस घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि लंबे समय से खराब पड़ी सोलन-सबाथू सड़क के सुधार कार्य में अब तेजी आएगी।

### भारत-तिब्बत समन्वय संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने विकास शर्मा

**अनंत ज्ञान, परवाणु।** परवाणू शहर के व्यवसायी विकास शर्मा को भारत-तिब्बत समन्वय संघ द्वारा हिमाचल प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री बंशी लाल व संगठन के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विकास शर्मा ने प्रेस को अपने जारी बयान में बताया कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करने के लिए संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# शूलिनी मेले में मिकी माउस झूला बैठा 10-12 बच्चे फंसे, जांच की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राष्ट्रीय शूलिनी मेले के दौरान रविवार शाम करीब 6:45 बजे मिकी माउस झूले में अचानक हवा निकलने से हादसा हो गया। झूला बैठ जाने से उस पर खेल रहे करीब 10 से 12 बच्चे उसके भीतर फंस गए। मौके पर मौजूद अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने तत्काल झूले का मलबा हटाकर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिसके बाद घटनास्थल पर हंगामे की स्थिति बन गई और पुलिस को बुलाना पड़ा। ऊना निवासी राहुल कुमार ने बताया कि उनका चार वर्षीय बेटा भी झूले पर मौजूद था। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक प्रदीप कुमार सहित अन्य लोगों की तत्परता से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि



हादसे के समय झूला संचालक मौके से चला गया। उन्होंने जीपीएस लोकेशन, वीडियो और अन्य साक्ष्यों के साथ पुलिस को लिखित शिकायत देकर संचालक और मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अभिभावकों ने आरोप लगाया कि घटना के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उनका कहना है कि हादसे के लगभग 15 मिनट बाद ही झूले में दोबारा हवा भरकर उसे चालू कर दिया गया, जिसका लोगों ने विरोध किया और संचालक के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। लोगों ने जिला प्रशासन से मेले में संचालित सभी झूलों की तकनीकी एवं सुरक्षा जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

### चेवला बोहल प्राथमिक पाठशाला की शानदार उपलब्धि

# अंशुल और सागर का जेएनवी के लिए चयन, क्षेत्र में खुशी

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला चेवला बोहल से लगातार दूसरे वर्ष भी जवाहर





नवोदय विद्यालय के लिए छात्रों का चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। आपको बता दें कि अंशुल पुत्र सुरेश कुमार का पिछले वर्ष तथा सागर पुत्र जय प्रकाश का इस वर्ष नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। विद्यालय के प्रभारी अध्यापक चेतन शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चे पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहते थे। पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी इनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा तथा जिला एवं राज्य स्तर तक इन्होंने विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार तथा समस्त कार्यकारिणी ने विद्यालय के अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी करवाई जाती है, जिसमें इस स्कूल के बच्चे हमेशा अग्रणी रहते हैं।

### पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में सीबीएसई का दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

# 'स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण' पर शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**सोलन।** इनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 'स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण' विषय पर सीबीएसई के दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन रंजना भारद्वाज और नवदीप भंडारी ने किया। कार्यक्रम में पाइनग्रोव स्कूल के अलावा स्प्रिंगडेल स्कूल, खानरी (रामपुर), आरआईएमएस, चायल तथा द नॉलेज बस ग्लोबल स्कूल, मोहाली सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कुल 59 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

**कार्यक्रम** का उद्देश्य शिक्षकों को यह समझाना था कि विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत आधारशिला है। प्रशिक्षण के दौरान समूह गतिविधियों, केस स्टडी, रोल प्ले, चिंतनपरक अभ्यास और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों ने ऐसे विद्यालयी वातावरण के निर्माण पर विचार-विमर्श किया, जहां प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और समर्थित महसूस कर सके।




सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न स्कूल के शिक्षक। अनंत ज्ञान

### स्वस्थ जीवनशैली पर मार्गदर्शन

**सत्रों** में भावनात्मक स्वास्थ्य, जीवन कौशल, स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक संबंधों और निवारक स्वास्थ्य देखभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को विद्यार्थियों में तनाव, चिंता या मानसिक परेशानी के शुरुआती संकेतों की पहचान कर संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ उचित सहयोग प्रदान करने के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए।

### नई कार्यशैली अपनाने पर जोर

**वक्ताओं** ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को समान महत्व देकर ही ऐसा शिक्षण वातावरण विकसित किया जा सकता है, जो विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, लचीला और भावनात्मक रूप से सशक्त नागरिक बनने में मदद करे। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें विद्यालयों में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए नई कार्यशैली और दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा मिली।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में अनियमितताओं पर दून भाजपा ने एसडीएम को सौंपी शिकायत

# जांच पूरी होने तक नई सूची पर रोक लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

**बद्दी।** नगर निगम बद्दी के 15 वार्डों में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर दून भाजपा ने एसडीएम बद्दी को शिकायत सौंपी। पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी के नेतृत्व में दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया कि मतदाता सूची में शामिल किए गए नए नामों की निष्पक्ष जांच हो, अंतिम सूची पर रोक लगाई जाए तथा दोबारा भौतिक सत्यापन कराया जाए।

**◆ पूर्व विधायक परमजीत पम्मी ने आरोप लगाते हुए उठाई निष्पक्ष जांच की मांग**

शिकायत में कहा गया कि 8 जून से 18 जून तक चली पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान कई आपत्तियां और शिकायतें सामने आईं। आरोप है कि कुछ आवेदनों को बिना स्पष्ट कारण के अस्वीकार कर दिया गया, जबकि अन्य को स्वीकार किया गया। इससे चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि कई मामलों में बीएलओ द्वारा मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन नहीं किया गया और बिना जांच के ही निर्णय ले लिए गए। पूर्व विधायक ने कहा कि कुछ बीएलओ राजनीतिक या बाहरी दबाव में काम कर सकते हैं। उन्होंने मांग की कि शिकायतों की जांच स्वतंत्र अधिकारियों से कराई जाए, सभी आवेदनों की सूची सार्वजनिक की जाए, सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक नई सूची के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा मित्र संदीप ने चलाया पॉलीथिन मुक्त अभियान



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला ऊना के आपदा मित्र संदीप कुमार ने कांगड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र राजा का तालाब में पॉलीथिन मुक्त जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। उनके इस प्रयास की स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने जमकर सराहना की। संदीप कुमार इन दिनों कांगड़ा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्ध बाबा शिब्बो थान में माथा टेकने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने राजा का तालाब बाजार में दुकानदारों और आम लोगों से संवाद कर पॉलीथिन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा कपड़े और अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की। अभियान के दौरान संदीप कुमार ने समाजसेवी एवं मणिमहेश सेवा दल के पदाधिकारी शिवदेव शिबू जैलदार को भी इस मुहिम से जोड़ा। उन्होंने जैलदार को सम्मानित करते हुए आगामी मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच पॉलीथिन के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प भी दिलाया।

### जरूरतमंद की मदद को आगे आएं: कशिश

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट क्षेत्र के गांव घनारी के वार्ड नंबर-6 की रहने वाली इंदु



बाला पिछले लगभग 11 वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। बीमारी ने उन्हें इस कदर जकड़ लिया है कि वह पूरी तरह चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वर्षों से बिस्तर पर ही जीवन बिताने को मजबूर हैं। उनका इलाज हरियाणा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जिस पर हर महीने लगभग 18 से 20 हजार रुपये का खर्च आता है। उनकी पीड़ा को देखते हुए समाजसेवी कशिश महंत इंदु बाला के घर पहुंचे। उन्होंने उनका हालचाल जाना, परिवार की समस्याओं को सुना और अपनी ओर से आर्थिक सहायता प्रदान कर मानवता का परिचय दिया। कशिश महंत ने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति का नैतिक दायित्व है कि वह जरूरतमंद और असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि छोटी-सी मदद भी किसी पीड़ित परिवार के लिए बड़ी राहत बन सकती है और समाज तभी मजबूत होगा जब लोग एक-दूसरे के दुख-दर्द में सहभागी बनेंगे।

### वसाल में विधायक विवेक ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत वसाल का दौरा कर नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित खेल मैदान के लिए भूमि का निरीक्षण भी किया तथा स्थानीय विकास कार्यों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। दौरे के दौरान विधायक ने ग्राम पंचायत वसाल में खेल मैदान निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से भूमि की स्थिति तथा अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की जानकारी ली।

# प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम : डॉ. अशोक

**गोबिंदसागर झील के किनारे प्राकृतिक खेती को नाबार्ड और कृषि विभाग के सहयोग से नई पहचान दिलाने में जुटी कुटलैहड़ नेचुरल्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड आज जिले के किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है। वर्ष 2022 में स्थापित कंपनी के सीईओ बागवानी विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक डॉ. अशोक कुमार धीमान ने अनंत ज्ञान के ऊना जिले के ब्यूरो चीफ राजेश शर्मा के साथ हुई एक्सक्लूसिव बातचीत में बताया कि प्राकृतिक खेती केवल लोगों को स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का प्रभावी मॉडल भी है। पेश हैं इस बातचीत के मुख्य अंश:**

**सवाल: कुटलैहड़ नेचुरल्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की स्थापना का उद्देश्य क्या है?**

**जवाब:** हमारी कंपनी वर्ष 2022 में अस्तित्व में आई। इसके संस्थापक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य योग राज भारद्वाज हैं। कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश और नाबार्ड के सहयोग से कंपनी की स्थापना की गई। हमारा मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना, उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाना तथा उन्हें संगठित करके आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

**सवाल: कंपनी किन फसलों पर विशेष रूप से कार्य कर रही है?**

**जवाब:** गोबिंदसागर झील के आसपास के क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती के तहत मुख्य रूप से सरसों, हल्दी, मक्का तथा विभिन्न औषधीय फसलों का उत्पादन कराया जा रहा है। इन फसलों की गुणवत्ता बेहतर होती है और बाजार में इनकी मांग भी लगातार बढ़ रही है। कंपनी किसानों को उत्पादन से लेकर विपणन तक हर स्तर पर सहयोग प्रदान कर रही है।

**सवाल: हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को एमएसपी से जोड़ने के निर्णय को आप कैसे देखते हैं?**

**जवाब:** यह ऐतिहासिक निर्णय है। देश में पहली बार किसी राज्य सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्का, गेहूं और हल्दी को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में लाने का साहसिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के इस फैसले से किसानों का प्राकृतिक खेती के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। इससे अधिक किसान इस मॉडल को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

**सवाल: फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी किसानों को किस प्रकार लाभ पहुंचाती है?**

**जवाब:** फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी किसानों को



नेचुरल्स फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ डॉ. अशोक कुमार धीमान से विशेष बातचीत

एक मंच पर लाती है। किसान अपनी उपज सामूहिक रूप से बाजार में बेचते हैं, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलता है। साथ ही प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, भंडारण और मार्केटिंग जैसी सुविधाओं का लाभ भी सामूहिक रूप से मिलता है। इससे उत्पादन लागत कम होती है और मुनाफा बढ़ता है। प्राकृतिक उत्पाद वक्त की जरूरत है जिससे लोगों के जीवन को स्वस्थ बनाया जा सके।

**सवाल: कुटलैहड़ क्षेत्र में एफपीसी की क्या भूमिका है?**

**जवाब:** आज कुटलैहड़ क्षेत्र स्थानीय कृषि-उद्यमिता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। यहां हमारी कंपनी के अलावा कुटलैहड़ नारी शक्ति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भी महिलाओं को संगठित कर प्राकृतिक खेती और कृषि आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है। इन संगठनों के माध्यम से किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

**सवाल: भविष्य की क्या योजनाएं हैं?**

**जवाब:** हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ना, आधुनिक प्रोसेसिंग एवं वैल्यू एडिशन की सुविधाएं विकसित करना तथा कुटलैहड़ क्षेत्र के प्राकृतिक उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसके साथ ही युवाओं और महिला किसानों को कृषि आधारित उद्यमिता से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है।

**सवाल: प्रश्न: किसानों के लिए आपका संदेश?**

**जवाब:** किसान प्राकृतिक खेती को केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता समझें। रासायनिक खेती की तुलना में यह स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक दृष्टि से अधिक लाभकारी है। यदि किसान संगठित होकर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों से जुड़ें तो उन्हें बेहतर बाजार, उचित मूल्य और सरकारी योजनाओं का अधिक लाभ मिल सकता है।

# मलांगड़ मियां के वीर सपूत विशंभर सिंह वीरगति को प्राप्त

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलांगड़ के गांव मलांगड़ मियां के वीर सपूत विशंभर सिंह उर्फ मिंटू, पुत्र रसीला राम, देशसेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। सोमवार सुबह लगभग आठ बजे देहरादून में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके वीरगति को प्राप्त



होने का समाचार मिलते ही पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई। विशंभर सिंह पिछले 16 वर्षों से भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने पूरे समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ मातृभूमि की रक्षा का दायित्व निभाया। उनका जीवन देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा।

विशंभर सिंह अपने पीछे पत्नी सोनिया, दो मासूम बेटे, बुजुर्ग माता-पिता तथा पूरे परिवार को छोड़ गए हैं। गांव और क्षेत्र के लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं, लेकिन इस अपूरणीय क्षति की भरपाई कोई नहीं कर सकता। स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने इस वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया गया यह सर्वोच्च बलिदान सदैव अमर रहेगा।

लोगों ने कहा कि जिस परिवार ने अपने दो-दो बेटों को देश के लिए समर्पित कर दिया, उसका ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। यह परिवार पूरे समाज और देश के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है।

### कुछ समय पूर्व छोटा भाई भी दे चुका है देश के लिए वलिदान

इस परिवार की पीड़ा इसलिए और भी गहरी है क्योंकि यह पहला अवसर नहीं है, जब इस घर ने देश के लिए अपना लाल खोया हो। रसीला राम के दो पुत्र भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे थे। कुछ समय पूर्व छोटे बेटे ने भी देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। अब बड़े बेटे के वीरगति को प्राप्त होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आज इस घर में दो जवान बहुएं अपने-अपने पतियों को खोकर विधवा हो चुकी हैं। परिवार में तीन छोटे-छोटे पोते हैं, जिनमें एक बेटा मात्र 12 वर्ष का है और दूसरा अभी केवल छह माह का है। छह माह के मासूम को अभी यह भी नहीं पता कि उसके पिता अब कभी लौटकर घर नहीं आएंगे।

## औषधीय गुणों से भरपूर 'जामुन' कई रोगों में रामबाण: डॉ. मुमताज

**अनंत ज्ञान, घनारी।** काले रंग का रसीला जामुन फल विशुद्ध रूप से भारतीय फल है। हर कोई इसके खट्टे मीठे स्वाद से परीचित हैं। जामुन एक मौसमी फल है, जोकि श्रावम महीने के आसपास पकता है। खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही इसके कई औषधीय गुण भी हैं। जामुन



अम्लीय प्रकृति का फल है पर यह स्वाद में मीठा होता है। जामुन में भरपूर मात्रा में ग्लूकोज और फ्रुक्टोज पाया जाता है। जामुन में लगभग वे सभी जरूरी लवण पाए जाते हैं जिनकी शरीर को आवश्यकता होती है। इसको खाने से स्वास्थ्य के लिए अद्भुत लाभ होता है वहीं अनेक प्रकार के रोगों में जामुन फल, इसकी गुठली(बीज) का पाउडर औषधि का काम करता है । पाचन क्रिया के लिए जामुन बहुत फायदेमंद होता है। जामुन खाने से पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याएं दूर हो जाती हैं। मधुमेह के रोगियों के लिए जामुन एक रामबाण औषधि है। जामुन के बीज सुखाकर पीस कर इसका पाउडर बनाकर खाने से मधुमेह में लाभ होता है। जामुन कैंसर , पथरी की रोकथाम में भी जामुन खाना फायदेमंद होता है। जामुन के गुणों के बारे गगरेट क्षेत्र के अपर गोंदपुर बनेहड़ा राजकीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डॉ. मुमताज चौहान का कहना है कि जामुन औषधीय गुणों से भरपूर है। जहां यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा है वही इसकी गुठली को पीसकर मधुमेह केऔषध व पाचन तंत्र के लिए भी अत्युत्तम है। उन्होंने कहा कि कफ, पैत्तिक विकार में इसका सेवन लाभकारी व वर्षा ऋतु में होने वाले अतिसार में भी इसका सेवन राहत देता है ।

# विवाह के दो दिन बाद दुल्हन नकदी और गहने लेकर फरार

अनंत ज्ञान

**गगरेट/ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के गगरेट उपमंडल के अंबोटा गांव में शादी के नाम पर कथित ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक का आरोप है कि शादी के महज दो दिन बाद उसकी नवविवाहिता पत्नी आधी रात को घर से नकदी और सोने के गहने लेकर फरार हो गई। युवक ने गगरेट पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार पीड़ित युवक अविवाहित था। गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी पंजाब में पहचान है और वह उसकी शादी करवा देगा। इस पर युवक को पंजाब के मुकेरियां ले जाया गया, जहां उसकी मुलाकात एक महिला से करवाई गई। इसके बाद महिला उसे बटाला ले गई, जहां एक व्यक्ति ने साथ मौजूद युवती को अपनी बहन बताते हुए विवाह कराने की बात कही। शिकायत में आरोप है कि महिला और अन्य लोगों ने उसी दिन शादी करने का दबाव बनाया। दुल्हन को तैयार कराने और गहने खरीदने के नाम पर युवक से करीब 70 हजार रुपए ले लिए गए। इसके बाद एक वकील के माध्यम से शपथ पत्र तैयार करवाकर युवक को बताया गया कि अब उसकी शादी हो चुकी है।

इसके बाद वह युवती को अपने घर अंबोटा ले आया। पीड़ित का कहना है कि गांव में विवाह का भोज आयोजित करने के लिए उसने स्थानीय सोसायटी से 70 हजार रुपए का ऋण भी लिया। आरोप है कि नवविवाहिता दो दिन तक घर में रहकर परिवार की गतिविधियों, नकदी और कीमती सामान की जानकारी जुटाती रही। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि करीब 12:30 बजे वह घर से नकदी और गहने लेकर फरार हो गई। युवक का कहना है कि उसने पत्नी को घर से निकलते हुए देखा, लेकिन वह उसे पकड़ नहीं सका।

# डॉ. निशांत नड्डा को मिली हिमाचल में अंग प्रत्यारोपण सेवाओं की बड़ी जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। जिले के युवा नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. निशांत नड्डा को हिमाचल प्रदेश के स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एसओटीटीओ) का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें राज्य में अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देगी।

यह निर्णय शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में आयोजित एसओटीटीओ हिमाचल प्रदेश की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में लिया गया। वर्तमान में डॉ. नड्डा एआईएमएस चामियाना, शिमला के नेफ्रोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें एसओटीटीओ की प्रोक्योरमेंट कमेटी का सदस्य भी बनाया गया है। बिलासपुर के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखने वाले डॉ. निशांत नड्डा देश के वीरता पुरस्कार 'विक्टोरिया क्रॉस' से सम्मानित महान युद्ध नायक कैप्टन भंडारी राम के पौत्र हैं। उनके पिता सुरेश नड्डा भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक हैं, जबकि उनकी माता अरुणा नड्डा गृहिणी हैं। उनकी पत्नी डॉ. निधि नड्डा भी चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी हैं।

डॉ. नड्डा ने पीजीआई चंडीगढ़ से नेफ्रोलॉजी में सुपर स्पेशियलिटी की शिक्षा प्राप्त की है। इससे पहले वे डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा, सिविल अस्पताल घुमारवीं, चैल तथा आईजीएमसी शिमला में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। चिकित्सा क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता, संवेदनशील कार्यशैली और मरीजों के प्रति समर्पण ने उन्हें अलग पहचान दिलाई है। डॉ. निशांत की यह नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे बिलासपुर जिले के लिए गर्व का विषय है। जिले के लोगों ने उनकी इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अंग प्रत्यारोपण सेवाओं को नई दिशा मिलेगी।

## मोहल्लों के सीसीटीवी कैमरों से चालान काटने पर लगे रोक : सोनल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा ने कहा कि शहर और कस्बों के मोहल्लों में सुरक्षा के उद्देश्य से



लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का उपयोग आम नागरिकों के चालान काटने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन कैमरों का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मोहल्लों के भीतर दूध, सब्जी या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जाने वाले लोगों के भी चालान किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता में नाराजगी बढ़ रही है। सरकार और प्रशासन को इस व्यवस्था की समीक्षा कर आम लोगों की व्यवहारिक परेशानियों को ध्यान में रखना चाहिए।

सोनल ने मांग की कि मोहल्लों में लगे सीसीटीवी कैमरों का उपयोग मुख्य रूप से सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए किया जाए तथा इनके आधार पर स्थानीय स्तर पर किए जा रहे चालानों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन के लिए दंडात्मक कार्रवाई के बजाय जनजागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग स्वेच्छा से नियमों का पालन करें।

# हिमाचल में शिक्षा व्यवस्था चरमराई, सीएम का 'व्यवस्था परिवर्तन' केवल नारा : जम्वाल



पत्रकार वार्ता करते सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार सुधार के दावे कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्कूल बंद किए जा रहे हैं और साइंस-कॉमर्स जैसे महत्वपूर्ण विषय समाप्त हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सदर क्षेत्र में 28 प्राइमरी और मिडल स्कूल बंद हो चुके हैं, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। कई स्कूलों और कॉलेजों में विषयों की कमी के चलते शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। जम्वाल ने जुखाला कॉलेज में विषय बंद किए जाने के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार अब तक कोई समाधान नहीं निकाल पाई है। उन्होंने बधयात प्राथमिक विद्यालय में 20 लाख रुपये के निर्माण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाया।

उनका कहना है कि काम बिना टेंडर प्रक्रिया के दिया गया और अधूरा रहने के बावजूद भुगतान कर दिया गया। विधायक ने बिलासपुर कॉलेज की गिरती रैंकिंग पर भी चिंता जताई और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था का राजनीतिकरण हो रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है।

## गेहड़वीं में जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** गेहड़वीं क्षेत्र में आयोजित भव्य धार्मिक जागरण में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात तक चले इस जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का गुणगान किया और भक्ति रस में सराबोर रहे। प्रसिद्ध भजन गायक मास्टर मुनीष भारद्वाज एवं डिम्पल कुमार ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके मधुर भजनों पर उपस्थित भक्तजन पूरी रात झूमते और नाचते रहे। पूरा पंडाल जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। वहीं नीलकंठ आर्ट्स घुमारवीं द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी एवं अन्य देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां



आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। झांकियों को देखने के लिए लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।आयोजकों ने बताया कि जागरण का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना तथा लोगों में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। बिलासपुर ओएसटी केंद्र में 22 मरीजों का उपचार जारी, नशामुक्ति के मिल रहे सकारात्मक परिणामः डीसी

## ओएसटी केंद्र से नशामुक्ति में मिल रही सफलता: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित ओपिऑयड सब्स्टीट्यूशन थेरेपी (ओएसटी) केंद्र नशे की लत से जूझ रहे लोगों के लिए प्रभावी उपचार का माध्यम बन रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि वर्तमान में केंद्र में 22 मरीज नियमित उपचार ले रहे हैं और सभी में सकारात्मक सुधार देखा जा रहा है। कार्यक्रम के तहत चिट्टा सहित अन्य ओपिऑयड नशों के आदी मरीजों को दवा, काउंसलिंग और मनोवैज्ञानिक सहयोग प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि उपचार से नशे की तीव्र इच्छा कम होती है और एचआईवी व हेपेटाइटिस जैसे संक्रमणों का खतरा भी घटता है। केंद्र में प्रशिक्षित काउंसलर और मनोचिकित्सक उपलब्ध हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। उपायुक्त ने नशे से प्रभावित युवाओं और उनके परिजनों से अपील की कि वे बिना झिझक ओएसटी केंद्र की सेवाओं का लाभ लें और समय पर उपचार कर नशे से मुक्ति पाएं।

# बिलासपुर में बीपीएल चयन का आठवां चरण शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **5 जुलाई तक आवेदन, 15 जुलाई को प्रकाशित होगी अंतिम सूची**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने बीपीएल सूची को अधिक पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के उद्देश्य से चयन प्रक्रिया का आठवां चरण (फेज-8) शुरू कर दिया है। इसके तहत पात्र परिवार 5 जुलाई 2026 तक अपनी संबंधित ग्राम पंचायत में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त होने के बाद ग्राम पंचायत, विकास खंड और जिला स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विस्तृत सत्यापन किया जाएगा और अंतिम सूची 15 जुलाई 2026 तक प्रकाशित की जाएगी।



उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि पहले सात चरणों में जिले के कुल 4,817 परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक जरूरतमंद और पात्र परिवारों को ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जबकि अपात्र परिवार सूची से बाहर रहें। संशोधित पात्रता मानदंडों के अनुसार महिला मुखिया वाले परिवार, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले परिवार, गंभीर बीमारियों से पीड़ित परिवार तथा भूमिहीन परिवार पात्र माने जाएंगे। इसके साथ ही जिन परिवारों में 27 वर्ष से कम आयु के बच्चे या 59 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग हैं और 27 से 59 वर्ष आयु वर्ग का कोई कमाऊ सदस्य नहीं है, वे भी पात्र होंगे।

वहीं आयकरदाता, 75 हजार रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले तथा सरकारी, अर्द्धसरकारी या निजी सेवा में कार्यरत सदस्य वाले परिवार अपात्र होंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि केवल आवेदन करना चयन की गारंटी नहीं है, अंतिम सूची पूरी जांच और सरकारी मानदंडों के आधार पर तैयार की जाएगी।

# वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने पर बिलासपुर के इशान अख्तर सम्मानित





इशान अख्तर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हमीरपुर जिला स्विमिंग एसोसिएशन एवं ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल हमीरपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर के डियारा सेक्टर निवासी इशान अख्तर को हिमाचल प्रदेश में वॉटर स्पोर्ट्स के प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया।

इशान अख्तर पिछले करीब 16 वर्षों से हिमाचल गोबिंदसागर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के माध्यम से युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं तथा स्पोर्ट्स कोटे के माध्यम से रोजगार भी प्राप्त कर चुके हैं। उनके प्रयासों से कोलडैम में वॉटर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हुआ।

इशान अख्तर को खेल एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है। वह युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं तथा चीन और जापान सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्र सरकार ने देश को किया गुमराह : हीरापाल सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर हीरापाल सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश की जनता के सामने पूरी सच्चाई नहीं रखी। उन्होंने कहा कि अब सामने आ रही जानकारी से सरकार के दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



हीरापाल सिंह ने कहा कि सरकार ने पहले दावा किया था कि ऑपरेशन में भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बाद में सैन्य अधिकारियों के हताहत होने की जानकारी सामने आई। उनका आरोप है कि सरकार ने अपनी छवि बचाने के लिए वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक नहीं किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हमेशा शहीद सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान किया है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा और जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद और संसद के बाहर लगातार उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सैनिकों की शहादत पर राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस हमेशा सैनिकों के सम्मान और उनके हितों के साथ खड़ी रही है।

हीरापाल सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिका की कथित भूमिका तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी तथ्यों पर देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को विपक्ष पर आरोप लगाने के बजाय महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और किसानों-बागवानों से जुड़े मुद्दों पर जवाब देना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि देश की जनता अब भाजपा की कथनी और करनी का अंतर समझ चुकी है और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर पारदर्शिता की अपेक्षा रखती है।

# बिलासपुर में 29 जून से मनाया जाएगा सहकारिता सप्ताह

अनंत ज्ञान



पत्रकारों को संबोधित करते हुए आशीष ठाकुर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमकोफैड, हिमफैड और सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जागरूकता शिविर, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

हिमकोफैड के निदेशक आशीष ठाकुर ने बताया कि सहकारिता आंदोलन का उद्देश्य किसानों, युवाओं और आमजन को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को मझवाड़ प्राथमिक विद्यालय में किसान जागरूकता शिविर आयोजित होगा, जिसमें पशुपालन और दुग्ध उत्पादन पर विशेषज्ञ जानकारी देंगे। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। 4 जुलाई को कॉलेज और स्कूलों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी, जबकि 6 जुलाई को जिलेभर में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। ठाकुर ने लोगों से कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### गद्दी संस्कृति पर राजनीति बंद करें, मुख्यमंत्री ने भेड़पालकों को दिए अधिकार: सुरजीत भरमौरी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गद्दी संस्कृति और पारंपरिक पहनावे को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भरमौर-पांगी के विधायक जनक राज द्वारा की गई टिप्पणी पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल पारंपरिक चोलू और डोरा पहनकर गद्दी संस्कृति का सम्मान किया है, बल्कि गद्दी समुदाय और भेड़पालकों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लेकर उनकी आजीविका को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छतराड़ी जातर मेले को 31 वर्षों बाद राज्य स्तरीय दर्जा मिला, ऊन का समर्थन मूल्य 100 रुपये प्रति किलो किया गया तथा भेड़-बकरियों के नुकसान पर मुआवजा 7 हजार रुपये प्रति पशु तय किया गया है। इसके अलावा घुमंतू भेड़पालकों के परमिट सुधार और 'पहल योजना' के तहत 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भरमौरी ने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि संस्कृति का सम्मान केवल पहनावे से नहीं बल्कि जनहित कार्यों से होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने गद्दी समाज के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का काम किया है।

### कमल ठाकुर बने ब्लॉक समिति पर्यवेक्षक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** तीसा (चुराह) ब्लॉक समिति चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी चम्बा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं एचआरटीसी निदेशक (बीओडी) एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने अधिसूचना जारी कर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल ठाकुर को ब्लॉक समिति चुनाव के लिए पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) नियुक्त किया है। आदेशों के अनुसार कमल ठाकुर चुनाव प्रक्रिया से पहले तीसा पहुंचकर समन्वय समिति के सदस्यों और निर्वाचित ब्लॉक समिति सदस्यों के साथ बैठक करेंगे तथा चुनावी रणनीति तय करेंगे। चुनाव के बाद वे विस्तृत रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी चम्बा को सौंपेंगे। समिति में यशवंत खन्ना, सुरिंदर भारद्वाज, दिलदार अली भट्ट, त्रिलोक सिंह, प्रकाश भूटानी और भूपिंदर ठाकुर को शामिल किया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि समिति चुनाव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### डलहौजी में पत्रकार पर कथित हमला

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में एक पत्रकार पर कथित हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि निर्माण सामग्री की कथित चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचे पत्रकार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की और उन्हें सड़क के डंगे के नीचे खाई में धक्का दे दिया। जानकारी के अनुसार, जैसे ही पत्रकार ने मोबाइल से लाइव कवरेज शुरू की, तभी कथित रूप से उन पर हमला किया गया और उनका मोबाइल भी छीनकर फेंक दिया गया। घटना में उन्हें सिर, नाक और हाथों में चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल डलहौजी में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डलहौजी प्रेस क्लब और स्थानीय संगठनों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### बागवानों को समय पर मिले तकनीकी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चुराह।** उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत खुशनगरी में बागवानों ने उद्यान विभाग से नियमित जागरूकता शिविर आयोजित करने की मांग की है। पंचायत के नवनिर्वाचित उपप्रधान असलम खान ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश परिवार सेब बागवानी पर निर्भर हैं, लेकिन तकनीकी जानकारी के अभाव में कई बार गलत समय पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने से फसल को नुकसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि उद्यान विभाग समय-समय पर विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करे तो बागवान आधुनिक तकनीकों और सही दवा प्रबंधन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।

### चुराह में बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**अनंत ज्ञान, चुराह।** हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। इसी क्रम में उपमंडल चुराह की ग्राम पंचायत खुशनगरी के ढांचु गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

# खुंदेल में खड्ड बनी मुसीबत, लोग जान जोखिम में डालकर कर रहे पार

## दर्जनों गांव आज भी बुनियादी सुविधा से वंचित, स्थायी पुल की उठी मांग

अनंत ज्ञान




**देशराज कश्यप, धरवाला।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत पड़ती ग्राम पंचायत खुन्देल के दर्जनों गांव आज आजादी के वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बटोत से गिरड माता मंदिर व अलहमी की तरफ जाता यह जनसंपर्क मार्ग बेहद डरावना व जानलेवा है।

ग्राम पंचायत खुन्देल से लेकर गिरड माता मंदिर व अलहमी की ओर जाने के लिए नदी पर बनी अनेकों अस्थाई पुलियों को लांघ कर जाना पड़ता है जहां आपकी एक छोटी सी गलती जानलेवा हो सकती है। गौरतलब है कि दुर्गम क्षेत्र में जरूरी व भारी वस्तुएं ले जाने के लिए घोड़ा खच्चर का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन नदी पर बनी अस्थाई पुलियों पर घोड़ा खच्चर किसी भी सूरत में नदी को पार नहीं कर सकता इसीलिए नदी को पार करने के लिए घोड़ा खच्चर को मजबूरन नदी के उफनते जलस्तर में नीचे नदी में उतारना पड़ता है यह प्रक्रिया गिरड माता मंदिर व अलहमी गांव तक पहुंचने के लिए एक बार नहीं अनेकों बार दोहराई जाती है।

बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने पर यह नदी विकराल रूप धारण कर लेती है और नदी पर बनी अनेकों अस्थाई पुलियों को अपने साथ बहा ले जाती है जिससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं या यूं कहें की दर्जनों गांव की कनेक्टिविटी शेष विश्व से पूरी तरह कट जाती है। अलहमी, कलोंस, गिरड, खिडकल, भद्रूण,भद्र, कनेहतर, कुहेड, गुवाड़, चन्नू जैसे दुर्गम क्षेत्र से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बटोत पहुंचने वाले विद्यार्थियों को भी नदी का जलस्तर बढ़ने पर बेहद समस्याएं पेश आती हैं, वहीं दूसरी तरफ गांव में किसी भी व्यक्ति के बीमार पड़ने या प्रेग्नेंट महिला को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना लगभग नामुमकिन हो जाता है।

स्थानीय लोगों शम्मी कुमार, रतन ठाकुर, पवन कुमार, रमेश कुमार, अंबिया राम, सरवन कुमार, तिलक राज, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, कुशल कुमार, प्यार चंद, परश राम, उद्यमी, बिट्टू राम इत्यादि लोगों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत खुन्देल के अनेकों गांवों को जोड़ती नदी पर स्थाई पुल बनाए जाए ताकि लोगों को समस्याएं पेश ना आएं।

# भरमौरवासियों की मांग, 'हेलिकॉप्टर से नहीं, सड़क से आएं सीएम सुक्खू'

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के 4 जुलाई को भरमौर (होली) के संभावित दौरे को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन और कांग्रेस कार्यकर्ता संभावित दौरे को लेकर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

इसी बीच भरमौर क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और आम लोगों ने मुख्यमंत्री से सड़क मार्ग के माध्यम से भरमौर आने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर के बजाय पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-154ए) से यात्रा करेंगे तो उन्हें सड़क की वास्तविक और बदहाल स्थिति का स्वयं आकलन करने का अवसर मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पिछले करीब एक दशक से बदहाली का शिकार है। जगह-जगह

**◆ मणिमहेश यात्रा से पहले एनएच सुधार की मांग तेज**

सड़क संकरी, क्षतिग्रस्त और गड्ढों से भरी हुई है, जिससे वाहन चालकों, स्थानीय लोगों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर सड़क की खराब स्थिति दुर्घटनाओं का कारण भी बन रही है।

लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में उत्तर भारत की प्रमुख धार्मिक यात्राओं में शामिल भरमौर की पवित्र मणिमहेश यात्रा आरंभ होने वाली है। इस दौरान हजारों श्रद्धालु इसी मार्ग से यात्रा करेंगे। ऐसे में सड़क की वर्तमान स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि मुख्यमंत्री स्वयं सड़क मार्ग से यात्रा करेंगे तो उन्हें लोगों की वास्तविक समस्याओं का प्रत्यक्ष अनुभव होगा और सड़क के सुधार एवं चौड़ीकरण को लेकर आवश्यक एवं प्रभावी निर्णय लिए जा सकेंगे।

# रनूहकोठी में थली पुल बना जानलेवा

## ग्रामीण बोले-मरम्मत नहीं हुई तो डीसी कार्यालय के बाहर होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान



**रनूहकोठी ( चंबा )।** ग्राम पंचायत रनूहकोठी के अंतर्गत आने वाले थली पुल की जर्जर हालत ने क्षेत्रवासियों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। पुल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां से गुजरने वाले लोगों को हर दिन जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस पुल से प्रतिदिन स्कूली बच्चे विद्यालय आने-जाने के लिए गुजरते हैं। इसके अलावा ग्रामीण अपने मवेशियों तथा दैनिक कार्यों के लिए भी इसी पुल का उपयोग करते हैं। पुल की बदहाल स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? क्या किसी की जान जाने के बाद ही संबंधित विभागों की नींद खुलेगी?

पंचायत समिति सदस्य शिल्पा देवी, युवा आजाद क्लब सामरा के अध्यक्ष अश्वनी कुमार तथा ग्रामीण कुलदीप कुमार, जफो राम, गेहरा राम, बहादुर सिंह, देवो राम और अमित सोई सहित अन्य लोगों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इस बार भी पुल की मरम्मत को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रवासी चंबा में उपायुक्त कार्यालय के बाहर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि यह केवल एक पुल की मरम्मत का मामला नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों की सुरक्षा और जीवन से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पुल का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि किसी संभावित हादसे से पहले स्थिति को संभाला जा सके। ग्रामीणों का स्पष्ट संदेश है—अब जनता को आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए।

# पांगी के किसानों के लिए जल्द बनेगा सब मार्केट यार्ड, अब घाटी से बाहर नहीं ले जानी पड़ेगी फसल

अनंत ज्ञान



ललित ठाकुर ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। अनंत ज्ञान

**पांगी/चंबा।** जनजातीय क्षेत्र पांगी के किसानों और बागवानों के लिए राहत भरी खबर है। वर्षों से स्थानीय स्तर पर कृषि एवं बागवानी उपज के विपणन की सुविधा की मांग अब साकार होने की ओर बढ़ रही है। पांगी घाटी में प्रस्तावित सब मार्केट यार्ड के निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक औपचारिकताओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ललित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के स्पष्ट निर्देश हैं कि पांगी घाटी के विकास से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि इस बहुप्रतीक्षित सुविधा को पांगी की जनता, किसानों और बागवानों को समर्पित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सब मार्केट यार्ड बनने के बाद पांगी के किसानों और बागवानों को अपनी उपज बेचने के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर अन्य मंडियों का रुख नहीं करना पड़ेगा। घाटी में ही मंडी सुविधा उपलब्ध होने से किसानों का परिवहन खर्च कम होगा, समय की बचत होगी और उन्हें अपनी उपज का उचित एवं प्रतिस्पर्धी मूल्य मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में कृषि और बागवानी गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा तथा किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

ललित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार दूरदराज़ और जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। पांगी में प्रस्तावित सब मार्केट यार्ड केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक समृद्धि और क्षेत्र के कृषि विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर यह सौगात जल्द पांगी की जनता को समर्पित की जाएगी।

# रोटरैक्ट क्लब ने 'बेसिक्स ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप फाइनेंस' विषय पर महिलाओं को किया जागरूक



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फेज-2 के रोटरैक्ट क्लब ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए 'बेसिक्स ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप फाइनेंस: एम्पावरिंग वूमेन एंटरप्रेन्योर्स' विषय पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना था।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों को घरेलू बजट प्रबंधन को छोटे व्यवसायों जैसे सिलाई-कढ़ाई, अचार-मुरब्बा और हस्तशिल्प से जोड़कर समझाया गया। उन्हें बताया गया कि सीमित संसाधनों के बावजूद छोटे स्तर पर उद्यम शुरू कर आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। महिलाओं को माइक्रोफाइनेंस, सामूहिक बचत, धन प्रबंधन और पूंजी के प्रभावी उपयोग की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। इसके साथ ही रोल-प्ले गतिविधियों के माध्यम से सरकारी सब्सिडी, बैंक ऋण योजनाओं और विभिन्न वित्तीय सहायता कार्यक्रमों की जानकारी सरल तरीके से दी गई।

संस्थान के निदेशक डॉ. अनीत बेदी ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता बढ़ाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है, जिससे वे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वरोजगार अपनाने का संकल्प लिया।

# रतिया में बिजली कटौती व कम वोल्टेज पर किसानों का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** धान की रोपाई के दौरान कम वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से नाराज किसानों ने सोमवार को रतिया बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री का पुतला फूंका।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों में बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क जाम करेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान नाहर सिंह खाई ने किया। किसान नेताओं ने कहा कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में वोल्टेज बेहद कम है, जिससे ट्यूबवेल मोटरें नहीं चल पा रही हैं और कई मोटरें जल चुकी हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है और खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। किसानों ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान न होने पर प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# सीपीडीएल ने विद्युत सुरक्षा जागरूकता वाहन को दी हरी झंडी



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने उपभोक्ताओं में विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस वाहन को सीपीडीएल के निदेशक अरुण कुमार वर्मा और सीईओ ब्रजेश कुमार ने सेक्टर-34 से रवाना किया। यह वाहन शहर के विभिन्न सेक्टरों और रिहायशी क्षेत्रों में जाकर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से बिजली सुरक्षा और मानसून के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संदेश प्रसारित करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को मानक विद्युत उपकरणों के उपयोग, सुरक्षित बिजली व्यवहार और विद्युत ढांचे के आसपास सावधानियों के प्रति जागरूक करना है। यह पहल राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह के तहत चल रही गतिविधियों का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य विद्युत दुर्घटनाओं को कम करना और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना है। ष्टक्क्षरु ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे बिजली सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# पंजाब में मान सरकार ने सनातन धर्म के लिए बहुत कुछ किया: केजरीवाल

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को 'एक शाम भगवान शिव के नाम' भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सनातन धर्म के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रही है और राज्य में धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

केजरीवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम अब पंजाब के 22 शहरों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पटियाला के काली माता मंदिर के पुनर्विकास, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के विस्तार और नए तीर्थ रूट जोड़ने की जानकारी दी। इसके तहत सालासर, खाटू श्याम, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा और वृंदावन जैसे स्थलों को जोड़ा गया है।

उन्होंने 'हमारे राम' नाटक के पंजाब में मंचन और अमृतसर में भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल के पास लव-कुश व माता जानकी के भव्य मंदिर निर्माण की भी घोषणा की। अंत में केजरीवाल ने मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए उनके जल्द रिहा होने की प्रार्थना की अपील की।

# काव्य कदम सम्मेलन में गीत गजल और व्यंग्य की छटा



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** टीएस सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी, सेक्टर-17 के सहयोग से काव्य कदम साहित्यिक संस्था, हरियाणा का मासिक कवि सम्मेलन उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री शशि जड़ोदिया ने किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता और विशिष्ट अतिथि मंजू चावला अरोड़ा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत शशि जड़ोदिया की काव्य प्रस्तुति से हुई, जिसके बाद कवियों ने गीत,गजल, कविता और व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक और समकालीन विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

राजन तेजी सुदामा, मीना जागलान, संदीप कुमार भगवाड़िया 'संवेदी', डॉ. अनुपमा हेमा, रवि कटारिया, सीमा शर्मा 'विजया' सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्यातिथि राजीव गुप्ता ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन साहित्य और संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन हिंदी साहित्य के संवर्धन के संकल्प के साथ हुआ।

# सिरसा में पुलिस की गाड़ी पेड़ से टकराई, तीन पुलिसकर्मी घायल

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिले के नाथूसरी चोपटा क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस का वाहन पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सिरसा के नागरिक अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार, चोपटा थाना का वाहन रविवार रात नाथूसरी चोपटा से नहराणा गांव की ओर गश्त पर जा रहा था। चोपटा-भट्टू रोड पर नहराणा के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर खेतों में पलट गई। हादसे में ड्राइवर विजय कुमार, एएसआई विजय कुमार और एसपीओ सुनील कुमार शामिल हैं। हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अगले दोनों टायर फट गए। सूचना मिलने पर पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए नाथूसरी चोपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सिरसा के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रोटरी क्लब पंचकूला ग्रीन्स ने जोनल अवॉर्ड्स में मारी बाजी



अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के ज़ोनल अवॉर्ड्स 2025-26 में रोटरी क्लब पंचकूला ग्रीन्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रमुख पुरस्कार अपने नाम किए।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन विनीत गांधी को उनके नेतृत्व और सेवा कार्यों के लिए 'बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ द जोन' से सम्मानित किया गया, जबकि क्लब को 'आउटस्टैंडिंग क्लब ऑफ द जोन' का सर्वोच्च पुरस्कार मिला।

क्लब ने बेस्ट आउटरीच प्रोजेक्ट, बेस्ट पब्लिक इमेज प्रोजेक्ट, बेस्ट प्रोजेक्ट ऑफ ज़ोन-4 और हाइएस्ट मेंबरशिप ग्रोथ जैसे सम्मान भी हासिल किए। विभिन्न सदस्यों को भी व्यक्तिगत श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विनीत गांधी ने सभी सदस्यों, स्वयंसेवकों और रोटरी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने युवाओं और सहयोगी रोटरैक्ट व इंटरैक्ट क्लबों की भूमिका की भी सराहना की।

# रेवाड़ी में बिजली-पानी संकट पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, लगाया जाम

अनंत ज्ञान



**रेवाड़ी।** जिले के गांव गढ़ी बोलनी में बिजली और पानी की लगातार बनी समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार सुबह रेवाड़ी-कोटकासिम मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने गांव से होकर गुजर रहे भारी वाहनों के आवागमन का भी विरोध किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

ग्रामीणों का आरोप था कि गांव की राजनीतिक खींचतान के कारण उन्हें भीषण गर्मी में पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उनका कहना है कि पिछले करीब 10 दिनों से गांव में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही, जबकि बिजली के अघोषित कटों ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी मंत्री के नाम शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि फोरलेन परियोजना के तहत करीब छह माह पहले सड़क की खुदाई की गई थी। अब सड़क को डबल करने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण भारी वाहन गांव के भीतर से गुजर रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने हाल ही में डंपर की चपेट में आई एक बुजुर्ग महिला की मौत का भी उल्लेख करते हुए प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

जाम की सूचना के बाद जनस्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ने पाइपलाइन की जांच कर जल्द जलापूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के भरोसे के बाद करीब तीन घंटे से लगा जाम समाप्त कराया गया और यातायात सामान्य हो सका। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे भविष्य में और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 'जन-जन की आवाज' बनकर निभाए जा रहे सामाजिक दायित्व

## तीसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' हमीरपुर में कल, एसपी बलबीर सिंह कर्तव्यनिष्ठ पुलिस के जांबाजों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए करेंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' पाठकों के अपार विश्वास, समर्थन और स्नेह के दम पर हिमाचल प्रदेश में 'जन-जन की आवाज' बनकर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। यह अखबार केवल समाचारों के प्रकाशन तक सीमित नहीं है, अपितु पत्रकारिता के मूल्यों के निर्वहन के साथ सामाजिक सरोकारों को भी पूरी प्रतिबद्धता से निभा रहा है। इसी सोच के साथ 'अनंत ज्ञान' प्रबंधन ने उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले प्रदेश के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने की पहल की है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है।**

**इसी कड़ी में तीसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' 1 जुलाई को जिला मुख्यालय हमीरपुर के बाईपास रोड स्थित होटल बसंत (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप) में आयोजित होगा। समारोह शाम 6 बजे शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलबीर सिंह कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जांबाजों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित करेंगे।**

**गौरतलब है कि पहला 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' पिछले वर्ष जून महीने में कांगड़ा जिले के भदरोया (इंदौरा) में आयोजित किया गया था, जिसमें 20 से अधिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद दूसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' जून माह में ही धर्मशाला में आयोजित हुआ, जहां 30 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित कर 'अनंत ज्ञान' ने अपने सामाजिक दायित्व का सफल निर्वहन किया। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।**

## इन कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जांबाजों को किया जाएगा सम्मानित



**निरीक्षक** कुलवंत सिंह, प्रभारी थाना सदर हमीरपुर वर्ष 2011 में उप-निरीक्षक के रूप में पुलिस विभाग में नियुक्त हुए तथा 2018 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 22 प्रशंसनीय पत्र एवं अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। थाना सदर हमीरपुर में चिट्टा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।



**निरीक्षक** गुरबख्श सिंह, प्रभारी थाना बड़सर वर्ष 2019 में उप-निरीक्षक के रूप में नियुक्त हुए तथा 2025 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए विभागीय प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं। थाना बड़सर में प्रभावी पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



**सहायक** उप-निरीक्षक हितेश कुमार, प्रभारी पुलिस चौकी दियोटसिद्ध वर्ष 2001 में भर्ती हुए तथा 2025 में पदोन्नत हुए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 7 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा पुलिस कार्यों के प्रभावी संचालन में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।



**सहायक** उप-निरीक्षक शारदा देवी, महिला थाना हमीरपुर में तैनात हैं। वह वर्ष 1999 में महिला आरक्षी के रूप में भर्ती हुईं तथा 2024 में पदोन्नत हुईं। इन्होंने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 14 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। महिला थाना हमीरपुर में कार्यरत रहते हुए लापता महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी एवं महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



**महिला** आरक्षी कविता कुमारी, थाना सदर, हमीरपुर वर्ष 2010 में भर्ती हुईं तथा विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। अनुशासन एवं सराहनीय कार्यों के लिए 8 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह पुलिस दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन कर रही हैं।

**निरीक्षक** देवराज सिंह, अन्वेषण अधिकारी थाना नादौन वर्ष 1990 में आरक्षी के रूप में भर्ती हुए तथा पदोन्नत होते हुए निरीक्षक बने। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 17 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में जटिल मामलों की सफल एवं निष्पक्ष जांच कर रहे हैं।

**निरीक्षक** प्रशांत सिंह ठाकुर, प्रभारी जिला साइबर शाखा, हमीरपुर 06.05.1987 को पुलिस विभाग में उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए। अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 9 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित किया जा चुका है। इन्होंने पुलिस कार्यों के प्रभावी संचालन, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा विभागीय उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान तथा चिट्टा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कई बड़े नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**सहायक** उप-निरीक्षक निर्मला देवी दिनांक 05.06.1996 को पुलिस विभाग में महिला आरक्षी के पद पर नियुक्त हुईं। आजकल बतौर प्रभारी पुलिस सहायता कक्ष भोटा में तैनात है। इन्होंने पुलिस कार्यों के प्रभावी संचालन, जनसेवा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा विभागीय उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देकर कर्तव्यनिष्ठा एवं नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनकी सेवाएं सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं जिसके लिए विभाग इन्हें 15 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित कर चुका है।




**महिला** मानक मुख्य आरक्षी राजकुमारी वर्तमान में हमीरपुर में शिकायत कलर्क के पद पर तैनात हैं। राजकुमारी अपने काम को समय पर और सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए विभाग की ओर से उन्हें 29 बार प्रशंसनीय पत्र मिल चुके हैं। यही नहीं, राजकुमारी को वर्ष-2020 में उत्कृष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**उप-निरीक्षक** सुखदेव सिंह, अन्वेषण अधिकारी, थाना बड़सर वर्ष 1992 में आरक्षी के रूप में भर्ती हुए। इन्होंने अपने करीब 34 वर्षों के कार्यकाल के दौरान विभिन्न जिलों एवं बटालियनों में कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासित सेवाओं के लिए इन्हें 17 बार प्रशंसनीय पत्र दिए जा चुके हैं।

**सहायक** उप-निरीक्षक राजेश कटोच, प्रभारी जिला सुरक्षा शाखा में सेवाएं दे रहे हैं। राजेश वर्ष 1999 में भर्ती हुए। विभिन्न इकाइयों में सेवाएं देने के साथ पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में प्रशिक्षक के रूप में भी योगदान दिया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 35 प्रशंसनीय पत्र एवं नकद पुरस्कार प्राप्त किए।

**सहायक** उप-निरीक्षक प्रेम चंद, अन्वेषण अधिकारी थाना सदर में तैनात हैं। प्रेम चंद वर्ष 2002 में भर्ती हुए तथा विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं। 21 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित हो चुके हैं। प्रेम चंद चिट्टा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**सहायक** उप-निरीक्षक कृपाल सिंह, अन्वेषण अधिकारी, थाना नादौन वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए 14 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त कर चुके हैं। जटिल मामलों की सफल, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच में माहिर हैं।

**सहायक** उप-निरीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी पुलिस सहायता कक्ष, बिझड़ी वर्ष 1999 में भर्ती हुए तथा 2024 में पदोन्न हुए। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासित सेवाओं के लिए 18 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह जनसेवा एवं पुलिस सहायता कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**मुख्य** आरक्षी संजीव कुमार, पुलिस लाइन हमीरपुर में तैनात हैं। वह वर्ष 2001 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। विभिन्न स्थानों पर कर्तव्यनिष्ठा एवं दक्षता के साथ सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासन के लिए 34 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह विभागीय दायित्वों का सफल निर्वहन कर रहे हैं।

**मुख्य** आरक्षी सुरजीत कुमार, थाना सदर हमीरपुर वर्ष 2001 में भर्ती हुए तथा दीर्घ सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्यशैली एवं अनुशासन का परिचय दिया। विभाग द्वारा 25 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित किए जा चुके हैं। वर्तमान में पुलिस दायित्वों का समर्पण एवं दक्षता के साथ निर्वहन कर रहे हैं।

**मुख्य** आरक्षी रमन कुमार, थाना सुजानपुर में तैनात है। वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। विभिन्न इकाइयों में कर्तव्यनिष्ठा एवं दक्षता के साथ सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासित सेवाओं के लिए 7 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह पुलिस कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**मुख्य** आरक्षी इंदुबाला शर्मा, पुलिस लाइन हमीरपुर वर्ष 2010 में महिला आरक्षी के रूप में भर्ती हुईं तथा 2023 में पदोन्नत हुईं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासन के लिए 6 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वर्तमान में विभागीय कार्यों का निष्ठापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रही हैं।

**आरक्षी** मोहम्मद आविद हुसैन, थाना नादौन में सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 2011 में भर्ती हुए। उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 7 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**मानक** मुख्य आरक्षी पवन कुमार, पुलिस लाइन हमीरपुर वर्ष 1996 में भर्ती हुए तथा लगभग 30 वर्षों से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय कार्यों के लिए 25 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वर्तमान में विभागीय कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



**उप**-निरीक्षक अर्मी चंद, प्रभारी डीसीआरबी/साइबर शाखा ने 36 वर्षों की सेवा में अपराध अन्वेषण एवं साइबर अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। तकनीकी विशेषज्ञता के बल पर अनेक मामलों का सफल निस्तारण किया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 71 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त कर चुके हैं तथा विभाग की महत्वपूर्ण संपत्ति हैं।



**मानद** मुख्य आरक्षी कुलदीप चंद, थाना नादौन वर्ष 1999 में भर्ती हुए तथा कमांडो एवं डॉग ट्रेनिंग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 9 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वर्तमान में समर्पित एवं दक्ष सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



**उप-निरीक्षक** अजय कुमार, प्रभारी पुलिस चौकी जाहू में तैनात हैं। अजय वर्ष 1992 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। दीर्घ सेवाकाल में विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट कार्य किया। अनुशासन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 10 प्रशंसनीय पत्र तथा नकद पुरस्कार प्राप्त किए।



**आरक्षी** युसुफ खान, थाना सदर हमीरपुर में तैनात हैं। वर्ष 2011 में भर्ती हुए। विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते हुए अनुशासन एवं कार्यकुशलता का परिचय दिया। विभाग द्वारा 13 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित किए जा चुके हैं। वह कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।



**आरक्षी** जय गोपाल, साइबर क्राइम शाखा, हमीरपुर में तैनात हैं। इन्होंने साइबर अपराध, नेटवर्क सुरक्षा एवं फिंगरप्रिंट संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 10 लाख रुपए की रिकवरी तथा 50 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 37 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं।

## मंडी नगर निगम पर तीसरी बार भाजपा का कब्जा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी नगर निगम मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के बाद पत्रकारवार्ता में कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने पहले तो चुनावों को टालने का हरसंभव प्रयास किया और अब जब परिणाम उनके पक्ष में नहीं आए, तो वे जीते हुए जनप्रतिनिधियों को शपथ लेने से रोक रहे हैं, जो पूरी तरह से लोकतंत्र के खिलाफ और दुर्भावनापूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार दबाव डालकर जनप्रतिनिधियों को अपने पक्ष में करने की हरसंभव कोशिश कर रही है लेकिन हमारी विचारधारा के जीते हुए पार्षदों की एकजुटता के आगे उनकी एक नहीं चल रही है। धर्मशाला और सोलन में आज कांग्रेस के सदन से भाग जाने वाला के कारण कोरम पूरे नहीं हुए लेकिन मंडी में हमारा कोरम पूरा हुआ और हमारी जीत पक्की हुई। मंडी नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के लिए अधिकारियों द्वारा दिए गए नामांकन पत्र से प्रस्तावक का फॉर्म ही गायब था। भाजपा की कड़ी आपत्ति और अन्य निगमों के फॉर्म दिखाने के बाद अधिकारियों ने अपनी गलती मानी और नया फॉर्म उपलब्ध कराया। जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनाव परिणाम अनुकूल न होने के कारण कांग्रेस मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को टालने का प्रयास कर रही थी। मंडी नगर निगम में दोबारा भाजपा का कब्जा होने पर उन्होंने जनता का आभार जताया और पार्षदों को बधाई दी।

## चिकित्सा प्रतिपूर्ति को 212 करोड़ रुपए जारी

### कर्मचारियों और पेंशनरों को मिली राहत, लंबित चिकित्सा दावों के भुगतान में आई तेजी


अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार की व्यवस्था परिवर्तन नीति का असर अब प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। वित्तीय अनुशासन, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और कर्मचारियों-पेंशनरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में 27 जून तक चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान के लिए 212 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा जारी राशि में 131.03 करोड़ रुपये पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान के लिए तथा 80.97 करोड़ रुपये सरकारी कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के निपटारे के लिए स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग ने लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के शीघ्र भुगतान की प्रक्रिया तेज करते हुए संबंधित विभागों को राशि उपलब्ध करा दी है।

सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों से कहा है कि वे अपने चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान की स्थिति जानने के लिए संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) से संपर्क कर सकते हैं। सरकार का कहना है कि कर्मचारियों और पेंशनरों के लंबित वित्तीय मामलों का चरणबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए अथवा दिवंगत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों को भी बड़ी राहत प्रदान की है। जिनकी मूल पेंशन 25 हजार रुपये प्रतिमाह तथा पारिवारिक पेंशन 15 हजार रुपये प्रतिमाह तक है, उनके लंबित एरियर जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही एक जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनरों के संशोधित पेंशन एरियर का पूर्ण भुगतान भी सुनिश्चित किया गया है।

### कर्मचारियों का भरोसा मजबूत करने पर जोर



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों को प्राथमिकता दी। पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए गए और अब प्रदेश की वित्तीय स्थिति में सुधार के साथ लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान भी लगातार सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन केवल आर्थिक सुधार का अभियान नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों, पेंशनरों और आम जनता का सरकार पर विश्वास मजबूत करना भी है।

### ◆ प्रदेश सरकार का पुरानी पेंशन एरियर और वित्तीय दायित्वों के निपटारे पर फोकस

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार को आरडीजी और जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में केंद्र सरकार से लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता मिली थी, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों और पेंशनरों को छठे वेतन आयोग के एरियर सहित अन्य वित्तीय लाभ समय पर नहीं दिए गए।

## पौधों की कोशिकाओं में एक साथ बदलाव ने चेतना पर छेड़ी नई बहस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** आईआईटी मंडी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण शोध ने चेतना को लेकर नई वैज्ञानिक चर्चा को जन्म दिया है। अध्ययन के दौरान पौधों की सभी कोशिकाओं में एक साथ होने वाले बदलावों को दर्ज किया गया, जिसे शोधकर्ता चेतना से जुड़े संभावित संकेतों के रूप में देख रहे हैं। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि चेतना केवल मस्तिष्क तक सीमित नहीं होती, बल्कि प्रत्येक जीव में किसी न किसी रूप में विद्यमान रहती है। उन्होंने कहा कि शोध के दौरान पौधों की कोशिकाओं में एक साथ दिखाई दिए परिवर्तन इस पारंपरिक सोच के काफी करीब प्रतीत होते हैं। हालांकि इस विषय को लेकर अभी और गहन वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है, ताकि कोशिकीय स्तर पर चेतना की प्रकृति को बेहतर ढंग से समझा जा सके। इस महत्वपूर्ण खोज के बाद वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन का दायरा और बढ़ा दिया है। अब शोधकर्ता यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या इसी प्रकार के बदलाव अन्य जीवों में भी देखने को मिलते हैं। इसके लिए सी. एलिगेंस नामक सूक्ष्म गोलकृमि पर अध्ययन किया जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि इस जीव में भी कोशिकाओं के स्तर पर ऐसे ही परिवर्तन पाए जाते हैं, तो यह चेतना की पहचान और उसके वैज्ञानिक आधार को समझने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है। यह शोध भविष्य में जीव विज्ञान, चेतना विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।



### ◆ आईआईटी मंडी के शोध को भारतीय ज्ञान परंपरा से भी जोड़ा जा रहा

## शिक्षक पात्रता परीक्षा पर बड़ा फैसला

### 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को नहीं देनी होगी परीक्षा, भ्रम दूर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर लंबे समय से बने असमंजस को लगभग समाप्त कर दिया है। न्यायालय में दायर अपने शपथपत्र में परिषद ने स्पष्ट किया है कि 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य नहीं है। इससे हिमाचल प्रदेश सहित देशभर के हजारों शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जो अब तक अपनी सेवा सुरक्षा को लेकर असमंजस में थे।

एनसीटीई के अनुसार 3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से पूरी तरह छूट प्राप्त रहेगी। वहीं 3 सितंबर 2001 से 23 अगस्त 2010 के बीच नियुक्त शिक्षकों पर भी यह अनिवार्यता लागू नहीं होगी, क्योंकि उस समय यह व्यवस्था अस्तित्व में नहीं थी। परिषद ने साफ किया है कि बाद में बनाए गए पात्रता नियमों को पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता और उस समय के नियमों के अनुसार हुई सभी नियुक्तियां वैध मानी जाएंगी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना के माध्यम से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा को आवश्यक योग्यता घोषित किया था। इसलिए इस तिथि के बाद नियुक्त होने वाले सभी शिक्षकों के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य रहेगा। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि नियुक्ति के समय प्रभावी नियमों के आधार पर ही सेवा शर्तें तय होती हैं और बाद में बने नियमों का पुरानी नियुक्तियों पर प्रभाव नहीं डाला जा सकता।

### ये हैं नए प्रावधान

**एनसीटीई** के शपथपत्र के अनुसार 3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षकों को पूर्ण छूट मिलेगी। 3 सितंबर 2001 से 23 अगस्त 2010 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य नहीं होगी, जबकि 23 अगस्त 2010 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक रहेगा। परिषद के इस स्पष्ट रुख से लंबे समय से चल रहे विवाद पर विराम लगने और हजारों शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**सख्ती** प्रदेश सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज पोर्टलों पर कसने जा रही शिकंजा

## दुष्प्रचार करने वालों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोशल मीडिया पर बढ़ते दुष्प्रचार, भ्रामक खबरों व तथ्यहीन सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए सुक्खू सरकार अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। इस दिशा में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति की महत्वपूर्ण बैठक 30 जून को आयोजित होगी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल और फेसबुक आधारित समाचार चैनलों के लिए नई व्यवस्था और सख्त मानकों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में ऐसे प्रस्तावों पर विचार होने की संभावना है, जिनके तहत राज्य में संचालित सभी न्यूज़ पोर्टलों और सोशल मीडिया आधारित समाचार माध्यमों के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) के साथ पंजीकरण अनिवार्य किया जा सकता है। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया की चौबीसों घंटे निगरानी के लिए विशेष साइबर विंग या मॉनिटरिंग सेल के गठन, फर्जी और भ्रामक सामग्री की त्वरित पहचान तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की रूपरेखा भी तैयार की जा सकती है।

बताया जा रहा है कि हाल के वर्षों में आपदा, सरकारी भर्तियों, पेंशन योजनाओं और बजट घोषणाओं से जुड़ी भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों के प्रसार से आम लोगों में भ्रम और अनावश्यक दहशत का माहौल बना। इसी पृष्ठभूमि में सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जवाबदेही तय करने और पत्रकारिता के स्थापित मानकों को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की तैयारी में है।




### फर्जी खबरों पर सख्ती, तय होगी जवाबदेही

**सरकार** का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगाना नहीं, बल्कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, झूठी और अपुष्ट सूचनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। 30 जून की बैठक के निर्णयों पर अब मीडिया संस्थानों, डिजिटल प्लेटफॉर्म संचालकों और आम जनता की नजरें टिकी हैं, क्योंकि इन फैसलों से राज्य में डिजिटल पत्रकारिता और सोशल मीडिया संचालन के लिए नए मानदंड तय हो सकते हैं।

### ◆ पंजीकरण हो सकता है अनिवार्य कल होगी उच्चस्तरीय बैठक